kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-178 ❑ बुधवार, 30 जुलाई 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



अगर आप दोनों (सपा और कांग्रेस) ने अपने लंबे शासनकाल में बिजली की एक चौथाई भी चिंता की होती तो भाजपा को विरासत में देश और प्रदेश की ऐसी खस्ताहाल व्यवस्था नहीं मिली होती।
अरविंद कुमार शर्मा

भारत को पाकिस्तान से ज्यादा खतरा चीन से है : अखिलेश 11

अमृतसर में पांच अवैध पिस्तौल समेत हथियार तस्कर काबू 12

# सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए दुनिया के किसी नेता नहीं कहा : मोदी

## पाकिस्तान के डीजीएमओ ने गुहार लगाई- बस करो, अब ज्यादा मार झेलने की ताकत नहीं

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि दुनिया के किसी भी नेता ने पाकिस्तान में आतंकवादियों के अड्डों को ध्वस्त करने के लिए भारत की ओर से चलाए गये 'आपरेशन सिंदूर' को रोकने को नहीं कहा था।

श्री मोदी ने लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में हस्तक्षेप करते हुए यह बात कही। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दबाव में पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने के विपक्ष के आरोपों के खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान दुनिया के किसी नेता ने इसे रोकने को नहीं कहा था। इससे पहले सदन में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा था कि अमेरिकी राष्ट्रपति बार बार यह कह रहे हैं कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रुकवाई थी। उन्होंने प्रधानमंत्री से इस संबंध में स्थिति स्पष्ट करने की मांग की थी। इससे पहले भी विपक्ष श्री ट्रम्प के दावों के बीच लगातार यह मांग करता रहा है। श्री मोदी ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अमेरिका के उप राष्ट्रपति जे डी वेंस ने फोन पर हुई बातचीत के दौरान कहा था कि पाकिस्तान बहुत बड़ा हमला करने वाला है, तो मेरा जवाब था कि अगर पाकिस्तान का यह इरादा है, तो उसे बहुत महंगा पड़ेगा। हम बड़ा हमले करके जवाब देंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने ऐसा प्रचंड प्रहार किया, जिसकी पाकिस्तान ने कल्पना भी नहीं की थी। भारत ने पाकिस्तान को घुटनों पर आने को मजबूर कर दिया। भारत की कार्रवाई से बौखलाये पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशक ने इसे रोकने की गुहार लगायी। पाकिस्तान ने कहा, ल्ल बस करो, बहुत मारा, अब और नहीं, हमला रोक दो।

श्री मोदी ने कहा हमने पहले ही कहा है कि हम गोली का जवाब गोले से देंगे। आपरेशन सिंदूर के दौरान हमने पाकिस्तान की सैन्य शक्ति को तहस-नहस कर दिया था। यह हमारा जवाब था, यह हमारा जज्बा था। पाकिस्तान आज भलीभांति जान गया है कि भारत का हर जवाब पहले से ज्यादा तगड़ा होता है। भविष्य में नौबत आयी तो भारत कुछ भी कर सकता है। उन्होंने कहा कि वह लोकसभा में दोहराना चाहते हैं कि ऑपरेशन सिंदूर जारी है। पाकिस्तान भविष्य में दुःसाहस करेगा तो उसे करारा जवाब दिया जायेगा। आज का भारत आत्मविश्वास से भरा हुआ है। आत्मनिर्भरता के मंत्र को लेकर ही पूरी शक्ति के साथ देश तेज गति से आगे बढ़ेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आपरेशन सिंदूर से आतंकवादियों और उन्हें पनाह देने वाले उनके आकाओं को समझ में आ गया है कि भविष्य में कोई हमला किया गया तो उन्हें उसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी और परमाणु ब्लैकमेंलिग अब नहीं चलेगी। श्री मोदी ने कहा कि आपरेशन सिंदूर के बाद आतंकवादियों और उनके आकाओं को नींद नहीं आती है और वे भलिभांति समझ गये हैं कि यदि फिर कोई हमला किया तो भारत उनके किये की सख्त सजा देगा। आपरेशन सिंदूर ने तय कर दिया है कि भारत में आतंकी हमले की उसके आकाओं को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा ल्लआतंक के आकाओं को समझ लेना चाहिए कि यदि अब भारत में आतंकी हमला हुआ तो वह उसका अपने हिसाब से, अपने तरीके से, अपनी क्षमता के अनुसार जवाब देगा और किसी भी तरह की 'परमाणु ब्लैकमेलिंग' अब नहीं चलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के खिलाफ भारतीय सेना ने जिन निर्धारित लक्ष्यों को सटीक निशाना बनाया उसके लिए उसकी कोई भी तारीफ करना कम है। कमाल यह रहा कि पाकिस्तान के कोने कोने में भारत ने आतंक के अड्डों को ध्वस्त किया लेकिन पाकिस्तान कुछ नहीं कर सका। श्री मोदी ने कहा कि पहलगाम में आतंकवादी हमला 22 अप्रैल को हुआ था और उस पर उन्होंने सार्वजनिक रूप से कहा था कि इसका करारा जवाब दिया जाएगा। उन्होंने इस संबंध में बैठक बुलाकर साफ साफ निर्देश दिया गया था कि आतंकवाद का करारा जवाब देना है और यह उनकी सरकार का राष्ट्रीय संकल्प है।

उन्होंने कहा कि सरकार को अपनी सेना की क्षमता और ताकत पर पूरा भरोसा है इसलिए सेना को कार्रवाई की खुली छूट दी गयी और उसे यह भी कहा गया कि वह खुद तय करे कि उसे कहां, कैसे और किस तरह से जवाब देना है। उनका कहना था कि आतंकवादियों को ऐसी सजा दी गयी कि आज भी आतंकवाद के आकाओं को नींद नहीं आ रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान में आतंकवाद के अड्डों को ध्वस्त किया और उसकी परमाणु ब्लैकमेलिंग को झूठा सिद्ध किया। पाकिस्तान से परमाणु हमले की धमकी भी मिली लेकिन भारतीय सेना रुकी नहीं और सेना ने जिस तरह से उसके एअरबेस ध्वस्त किये वे आज भी जस के तस पड़े हैं। श्री मोदी ने विदेश नीति को लेकर विपक्ष के हमले का जवाब देते हुए कहा कि दुनिया में किसी भी देश ने भारत को अपनी सुरक्षा के लिए शुरु किये गये आपरेशन सिंदूर के तहत कार्रवाई करने से रोका नहीं था। संयुक्त राष्ट्र में 193 देशों में से सिर्फ तीन ने आपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के समर्थन में बयान दिया बाकी किसी भी देश ने कुछ नहीं कहा। दुनिया के देशों से भारत को ● शेष पेज 11 पर



❑ आपरेशन सिंदूर से आतंकवादियों के आका समझ गये हैं कि हमला किया तो मिलेगा करारा जवाब : प्रधानमंत्री

### नेहरू ने सिंधु झेलम की पंचायत वर्ल्ड बैंक को दी

मोदी ने कहा कि सिंधु जल समझौता नेहरू जी ने किया। हमारे यहां से निकली हुई नदियां हजारों साल से भारत की शक्ति रही हैं। सिंधु नदी जो सदियों से भारत की पहचान रही है, उसी से भारत जाना जाता था, लेकिन नेहरू जी ने सिंधु झेलम की पंचायत वर्ल्ड बैंक को दी।

### कांग्रेस को पाकिस्तान से मुद्दे आयात करने पड़ रहे हैं: मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिन्दूर को दुनिया भर से समर्थन मिला लेकिन दुर्भाग्य है देश के वीरों को अपने ही कुछ लोगों का साथ नहीं मिला। श्री मोदी ने ऑपरेशन सिन्दूर पर लोक सभा में हुई चर्चा में हस्तक्षेप करते हुए कहा कि कांग्रेस और विपक्ष के नेता देश के रक्षा मंत्री, गृह मंत्री और विदेश मंत्री के बयानों-वक्तव्यों पर भरोसा नहीं करते हैं और ऑपरेशन सिन्दूर को लेकर तरह-तरह के आख्यान गढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हालात तो ऐसे हो गये हैं कि कांग्रेस को मुद्दों के लिए पाकिस्तान पर निर्भर होना पड़ रहा है। ● शेष पेज 11 पर

### पहलगाम हमले को अंजाम देने वाले आतंकवादी मारे गये: शाह

नयी दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को लोकसभा में घोषणा की कि पहलगाम आतंकवादी घटना को अंजाम देने वाले तीनों आतंकवादी सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गये।

श्री शाह ने लोक सभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि ऑपरेशन महादेव के दौरान कल पहलगाम में 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या करने वाले आतंकवादी सुलेमान उर्फ फैसल, अफगान और जिब्रान सैन्य बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गये। उन्होंने बताया कि सुलेमान आतंकवादी संगठन लश्करे तैयबा का ए श्रेणी आतंकवादी और तथाकथित कमांडर था। अफगान और जिब्रान भी लश्करे तैयबा से जुड़े हुए एक श्रेणी के आतंकवादी थे। उन्होंने बताया कि मारे गये तीनों आतंकवादियों के पहलगाम घटना में शामिल होने की पुष्टि इन्हें पनाह देने वालों से करायी गयी है। पहलगाम हमले में इस्तेमाल हथियारों से निकले खोखे की मिलान कर लिया गया है और इसकी पुष्टि हो गयी है कि इन आतंकवादियों के कब्जे से बरामद हथियार ही पहलगाम हमले में इस्तेमाल किये गये थे। श्री शाह ने बताया कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने इन आतंकवादियों को पहलगाम घटना के बाद शरण और भोजन देने वालों को गिरफ्तार किया था। उनसे इन आतंकवादियों की पहचान करायी गयी है। इन आतंकवादियों के पास पाकिस्तान निर्मित चाकलेट बरामद की गयी थी। उन्होंने कहा कि वह पहलगाम हमले में मारे गये पर्यटकों के पीड़ित ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### महिलाओं को एक करोड़ की संपत्ति की रजिस्ट्री पर छूट का लाभ आज से

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने महिलाओं के हित में लिए गए बड़े फैसले के आधार पर उनके द्वारा एक करोड़ रुपये तक की संपत्तियों की रजिस्ट्री कराने पर एक प्रतिशत छूट का लाभ बुधवार से देने का फैसला किया है। प्रमुख सचिव स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन अमित गुप्ता ने इस संबंध में मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी है। स्टांप एवं न्यायालय शुल्क पंजीयन मंत्री रवींद्र जायसवाल ने बताया कि अधिसूचना जारी होने के बाद विभागीय अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश भेज दिया है कि एक करोड़ रुपये तक की संपत्तियों की रजिस्ट्री पर एक प्रतिशत छूट का लाभ देने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाए। इसके लिए पूर्व में जारी अधिसूचना में 10 लाख के स्थान पर एक करोड़ रुपये कर दिया गया है। पहले 10 लाख तक की संपत्तियों पर यह छूट दिया जा रहा था। उनका कहना है कि इससे महिलाओं के नाम पर संपत्तियों की रजिस्ट्रियां बढ़ेंगी और स्टांप की चोरी भी काफी हद तक रुकेगी।

### विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ चल रहे पाठ्यक्रमों की जांच होगी

**लखनऊ।** विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ चल रहे डुअल डिग्री पाठ्यक्रमों की जांच की जाएगी। डुअल डिग्री व साझा पाठ्यक्रमों के नाम पर छात्रों से ठगी नहीं हो सकेगी। लगातार आ रही शिकायतों के चलते विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने सख्ती बरतने के निर्देश दिए हैं। उत्तर प्रदेश में बड़ी संख्या में निजी विश्वविद्यालयों विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ मिलकर पाठ्यक्रम चल रहे हैं। ऐसे में अब सभी से इसका ब्योरा लिया जाएगा। यूजीसी की सूची के इतर चल रहे पाठ्यक्रम बंद होंगे और अमान्य विदेशी विश्वविद्यालयों से संबद्ध खत्म किया जाएगा। प्रदेश में 27 राज्य विश्वविद्यालय व 46 निजी विश्वविद्यालय संचालित किए जा रहे हैं।

### कम खाद आपूर्ति करने वाली कंपनियों को कृषि मंत्री ने दी चेतावनी

**लखनऊ।** कंपनियों के कम खाद आपूर्ति किए जाने के कारण किसानों को समय पर उचित मात्रा में खाद नहीं मिल पा रही है। जिलों से खाद की किल्लत की आ रही शिकायतों को देखते हुए मंगलवार को कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने स्थिति की समीक्षा की। विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में कृषि मंत्री ने समस्त उर्वरक निर्माता कंपनियों व जिलों में उसकी आपूर्ति करने वाली संस्थाओं के साथ बैठक की। उन्होंने कम खाद आपूर्ति करने वाली कंपनियों को चेतावनी दी। कृषि मंत्री ने कहा कि कम खाद आपूर्ति किए जाने के कारण ही किसानों को खाद समय पर नहीं मिल पा रही है। कृभको ने अभी तक 36 प्रतिशत, इफको ने 55 प्रतिशत, आरसीएफ ने 63 प्रतिशत और आईपीएल ने केवल आठ प्रतिशत खाद की आपूर्ति की है। लक्ष्य के सापेक्ष काफी कम आपूर्ति किए जाने पर कृषि मंत्री ने नाराजगी जताई।

# यूपी के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह को सेवा विस्तार पर संशय

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने केंद्र सरकार को लगभग 15 दिन पहले ही पत्र लिखकर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के सेवा विस्तार की मांगा था लेकिन अभी तक केंद्र सरकार की हरी झंडी नहीं मिली है। ऐसे में यूपी के सियासी गलियारें में कई तरह की चर्चाएं तेज हो गई हैं।

शासन से जुड़े सूत्रों की माने तो मनोज कुमार सिंह को सेवा विस्तार पर संशय बना हुआ है। उनको सेवा विस्तार मिलेगा, इस बात की संभावना काफी कम लग रही है। अगर उनका विस्तार नहीं होता है तो यूपी की नौकरशाही में फिर बड़े स्तर पर फ़ेरबदल होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। दरअसल मनोज कुमार सिंह 31 जुलाई को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। राज्य सरकार केंद्र से हरी झंडी मिलने का इंतजार कर रही है। हालांकि कुछ सूत्रों का ये मानना है कि सेवा विस्तार को लेकर जो भी पत्र मिलेगा वह 31 जुलाई को ही मिलने की संभावना है लिहाजा अभी इस बात पर संशय बना हुआ है कि उनको विस्तार मिलेगा या नहीं।



मनोज कुमार सिंह को 1988 बैच के आईएएस अधिकारी सिंह को दुर्गा शंकर मिश्रा के सेवानिवृत्त होने के बाद 30 जून, 2024 को मुख्य सचिव नियुक्त किया गया था। मिश्रा को भी ढाई साल का सेवा विस्तार मिला था। सूत्रों ने बताया कि हालांकि राज्य सरकार ने औद्योगिक और बुनियादी ढांचे के विकास में सिंह के योगदान का हवाला दिया है, जिसमें एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने ● शेष पेज 11 पर

## राज्य सभा में नड्डा ने खरगे से माफी मांगी

नयी दिल्ली। राज्य सभा में सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा को मंगलवार को अपने वक्तव्य के लिए विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे से माफी मांगनी पड़ी। सदन में आपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान श्री खरगे के भाषण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ की गयी टिप्पणियों पर श्री नड्डा ने आपत्ति जाहिर की। उन्होंने कहा कि श्री खरगे ने प्रधानमंत्री के लिए जिन शब्दों का उपयोग किया है वो आपत्तिजनक हैं और उन्हें कार्यवाही से हटा दिया जाना चाहिए। इसी दौरान उन्होंने श्री खरगे के लिए असंसदीय शब्दों का प्रयोग किया। इस बात पर विपक्षी सदस्यों ने सदन में हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद श्री नड्डा को अपनी गलती का अहसास हुआ और उन्होंने कहा, '' मैं अपने शब्द वापस लेता हूं।'' विपक्षी सदस्य इससे संतुष्ट नहीं हुए और उन्होंने कहा कि श्री नड्डा को नेता विपक्ष से माफी मांगनी चाहिए। तब राज्य सभा के उप सभापति हरिवंश ने श्री खरगे को बोलने का मौका दिया। इस पर श्री खरगे ने कहा कि वे कुछ मंत्रियों का आदर करते हैं जिनमें श्री नड्डा भी शामिल हैं लेकिन उन्होंने जिन शब्दों का प्रयोग किया है उसके लिए उन्हें ● शेष पेज 11 पर

# सीएम योगी का आईजीआरएस और सीएम डैशबोर्ड सिस्टम बना मॉडल

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। योगी सरकार का आईजीआरएस (इंटिग्रेटेड ग्रिवांस रिड्रेसल सिस्टम) और सीएम डैशबोर्ड सिस्टम देश भर में मॉडल के रूप में उभर कर सामने आया है। योगी सरकार के आईजीआरएस और सीएम डैशबोर्ड सिस्टम को बारीकी से समझने के लिए देश के विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि मंडल इसका अध्ययन करने आ चुके हैं।

इसी के तहत दिल्ली सरकार के अधिकारियों का एक दल इसकी बारीकियों को समझा और इसकी सराहना की। अब दिल्ली सरकार ने योगी सरकार के आईजीआरएस और सीएम डैशबोर्ड सिस्टम को अपने प्रदेश में लागू करने का निर्णय लिया है ताकि नागरिकों की शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निपटारा सुनिश्चित कर सकें। साथ ही विकास कार्यों के प्रगति और उसकी गुणवत्ता की मॉनीटरिंग कर सकें। बारीकियों को समझने राजधानी आए थे दिल्ली सरकार के अधिकारी योगी सरकार ने कुछ माह पहले दिल्ली में आईजीआरएस और सीएम डैशबोर्ड सिस्टम का प्रेजेंटेशन दिया था। इस दौरान दिल्ली सरकार के अधिकारी भी मौजूद रहे। उन्हें आईजीआरएस और सीएम डैशबोर्ड सिस्टम की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी, जो उन्हें काफी पसंद आयी। उन्होंने योगी सरकार के मॉडल को देखा और इसकी उन्नत तकनीकी कार्यप्रणाली की सराहना की। इसके बाद दिल्ली सरकार के अधिकारियों का एक दल राजधानी लखनऊ आया। दिल्ली सरकार के अधिकारियों ने दो दिवसीय दौरे के दौरान आईजीआरएस और सीएम डैशबोर्ड सिस्टम की बारीकियों को समझा। दल ने प्रणाली के प्रशासनिक और तकनीकी पहलुओं का गहन अध्ययन ● शेष पेज 11 पर

❑ आईजीआरएस और सीएम डैशबोर्ड की सफलता को देख, दिल्ली सरकार ने अपनाने का लिया फैसला

❑ सीएम योगी ने प्रदेशवासियों की समस्या का समयबद्ध निस्तारण और विकास कार्यों की मॉनीटरिंग के लिए लागू किया था सिस्टम

❑ आईजीआरएस और सीएम डैशबोर्ड की कार्यप्रणाली को समझने के लिए कुछ माह पहले दिल्ली सरकार के अधिकारी आए थे राजधानी




# मतदाता सूची से बड़े पैमाने पर नाम हटाए जाते हैं, तो हम हस्तक्षेप करेंगे : न्यायालय

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि निर्वाचन आयोग एक संवैधानिक प्राधिकरण है और इसे कानून के अनुसार कार्य करने वाला माना जाता है, लेकिन बिहार में यदि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम हटाए जाते हैं, तो न्यायालय हस्तक्षेप करेगा।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने बिहार में निर्वाचन आयोग की एसआईआर प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर विचार करने के लिए समयसीमा तय करते हुए कहा कि इस मुद्दे पर सुनवाई 12 और 13 अगस्त को होगी। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने एक बार फिर आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग द्वारा एक अगस्त को प्रकाशित की जाने वाली मसौदा सूची से लोगों को बाहर रखा जा रहा है, जिससे वे मतदान का अपना महत्वपूर्ण अधिकार खो देंगे। भूषण ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने एक बयान जारी कर कहा है कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान 65 लाख लोगों ने गणना प्रपत्र जमा नहीं किए हैं, क्योंकि वे या तो मृत हैं या स्थायी रूप से कहीं और स्थानांतरित हो गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इन लोगों को मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए फिर से आवेदन करना होगा। इस पर न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, ''भारत का निर्वाचन आयोग एक संवैधानिक प्राधिकरण है और यह इसे कानून के अनुसार कार्य करने वाला माना जाता है। यदि कोई गड़बड़ी होती है, तो आप अदालत का ध्यान उस ओर आकर्षित करें, हम आपकी बात सुनेंगे। न्यायमूर्ति बागची ने भूषण से कहा, ''आपको आशंका है कि ये लगभग 65 लाख मतदाता प्रारंभिक सूची में शामिल नहीं होंगे। अब निर्वाचन आयोग मतदाता सूची में सुधार की प्रक्रिया कर रहा है। हम एक न्यायिक प्राधिकरण के रूप में इस प्रक्रिया की निगरानी कर रहे हैं। यदि बड़े पैमाने पर नामों को हटाया जाता है, तो हम तुरंत हस्तक्षेप करेंगे। आप ऐसे 15 लोगों को लेकर आइए, जिन्हें मृत बताया गया है, लेकिन वे जीवित हैं। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सांसद मनोज झा की ओर से पेश हुए सिब्बल ने कहा कि निर्वाचन आयोग जानता है कि ये 65 लाख लोग कौन हैं और यदि वे मसौदा सूची में उनके नाम का उल्लेख करते हैं, तो किसी को कोई आपत्ति नहीं होगी। इस पर न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, ''अगर मसौदा सूची में इन नामों का स्पष्ट रूप से कोई उल्लेख नहीं है, तो आप हमें सूचित करें। वहीं, निर्वाचन आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने कहा कि यह मसौदा सूची प्रकाशित होने के बाद भी गणना प्रपत्र भरे जा सकते हैं। पीठ ने याचिकाकर्ताओं और निर्वाचन आयोग से आठ अगस्त तक अपनी लिखित दलीलें दाखिल करने को कहा। पीठ ने ● शेष पेज 11 पर



### राष्ट्रपति के संदर्भ की जांच 19 अगस्त से:सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि राज्य विधानसभाओं की ओर से पारित विधेयकों को मंजूरी देने की समय सीमा तय करने संबंधी राष्ट्रपति के संदर्भ की जांच 19 अगस्त से शुरू की जायेगी। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई, न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति ए एस चंदुरकर की संविधान पीठ ने सुनवाई की तारीखें तय करते हुए सभी पक्षों से 12 अगस्त तक लिखित दलीलें पेश करने को कहा। न्यायमूर्ति गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि अदालत शुरुआत में केरल, तमिलनाडु और अन्य की सुनवाई करने की विचारणीयता के मुद्दे पर दलीलें सुनेगी।शीर्ष अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं को दलीलें पेश करने के लिए चार-चार दिन का समय देने के सुझाव पर सहमति जताई। पीठ ने कहा, ''शुरुआत में हम प्रारंभिक आपत्ति पर एक घंटे तक पक्षकारों की सुनवाई करेंगे। उसके बाद, हम 19, 20, 21, 26 अगस्त को संदर्भ का समर्थन करने वाले अटॉर्नी जनरल और केंद्र सरकार की सुनवाई शुरू करेंगे।संदर्भ का विरोध करने वाले पक्षों की सुनवाई 28 अगस्त, और दो , तीन तथा नौ सितंबर को होगी। यदि कोई प्रत्युत्तर होगा, तो उस पर 10 सितंबर को सुनवाई होगी।'' न्यायालय ने केंद्र और संदर्भ का विरोध करने वाले पक्षों की ओर से अधिवक्ता अमन मेहता और मीशा रोहतगी को नोडल अधिवक्ता नियुक्त किया।कार्यवाही के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पीठ के समक्ष कहा कि प्रत्येक पक्ष को बहस के लिए चार दिन का समय दिया जाना चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने राज्य विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों पर राज्यपालों और राष्ट्रपति द्वारा कार्रवाई करने के लिए समय सीमा निर्धारित करने से संबंधित राष्ट्रपति संदर्भ पर केंद्र और सभी राज्य सरकारों को 22 जुलाई को नोटिस जारी किया था। केरल और तमिलनाडु ने इस संदर्भ का विरोध करते हुए तर्क दिया कि यह आठ अप्रैल, 2025 के शीर्ष अदालत के संबंधित फैसले को रद्द करने का प्रयास करता है, जिसमें स्वीकार नहीं किया जा सकता।तमिलनाडु मामले में आठ अप्रैल, 2025 के फैसले के बाद 13 मई, 2025 को संदर्भ प्रस्तुत किया गया था। राष्ट्रपति द्वारा संविधान के अनुच्छेद 143(1) के तहत शक्ति का प्रयोग करते हुए यह संदर्भ ● शेष पेज 11 पर

# भारत ने मिसाइल 'प्रलय' का परीक्षण किया

एजेंसी

बालासोर/नयी दिल्ली। भारत ने पारंपरिक युद्ध सामग्री ले जाने में सक्षम नयी विकसित सामरिक मिसाइल 'प्रलय' का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस मिसाइल का परीक्षण सोमवार और मंगलवार को ओडिशा तट के पास 'एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप' से किया गया। 'प्रलय' एक कम दूरी की सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल है, जिसकी 'पेलोड' क्षमता 500 से 1,000 किलोग्राम तक है। 'पेलोड' क्षमता का अर्थ है कि कोई मिसाइल, रॉकेट, ड्रोन या विमान अधिकतम कितने भार का विस्फोटक, उपकरण या सामग्री अपने लक्ष्य तक ले जा सकता है। यह मिसाइल पारंपरिक युद्ध सामग्री ले जाने में सक्षम है और इसकी मारक क्षमता 150 से 500 किलोमीटर है। इसे रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित किया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सफल उड़ान परीक्षण के लिए डीआरडीओ, सशस्त्र बलों और उद्योग की सराहना करते हुए कहा कि आधुनिक प्रौद्योगिकियों से लैस मिसाइल से सशस्त्र बलों को खतरों के खिलाफ और तकनीकी बढ़ावा मिलेगा। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि मिसाइल प्रणाली की अधिकतम और न्यूनतम रेंज क्षमता की पुष्टि करने के लिए उपयोगकर्ता मूल्यांकन परीक्षणों ('यूजर इवाल्यूएशन ट्राइल') के एक भाग के रूप में उड़ान परीक्षण किए गए थे। इसने कहा कि मिसाइलें निर्धारित दिशा में सटीक रूप से आगे बढ़ीं ● शेष पेज 11 पर



# सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज और विन्ध्यांचल मंडल के जनप्रतिनिधियों संग की समीक्षा बैठक

**मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों से उनके क्षेत्रों की विकासात्मक प्राथमिकताओं, जन अपेक्षाओं और भौगोलिक आवश्यकताओं पर सीधे संवाद किया**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को प्रयागराज सर्किट हाउस में प्रयागराज और विन्ध्याचल मंडल के सांसदों, विधायकों और विधान परिषद सदस्यों के साथ क्षेत्रीय विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों से उनके क्षेत्रों की विकासात्मक प्राथमिकताओं, जन अपेक्षाओं और भौगोलिक आवश्यकताओं पर सीधे संवाद किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सभी क्षेत्रों में संतुलित विकास सुनिश्चित करने हेतु प्रतिबद्ध है।समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन पर मुख्यमंत्री का जोरमुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग, नगर विकास विभाग और धर्मार्थ कार्य विभाग को निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत प्राथमिकता वाले प्रस्तावों पर शीघ्र सर्वेक्षण कर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने ब्लॉक मुख्यालयों, धार्मिक स्थलों तक संपर्क मार्ग, फ्लाईओवर, सेतु, आरओबी, अंडरपास, सिंचाई अवसंरचना, और पर्यटन स्थलों के विकास को प्राथमिकता देने को कहा। मुख्यमंत्री ने सिंगल कनेक्टिविटी वाली सड़कों और ब्लैक स्पॉट्स को शत-प्रतिशत प्राथमिकता देने, अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने तथा शिलापट्टों पर जनप्रतिनिधियों के नाम अनिवार्य रूप से अंकित करने के निर्देश भी दिए।पर्यटन संवर्धन और स्थानीय सहभागिता को मिली अहमियतबैठक में मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री पर्यटन संवर्धन योजना के तहत प्रयागराज सहित अन्य क्षेत्रों में बुनियादी पर्यटन सुविधाओं के विस्तार की आवश्यकता बताई। उन्होंने निर्देश दिए कि 15 सितंबर के बाद विकास कार्यों से संबंधित परियोजनाओं का भूमिपूजन व शिलान्यास सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा की कि वे अपने क्षेत्रों में प्रस्तावित कार्यों की सतत निगरानी करते हुए स्थानीय जनभावनाओं के अनुरूप योजनाओं को आकार दिलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।इस बैठक में कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', राज्य मंत्री संजीव गोंड, महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वी.के. सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# मनीष कुमार वर्मा बने प्रयागराज के नए जिलाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । उत्तर प्रदेश शासन ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी मनीष कुमार वर्मा को प्रयागराज का नया जिलाधिकारी नियुक्त किया है। यह उनका लगातार चौथा कलेक्टर पद है। इससे पहले वह कौशांबी, जौनपुर और गौतमबुद्ध नगर जैसे महत्वपूर्ण जिलों में भी डीएम के पद पर कार्य कर चुके हैं।2011 बैच के आईएएस अधिकारी मनीष कुमार वर्मा को प्रशासनिक सेवा में उनके अनुशासन, दक्षता और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है। विशेषकर शासन-प्रशासन के बीच समन्वय बनाने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में उनकी भूमिका उल्लेखनीय रही है।प्रयागराज एक ऐतिहासिक, धार्मिक और प्रशासनिक दृष्टि से संवेदनशील जिला है, जहां कुंभ, माघ मेले, उच्च न्यायालय व विश्वविद्यालयों के संचालन के साथ-साथ विभिन्न बुनियादी विकास परियोजनाओं की निगरानी भी अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। ऐसे में श्री वर्मा जैसे अनुभवी अधिकारी की नियुक्ति को शासन का रणनीतिक और दूरदर्शी कदम माना जा रहा है।श्री वर्मा की नियुक्ति से प्रशासनिक अमले और शहरवासियों में नई ऊर्जा और उम्मीद का संचार हुआ है। माना जा रहा है कि उनकी नेतृत्व क्षमता और सुशासन की सोच के तहत प्रयागराज में जनहित से जुड़ी योजनाओं को गति मिलेगी और जिले में विकास कार्यों को एक नई दिशा प्राप्त होगी।

## मिलेट्स फसलों पर ऑनसाइट अध्ययन के लिए प्रशिक्षण बस रवाना




रायबरेली । उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरुद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत मिलेट्स फसलों पर उत्कृष्ट पद्धतियों की ऑनसाइट अध्ययन (एक्स्पोज़र विजिट) के लिए एक प्रशिक्षण बस को विकास भवन से रवाना किया गया। यह बस जनपद के 51 किसानों को जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर (म.प्र.) लेकर जाएगी जहां पर किसान भाई मिलेट्स फसलों पर जानकारी हासिल करेंगे। पीडी सतीश प्रसाद मिश्रा और उप कृषि निदेशक विनोद कुमार ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि रायबरेली के किसान विश्वविद्यालय जबलपुर में मिलेट्स उगाने की बारीकियों का अध्ययन करेंगे व प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे साथ ही मोटे अनाज के बीज भी लेकर आएंगे। उप कृषि निदेशक ने बताया कि इससे न केवल किसान भाइयों को लाभ होगा बल्कि लोगो को भी आसानी से मिलेट्स प्राप्त हो सकेगा। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी अखिलेश पांडे, जिला भूमि संरक्षण अधिकारी जगदीश प्रसाद यादव, जी सी सिंह चौहान सहित जनपद के किसान भाई भी उपस्थित रहे।

## विकास प्राधिकरण में ऊर्ज़ा संरक्षण भवन संहिता पर हुआ प्रशिक्षण

अयोध्या । ऊर्ज़ा संरक्षण भवन संहिता (ई0सी0बी0सी0) पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को अयोध्या विकास प्राधिकरण के सभागार में विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अश्वनी कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में किया गया।इस अवसर पर उपाध्यक्ष अश्वनी पाण्डेय ने कहा कि ई0सी0बी0सी0 को भवन उपविधियों में शामिल कर दिया गया है, इसलिये अयोध्या विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत बनने वाले भवनों में ई0सी0बी0सी0 लागू करने से सम्बन्धित प्रक्रियाओं, डिजायन दृष्टिकोण एवं ऊर्ज़ा बचत को लागू किया जाय, जिससे कि ई0सी0बी0सी0 से उत्तर प्रदेश बिल्डिंग कोड को अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा लागू किया जाए। प्रशिक्षण कार्यक्रम ई0सी0एस0बी0सी0 सेल उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्ज़ा विकास अभिकरण (यूपीनेडा) एवं उत्तर प्रदेश सतत विकास एजेन्सी यूपीएसवीए द्वारा आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में सचिव, अयोध्या विकास प्राधिकरण, परियोजना अधिकारी यूपीनेडा के अलावा अयोध्या विकास प्राधिकरण के अधिकारियों, अभियन्ताओं, वास्तुविद एवं विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।

## मृत कर्मचारी के उत्तराधिकारी को बर्खास्तगी आदेश पर सवाल उठाने का अधिकार

प्रयागराज । इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक आदेश में कहा है कि मृत कर्मचारी के उत्तराधिकारी को बर्खास्तगी आदेश पर सवाल उठाने का अधिकार है। कोर्ट ने कहा कि कर्मचारी की मृत्यु पर विभागीय अपील स्वतः समाप्त नहीं होती, क्योंकि सेवानिवृति के बाद मिलने वाले लाभों से वंचित करने का परिणाम उत्तराधिकारियों पर पड़ता है।न्यायमूर्ति अजित कुमार ने कहा कि कोई कर्मचारी किसी ऐसे प्रतिष्ठान में कार्यरत है, जो पेंशन योग्य है और जहां पारिवारिक पेंशन के अधिकार आश्रितों के पास निहित हैं या अन्यथा, जहां देय राशि कर्मचारी के आश्रितों को उत्तराधिकार में प्राप्त होती है तो ऐसा वाद का कारण तब तक बना रहेगा, जब तक अंतिम उपलब्ध वैधानिक उपाय समाप्त न हो जाए। उत्तराधिकारी अनुशासनात्मक प्राधिकारी के आदेश पर सवाल उठाने का हकदार है क्योंकि इसके गंभीर प्रतिकूल नागरिक परिणाम हो सकते हैं और उत्तराधिकारी अनुकम्पा नियुक्ति के अधिकार सहित सेवानिवृत्ति के बाद की देय राशि से वंचित किया जा सकता है।मामले के तथ्यों के अनुसार याची मुन्नी देवी ने याचिका दाखिल कर वाराणसी कमिश्नर के गत आठ जनवरी के आदेश को चुनौती दी। इस आदेश से उसके पति की विभागीय अपील इस आधार पर खारिज कर दी गई कि उसके पति की मृत्यु हो चुकी है। याची की ओर से कहा गया कि सेवा न्यायशास्त्र के मामले में कोई उपशमन कानून लागू नहीं होता। उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियम 1999 के नियम 11 का हवाला देते हुए तर्क दिया गया कि इसमें उपशमन का कोई प्रावधान नहीं है। कोर्ट ने पाया कि दोषी कर्मचारी के अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष उपस्थित होने का कोई नियम नहीं है। कोर्ट ने माना कि कर्मचारी-नियोक्ता संबंध अनुबंध की समाप्ति के साथ समाप्त हो जाता है लेकिन यह भी माना कि किसी प्रतिस्थापन की आवश्यकता नहीं है क्योंकि सेवा कानून में कानूनी उत्तराधिकारी स्वतः ही कर्मचारी का बकाया प्राप्त करने में सफल हो जाते हैं।कोर्ट ने कहा कि अपीलीय प्राधिकारी द्वारा दीवानी कानून के सिद्धांतों का पालन करते हुए अपील खारिज करना उचित नहीं था क्योंकि किसी पक्ष की मृत्यु के बाद कार्रवाई योग्य दावा तब समाप्त हो जाता है, जब उत्तराधिकारी उसी पर आगे न बढ़ें। कोर्ट ने मंडलायुक्त वाराणसी के आदेश को निरस्त कर दिया। साथ ही मृत कर्मचारी की विभागीय अपील इस निर्देश के साथ अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष पुनःस्थापित करते हुए कहा कि आदेश की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करने की तिथि से अधिकतम दो माह की अवधि के भीतर उसका गुण-दोष के आधार पर निस्तारण किया जाए।

## आधुनिक सुविधाओं से युक्त परिषदीय विद्यालय निजी स्कूलों को दे रहे हैं चुनौती : बीएसए

कानपुर । अब परिषदीय विद्यालय केवल नाममात्र के शैक्षिक केंद्र नहीं रह गए हैं। आधुनिक सुविधाओं, शिक्षकों के समर्पण और नवाचारों के चलते ये स्कूल निजी संस्थानों को कड़ी चुनौती दे रहे हैं। कल्याणपुर विकास खंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय लोधवाखेड़ा और कटरी शंकरपुर सराय इसी परिवर्तन की मिसाल बनते जा रहे हैं। इन विद्यालयों ने यह प्रमाणित किया है कि जब शिक्षक समर्पण और नवाचार के साथ कार्य करते हैं तो सरकारी स्कूल विकल्प नहीं, बल्कि पहली पसंद बन जाते हैं। यह बातें मंगलवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने कही।लोधवाखेड़ा स्थित विद्यालय में बीते तीन वर्षों से छात्र संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। वर्ष 2023-24 में जहां 117 छात्र पंजीकृत थे, वहीं 2024-25 में यह आंकड़ा बढ़कर 122 हो गया। वर्तमान सत्र में कुल 129 विद्यार्थी नामांकित हैं। यह रुझान दर्शाता है कि अब अभिभावक पुनः परिषदीय शिक्षा व्यवस्था पर भरोसा करने लगे हैं।सदर उपजिलाधिकारी अविचल प्रताप सिंह ने भी विद्यालय का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा संचालित इको क्लब का अवलोकन किया। दीवारों पर उकेरे गए पर्यावरण संदेश, सजे-संवरे गमले और बच्चों की सक्रिय भागीदारी देखकर उन्होंने प्रसन्नता जताई। उन्होंने कहा कि विद्यालय में पर्यावरण चेतना को जीवनशैली का हिस्सा बनाना एक प्रशंसनीय पहल है।

# विद्युत चोरी पर शिकंजा, 8 लोगों पर हुई एफ़आईआर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश शासन एवं पावर कारपोरेशन प्रबन्धन द्वारा विद्युत हानियों को रोकने की दिशा में गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को लखनऊ मध्य क्षेत्र के मुख्य अभियंता रवि कुमार अग्रवाल व चौक मंडल के अधिक्षण अभियंता रमेश चन्द्र पाण्डेय के निर्देश पर राजधानी लखनऊ के अति संवेदनशील एवं सघन आबादी वाले क्षेत्रों में सुबह 5 बजे से 8 बजे तक विद्युत चोरी के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अधिक्षण अभियंता रमेश चन्द्र पाण्डेय ने बताया की यह अभियान विद्युत नगरीय वितरण मंडल चौक के अंतर्गत खण्ड चौक में संचालित किया गया था। जिसमें टुरियागंज, बलोचपुरा इलाके में कुल 14 बिजली कनेक्शनों की गहन जांच की गई। जांच के दौरान विद्युत विभाग की टीम ने लो-कन्सम्प्शन, टैम्पर्ड मीटर, अवैध कटिया कनेक्शन और मीटर बाईपास जैसे तरीकों से की जा रही बिजली चोरी की बारीकी से पड़ताल की। कुछ उपभोक्ता डायरेक्ट केबिल डालकर तथा मीटर बाईपास कर बिजली चोरी करते हुए मौके पर पकड़े गए, जबकि कई उपभोक्ता चोरी के साक्ष्यों को मौके पर ही मिटाने का प्रयास करते हुए भी देखे गए। विभाग की इस कार्रवाई में 8 उपभोक्ताओं के विरुद्ध विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत थाना एंटी पावर थेफ्ट में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है जिनमे मोहम्मद युसूफ, जुल्फिकार, हसन अब्बास,चंदा, ताज़ बानो, इशरत जहां, नासिर, दिलीप उपभोक्ताओं के नाम शामिल है। रमेश चन्द्र पाण्डेय ने स्पष्ट किया है कि हाई लाइन लॉस फीडरों की लाइन हानियों को कम करने और विद्युत चोरी पर प्रभावी नियंत्रण पाने हेतु यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# एसडीएम आम नागरिक की तरह इलाज कराने पहुँचे सीएचसी

**कोराव मरीजो से पूछताछ कर जानी हकीकत**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोराव, प्रयागराज। मंगलवार को अचानक नवांगतुक एसडीएम संदीप तिवारी खुद बुखार से पीड़ित थे इलाज कराने सीएचसी कोराव मोटर साइकिल से अपना सरकारी वाहन सुरक्षा गार्ड हॉस्पिटल के बाहर गाँधी चौराहा कोराव पर रोककर अस्पताल पहुच गए अपना ओपीडी पर्चा खुद लाइन लगकर खिड़की के पास बनवाकर डॉ राजेश कुमार को दिखाए डॉ ने बाहर की दवा एसडीएम साहब को भी आम मरीजो की तरह लिख दिए यह भी बताए कि किस मेडिकल स्टोर में बाहर दवा मिलेगी साथ ही हॉस्पिटल का साफ सफाई रख रखाव वार्ड शौचालय एक्सरे रूम समेत अन्य कक्षो का निरीक्षण किये वहाँ पर कई मरीजो को बाहर की पर्चा के पीछे लिखी दवा व मौके पर मरीजो द्वारा खरीदी गई दवा साफ सफाई बेड में चादर नही कुर्सी टूटी व्यवस्था देख एसडीएम ने काफी नाराजगी जाहिर की साथ ही पैथॉलजी कई दिनों से बंद होने की बात बताया गया थोड़ी देर बाद एक लोगो ने एसडीएम को पहचान लिया जैसे ही हॉस्पिटल को पता लगा कि एसडीएम कोराव है हाथ पांव फूलने लगे अधूरी अब्यवस्था को जल्दी जल्दी ठीक कराने में जुट गए अधीक्षक मौके पर नही थे एसडीएम ने बताया कि जाँच आख्या विभाग के उच्चाधिकारियों को प्रेषित किया जाएगा और नियमित सीएचसी पीएचसी का निरीक्षण करुगा जिससे जनता को सरकार की मनसा अनुसार इलाज मुहैया हो सकेवर्जनमैं न्यायालय साक्ष्य में गया था हाल ही में मैने चार्ज लिया है नियमित साफ सफाई कराया जाता है अधिकांस दवा सीएचसी से ही दिया जाता है मरीज के बार बार आग्रह कहने के बाद ही किसी को बाहर की दवा ड्यूटी डॉ द्वारा लिखी जाती है पूर्व बिगड़ी ब्यवस्था को जब से मैं आया हु ब्यवस्था को सुधारने में पूरी तरह से लगा हु बारिस हो जाने के कारण पानी हर कमरो में भर गया था सुखाने के लिए दवा का डिब्बा बिखेरा गया रहा होगा जो अब्यवस्था थोड़ा बहुत है जल्द ही ठीक कराया जाएगाकेबी सिहअधीक्षक सीएचसी कोराव प्रयागराज

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत 980 ग्राम पंचायतों में चल रहा वृहद स्वच्छता अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अन्तर्गत जनपद की समस्त 980 ग्राम पंचायतों में 01 जुलाई से 31 जुलाई, 2025 तक वृहद स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें रोस्टर लगाकर सफाई कर्मचारियों के माध्यम से झाड़ी कटाई, नाली सफाई, एन्टीलार्वा एवं दवा का छिड़काव फॉगिंग आदि का कार्य कराया जा रहा है। जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्य शील सिंह ने बताया है कि 01 से 29 जुलाई 2025 तक कुल 29 दिवस में जनपद के 910 ग्राम पंचायतों में 1591 सफाई कर्मचारियों द्वारा कुल 5816 स्थलों पर झाड़ी कटाई, नाली सफाई, एन्टीलार्वा एवं दवा का छिड़काव, फॉगिंग आदि का कार्य किया गया, साथ ही साफ-सफाई के दौरान ग्राम पंचायत से निकलने वाले कूड़े को ई-रिक्शा के माध्यम से एकत्रित कर निस्तारित कराये जाने के साथ-साथ ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया है कि साफ-सफाई हेतु रोस्टर के अनुसार लगाये गये कर्मचारियों के कार्यों का जिला सलाहकार स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0) द्वारा रैण्डम आधार पर भी निरीक्षण किया गया तथा क्रास वेरीफिकेशन हेतु अन्य विकास खण्डों के सहायक विकास अधिकारी (पं0) को नामित किया गया है, जिनके द्वारा प्रतिदिन स्थलीय निरीक्षण करते हुए कराये गये कार्यों एवं नामित कर्मचारियों की उपस्थिति का अनुश्रवण किया जा रहा है। जिसमें किसी भी कर्मचारी के कार्यक्षेत्र से अनुपस्थित होने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। जिसके परिणाम स्वरूप कर्मचारियों द्वारा उपस्थित रहकर टीम भावना के साथ ग्राम पंचायत में झाडी कटाई, नाली सफाई, एन्टीलार्वा एवं दवा का छिड़काव फॉगिंग आदि का कार्य किया जा रहा है।

## किसी भी महिला के पहनावे पर टिप्पणी करना गलत : रीता बहुगुणा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फिरोजाबाद । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता रीता बहुगुणा जोशी ने कहा कि किसी भी महिला के पहनावे पर टिप्पणी करना पूरी तरह गलत है।भाजपा नेता मंगलवार को फिरोजाबाद में एक निजी कार्यक्रम में पहुंचीं थी। यहां पर उन्होंने मीडिया से बात करते हुए धर्म परिवर्तन समेत कई मुद्दों पर खुलकर बात की। समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव पर की गई अभद्र टिप्पणी पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि मैं महिला आंदोलन से निकली हूं। किसी भी महिला के पहनावे पर टिप्पणी करना पूरी तरह गलत है। यह मानसिकता पुरुष प्रधान सोच की उपज है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे हैं। महिलाओं के भी अपने अधिकार है।उन्होंने कहा कि स्वेच्छा से धर्म परिवर्तन करना सभी का अधिकार है।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्न लिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 20.08.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 08802025 दिनांक 29.07.2025 |
| 2 | निविदा सख्या | 13/ Sr.DEN-I/LKO/2025-26, 14/Sr.DEN-I/LKO/2025-26 |
| 3 | कार्य का नाम | 1. सहायक मण्डल इंजीनियर/प्रथम/लखनऊ के अधीन आलमनगर–लखनऊ–उतरेटिया– ट्रांसपोर्टनगर–उतरेटिया बाईपास सेक्शन में खतरनाक पेड़ों के तने और शाखाओं की छंटाई और कटाई। 2. वरि. खण्ड अभियन्ता/कार्य/आलमबाग–पूर्व लखनऊ के खण्ड में एसआईओ कार्यालय डीजल शेड के सामने 05 कमरों के साथ नए शेड का निर्माण और डीजल शेड आलमबाग लखनऊ में शेड विस्तार के साथ बोगी अनुभाग और उप–असेंबली के एपोक्सी फ्लोरिंग का कार्य। |
| 4 | अनुमानित लागत | 1. Rs. 6,43,460.95 2. Rs. 7,94,66,511.54 |
| 5 | धरोहर राशि | 1. Rs. 12,900.00 2. 5,47,300.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | क्र. सं. 01 के लिये: स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से तीन माह। क्र. सं. 02 के लिये: स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 06.08.2025 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 20.08.2025 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

नोट : निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 2313/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# एसडीएम ने घटना का संज्ञान लेकर परिजनों से व्यक्त की संवेदना

**परिवारिकजनों को हर संभव मदद दिलाये जाने का दिलाया भरोसा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली । उप जिलाधिकारी डलमऊ अहमद फरीद खान ने आज पूर्वान्ह में विद्युत का तार गिरने से करेंट की चपेट आने से रामू (उम्र 45 वर्ष) पुत्र सत्य नारायण ग्राम-रामपुर, मजरा ऐहार, थाना लालगंज जिला रायबरेली की मृत्यु होने का संज्ञान लेकर मौके पर पहुंचकर मृतक के परिवारिकजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की और उन्हें इस दुख की घड़ी में सांत्वाना दी। उन्होंने परिवारिकजनों को हर संभव मदद दिलाये जाने का भरोसा दिलाया।उन्होंने बताया कि मृतक के परिवारिकजनों को कृषक दुर्घटना बीमा योजना का लाभ दिलाये जाने हेतु कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गयी है तथा विद्युत विभाग के अधिकारियों को भी मौके पर बुलाकर घटना का संज्ञान लेकर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। शव को पोस्टमार्टम कराये जाने हेतु भिजवा दिया गया है।

# आशुलिपिक पद पर सेवानिवृत्त इच्छुक कर्मचारी 8 अगस्त तक कर सकते है आवेदन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली । पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण डी.के. तिवारी ने बताया है कि मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, रायबरेली के न्यायालय के संचालन हेतु उत्तर प्रदेश परिवहन अनुभाग -3 द्वारा सेवानिवृत्त कार्मिकों आशुलिपिक के पद पर संविदा के आधार पर रखे जाने हेतु निर्णय लिया गया है कि सेवानिवृत्त कार्मिकों को संविदा के रूप में मिलने वाली राशि संबंधित कार्मिक के अंतिम आहरण वेतन में से शुद्ध पेंशन की धनराशि (राशिकरण के पूर्व यदि को हो) को घटाने पर प्राप्त होने वाली राशि के बराबर होगी। इसके लिए प्रत्येक जनपद में पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। चयन के समय न्यायालीय कार्यों से भिज्ञ सेवानिवृत्त कार्मिकों को वरीयता दी जायेगी। पूर्णकालिक/सेवा स्थानांतरण /प्रतिनियुक्ति कार्मिकों की तैनाती होने के उपरान्त उक्त व्यवस्था स्वतः समाप्त समझी जायेगी। उन्होंने बताया है कि इसी क्रम में इस न्यायालय में तैनात आशुलिपिक की आयु 65 वर्ष पूरी होने के उपरान्त 30 जून 2024 को उनका कार्यकाल पूरा हो गया।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/ पी.एस. उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ - उ.रे. - मण्डल - वाणिज्य/ उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./ लॉट सं. | PARKING-LK0-BSB-MX-164-25-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 28.07.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.08.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.08.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी सूची सं./ लॉट सं. | PARKING-LKO-BSB-MX-152-24-3 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.07.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 11.08.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 11.08.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E- Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2306/2025

# सम्पत्ति विवाद में बहन के सामने भाई की निर्मम हत्या, आरोपी फ़रार

## रहीमाबाद में देर रात घर में घुसकर धारदार हथियार और ईंट से युवक की हत्या, 6 नामजद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रहीमाबाद/लखनऊ। संपत्ति विवाद में देर रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। विवाद के चलते घर में घुसे दबंगों ने अमन दीक्षित 32 वर्ष की धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले के दौरान युवक की बहन राधिका ने बीच-बचाव की कोशिश की तो आरोपियों ने उसे धक्का दे दिया और अमन का सिर ईंट से कुचकर मौत के घाट उतार दिया। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और 6 लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित पिता सुशील दीक्षित के अनुसार, सोमवार रात करीब दो बजे पूरा परिवार घर में सो रहा था। इसी दौरान दरवाजे पर दस्तक हुई। बेटी राधिका ने जैसे ही दरवाजा खोला, पंकज दीक्षित सहित अन्य रिश्तेदार धारदार हथियारों से लैस होकर घर में घुस आए और मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव कर रहे अमन पर आरोपियों ने ताबड़तोड़ वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल अमन



जब मदद के लिए चीखने लगा, तो बहन राधिका ने बचाने का प्रयास किया, लेकिन उसे धक्का देकर गिरा दिया गया। इसके बाद अमन का सिर ईंट से कुच दिया गया। एक सप्ताह पूर्व भी आरोपियों ने उनके परिवार के साथ मारपीट की थी, जिसकी लिखित शिकायत रहीमाबाद थाने में की गई थी, लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। इससे आरोपियों के हौसले बुलंद हो गये थे। अगर समय रहते आरोपियों पर कार्यवाही की गई होती तो आज मेरा बेटा ज़िंदा होता। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक आनंद द्विवेदी ने बताया कि मृतक के पिता सुशील दीक्षित की तहरीर पर पंकज, मंजू दीक्षित, नीरज दीक्षित, सपना दीक्षित, कल्पना दीक्षित और विमलेश दीक्षित के खिलाफ हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं और फॉरेंसिक टीम भी जांच में जुटी है। आरोपियों की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के अन्य पहलुओं के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# लोधी महासभा द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। युवा लोधी महासभा के तत्वाधान में गिरिराज कैफ़े बैंकट हॉल रेस्टोरेंट, नियर एस0के0डी0 स्कूल, रायबरेली रोड़, लखनऊ पर सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल एवं विशिष्ट अतिथि नेता विरोधी दल माता प्रसाद पाण्डेय उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक रेखा वर्मा ने की एवं संचालन जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान ने किया। कार्यक्रम का आयोजन समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव गिरधारी लाल लोधी ने किया।

बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने कहा कि हम लोधी समाज को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे। लोधी समाज को एकजुट होकर बूथों को मजबूत करके समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का आवाह्न किया और साथ ही कहा कि समाजवादी पार्टी लोधी समाज के अधिकारों की लड़ाई लड़ेगी।

बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष सी0एल0 वर्मा, जिला अध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त', पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह 'पुष्कर', पूर्व महानगर अध्यक्ष सुशील दीक्षित, वरिष्ठ नेता भरत यादव, जिला उपाध्यक्ष बचान सिंह यादव, गुड्डू लोधी, ललिता लोधी, विधानसभा अध्यक्ष चन्द्रशेखर यादव के साथ सैकड़ों लोधी समाज के लोग एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डिंपल यादव पर टिप्पणी से नाराज महिलाओं ने दी तहरीर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। मैनपुरी सांसद डिंपल यादव पर मौलाना साजिद रशीदी द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर समाजवादी पार्टी के महिला मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह के निर्देश पर राष्ट्रीय महिला सभा की कोषाध्यक्ष वंदना चतुर्वेदी के नेतृत्व में हजरतगंज थाने में मौलाना साजिद रशीद के खिलाफ तहरीर दी गई।

राष्ट्रीय महिला सभा की कोषाध्यक्ष वंदना चतुर्वेदी ने कहा कि 24 जुलाई को एक डिबेट में मौलाना साजिद रशीदी द्वारा मैनपुरी से सांसद डिंपल यादव के पहनावे और संसद मार्ग नई दिल्ली स्थित मस्जिद में उनकी उपस्थिति को लेकर अशोभनीय टिप्पणी की थी। राष्ट्रीय महिला आयोग से मौलाना साजिद रशीदी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। कहा कि मौलाना साजिद रशीदी को सार्वजनिक तौर पर माफी मांगने का निर्देश दिया जाए और सुनिश्चित कराया जाएगा कि भविष्य में महिलाओं के प्रति अशोभनीय टिप्पणी न हो। राष्ट्रीय महासचिव रिंकी सिंह कहा कि इस तरह की टिप्पणी न केवल डिंपल यादव का अपमान है। बल्कि देश की आधी आबादी का भी अपमान है। उन्होंने कहा कि इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान प्रदेश सचिव प्रीति तिवारी,राष्ट्रीय सचिव अंजू यादव,लता जी, शबनम खान सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# रिंगरोड चौकी के पास हो सकता है कोई बड़ा हादसा...

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

राजधानी लखनऊ। दुबग्गा क्षेत्र से भला कौन नही परिचित होगा ये ऐसा क्षेत्र है जो कानपुर को जोड़ता है और तो और यहाँ हमेशा वाहनो का हुजूम दिखाई देता है लेकिन आज की खबर इस रोड की नही बल्कि इसी रोड से सटे सर्विस रोड की है जो दुबग्गा रिंग रोड चौकी के करीब है और वही रोड कानपुर बाईपास को जोड़ता है अब ऐसे मे जबकी हम सब जानते हैं कि बरसात मे हमारी सड़के तालाब बन जाया करती हैं उसपर से नाले के ढक्कन का ना होना राहगीरों के लिए किसी आपदा से कम नही होता है स्थानीय लोगों का इसी रास्ते से अक्सर जाना होता है दिन मे तो चलो ठीक है बिना ढक्कन के नाले को देख के सम्भला जा सकता है लेकिन रात और बरसात मे लोग कैसे इस रास्ते पर जाते होंगे ये सोचने वाली बात है।स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार



नाले से हादसा भी हुआ लेकिन कोई उनकी सुध नही ले रहा उनका कहना था कि कई बार कार्यदायी विभाग और ज़िम्मेदारों को शिकायत भी की गई लेकिन कोई उनकी सुध नही ले रहा जिससे स्थानीय लोगों के साथ राहगीर भी बड़े दुखी हैं उन्हे डर है कहीं कोई बड़ा हादसा ना हो जाए लेकिन ज़िम्मेदार लोग ना जाने कौन सी नींद मे हैं जो हादसे के बाद ही जागने की राह देख रहे हैं।

## शिव ही सत्य है वही सत्यता का बोध कराते हैं : जयशंकर शुक्ल जी महाराज



**निगोहां, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शिव ही सत्य है वही सत्यता का बोध कराते हैं , उन्हें समझने के लिए सबसे पहले खुद को समझना पड़ता है। शिवजी का कीर्तन श्रवण मनन से तीन ताप नष्ट होते हैं और जीव शिव तत्व के ध्यान से और तप से शिवलोक प्राप्त करता है । शिवजी की कथा एवं अभिषेक पूजा , मनन से वेद सम्मत मुक्ति का साधन है । यह बातें दखिना शेखपुर में चल रही शिव महापुराण के दूसरे दिन कथा व्यास श्री जयशंकर प्रसाद शुक्ला महाराज जी ने बताई कथा में उन्होंने सुनाया कि चंचुला जैसी देवी ने शिव कथा श्रवण किया , जिससे उन्हें माता पार्वती का सानिध्य प्राप्त हुआ माता पार्वती के प्रसन्न होने पर चंचुला ने अपने पति की मुक्ति का उपाय पूछा तब माता ने कहा कि सत्कीर्ति गाने वाले तम्बरू को विंध्याचल पर्वत पर जाकर पिशाच के रूप विन्द्रग चंचुला के पति थे जो कि पिशाच बन गए शिव कथा सुनने के बाद उनकी भी मुक्ति हुई और शिवलोक को प्राप्त किया।

## दलित महिला से जातिसूचक गाली-गलौज व मारपीट, एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज

**निगोहां, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** निगोहां थाना क्षेत्र के लालपुर गांव में एक दलित महिला और उसके परिवार के साथ मारपीट व जातिसूचक गाली-गलौज का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता गुड्डा पत्नी श्री कुंजन पासी ने निगोहां थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि उसका छोटा बेटा खेत में नहर से पानी लगा रहा था, तभी गांव के ही पुतन और मनीष ने उसे जबरन पानी लगाने से रोक दिया। पीड़िता के अनुसार, विरोध करने पर आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की और लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के बाद दोनों आरोपी उनके घर में घुस आए और महिला सहित बेटे-बेटी को भी पीटा। पीड़िता का कहना है कि हमलावरों ने जातिसूचक अपशब्दों के साथ जान से मारने की धमकी भी दी और फिर मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही निगोहां पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ एससी-एसटी समेत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी गई है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## मवेशी चराकर लौट रहे किसान पर लाठी-डंडों से हमला, मामला दर्ज

**निगोहां, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** निगोहां थाना क्षेत्र के ग्राम मंगटईया गांव में जानवर चराकर लौट रहे एक किसान पर दबंगों द्वारा हमला कर घायल कर दिया। वही पीड़ित की तहरीर पर निगोहां पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार निगोहां थाना क्षेत्र मंगटईया गांव के रहने वाले दुर्गपाल पुत्र स्वर्गीय हनुमान बीते रविवार को अपने जानवरों को चराकर खेत से वापस अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में पहले से मौजूद रामचंद्र , रवि तथा सचिन व हर्ष सिंह ने उन्हें रोक लिया और बिना किसी कारण गाली-गलौज करते हुए लात-घूसों के साथ लाठी-डंडों से हमला कर दिया।पीड़ित ने अपनी तहरीर में बताया कि जब शोर सुनकर उनका भांजा बीच-बचाव करने आया तो उसे भी आरोपियों ने बुरी तरह पीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।घटना की सूचना अगले दिन सोमवार को। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित द्वारा लिखित तहरीर थाने पर दी गई, जिसके आधार पर चारों नामजद आरोपियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर लिया है।

# हापा मेला आज, प्रशासन सख्त, हर्षोल्लास के साथ मनाई गई नागपंचमी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



निगोहां , लखनऊ। क्षेत्र में नागपंचमी पर्व धूमधाम से मनाया गया गांवों के चौपालों व चौराहों पर छोटी छोटी बच्चियां गुड़िया बना कर लाई जहाँ उपस्थित बच्चों ने छूल के डंडों से गुड़िया पीट कर पर्व को मनाया वही नागपंचमी के अवसर पर लगने वाला हापा मेला आज निगोहां कस्बे में लगेगा। ऐसी मान्यता है कि वर्षो से यह हापा मेला नागपंचमी के दूसरे दिन लगता आ रहा है।


जहाँ इस मेले में कभी महिलाओं का दंगल काफी लोकप्रिय रहा है। जिसमें दूरदराज से आई गांवों की महिला पहलवानों की आमद रहती थी। लेकिन समय परिवर्तन के साथ सब यादों तक ही सीमित रह गया। फिलहाल इस प्रसिद्धि मेले में दूर-दूर तक के लोग यहाँ पहुँचते है। ग्रामीण अंचल के बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरूष यहां एकत्र होते हैं। मेले में तरह-तरह की दुकानें सजती है। वही मेले में लगने वाले विभिन्न स्टालों में व्यंजनों का आनन्द लेते हैं। इस मेले में राष्ट्रीय मिठाई जलेबी भारी मात्रा में बिकती है। लोग बड़ी संख्या में खरीददारी भी करते हैं। वही इस मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिए छोटे बड़े झूले भी लगे हुए है। मेले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी अनुज तिवारी ने बताया कि निगोहा कस्बे में नागपंचमी के अवसर पर हापा मेले में भारी पुलिस बल मौजूद रहेगा।

# महिला समेत परिवार को पीटा, सुरक्षा की गुहार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नगराम , लखनऊ । नगराम थाना क्षेत्र टिकरा जुगराज गांव में एक महिला और उसके परिवार पर हमले का सनसनीखेज मामला सामने आया है। फैक्ट्री में कार्यरत चौकीदार रामचंदर रावत और उनकी पत्नी सुनीता रावत के साथ गांव के ही कई लोगों ने मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। यह पूरा मामला फैक्ट्री में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है।पीड़िता सुनीता रावत पत्नी रामचंदर रावत, निवासी ग्राम टिकरा जुगराज ने नगराम थाने में तहरीर देकर बताया कि वह एवं उनके पति गांव में ही स्थित अतुल कुमार तिवारी की नरेश पाइप इंडस्ट्रीज फैक्ट्री की देखरेख एवं चौकीदारी का कार्य करते हैं। पीड़िता के मुताबिक कुछ दिन पूर्व गांव के ही मुकेश और रामसुमिरन उनके घर आए और उनके पति के बारे में पूछताछ करने लगे। पीड़िता ने उन्हें बताया कि उनके पति दो दिन बाद लौटेंगे। इसी क्रम में बीते 21 जुलाई को शाम लगभग 7:15 बजे गांव के रामसुमिरन उनके पुत्र महेश व रूपेश, मुकेश, जुगेश, अमरेन्द्र, सुरक्षित उर्फ मयंक , चन्द्रिका , उत्तम कुमार, रचित , शानबहादुर, दसरथ कुमार, रज्जन कुमार, सज्जन कुमार, निर्मल कुमार , ब्रजेश कुमार , फूलचन्द्र एवं चार अज्ञात लोग लाठी-डंडा लेकर फैक्ट्री में घुस आए।आरोप है कि उक्त सभी लोगों ने मिलकर रामचंदर रावत की बेरहमी से पिटाई की। जब सुनीता और उनके बच्चे बीच-बचाव करने पहुंचे तो उन्हें भी मारा-पीटा गया। इस दौरान प्रार्थिनी को धक्का देकर गिरा दिया गया और जातिसूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता ने बताया कि इस घटना की जानकारी लोकलाज के भय से तत्काल पुलिस को नहीं दी गई, लेकिन बीते 24 जुलाई को उक्त विपक्षी दोबारा हथियारों के साथ आकर उन्हें धमकाने लगे। तब जाकर पीड़िता ने मंगलवार को थाने पहुंची और लिखित शिकायत दी। पीड़िता ने बताया कि हमलावरों ने फैक्ट्री मालिक अतुल कुमार तिवारी को भी जान से मारने की धमकी दी है। घटना के बाद से पीड़िता व उनके परिवार को गंभीर खतरा बना हुआ है। फैक्ट्री में लगे सीसीटीवी कैमरों में पूरी वारदात रिकॉर्ड हो गई है। पीड़िता ने नगराम थाने में प्राथमिकी दर्ज कर उचित कार्रवाई की मांग की है। वही पुलिस आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विधिक कार्यवाही में जुटी है।

## प्रधान पुतान सिंह के नेतृत्व में निकाली गई कांवड़ यात्रा



**काकोरी लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकासखंड काकोरी के ग्राम पंचायत गोशालाल पुर में डाक कांवड़ के लिए बम भोले के भक्तों की विदाई की गई। जिसमें प्रधान श्री पुतान सिंह मौर्य उर्फ छोटू वह ग्राम पंचायत के बहुत से लोग शामिल हुए और भक्तों को दान दक्षिणा व भगवा अंगोछा व फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

## गाड़ी की साइड को लेकर दो पक्षों में मारपीट, दोनों पक्षों की रिर्पोट दर्ज

**सरोजनीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बिजनौर इलाके में गाड़ी की साइड को लेकर हुए विवाद दो पक्ष आपस में भिड़ गए। मारपीट की वारदात में दोनों पक्षों के आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। इस मामले में पुलिस नें क्रास रिर्पोट दर्ज कर जाँच पड़ताल शुरु कर दी है। थाना क्षेत्र के न्यू गुड़ौरा निवासी सुरेन्द्र यादव के मुताबिक कि वह रात करीब 9:00 बजे अपने घर से ओल्ड गुड़ौरा जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में कपिल अपनी गाड़ी से आ रहा था। गाड़ी की साइड को लेकर दोनों मे वाद विवाद हो गया। जिसे लेकर वह लोग बातचीत करने के लिए कपिल के घर गए थे। लेकिन वहां उन्होंने लाठी डंडे से मारपीट करने लगे जिससे मुझे शैलेंद्र यादव,उत्तम यादव के साथ कपिल, नीलू, रामकुमार को गंभीर चोटे आई हैं। मारपीट इस घटना के दौरान गोलू भी आ गया था और आरोपियो नेंहम लोगों की मोटरसाइकिलों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। वहीं दूसरी ओर ओल्ड गुड़ौरा निवासी बिटाना का कहना है कि ओल्ड गुड़ौरा में ओमेक्स के पास गाड़ी की साइड को लेकर कहा सुनी हो गई थी। उसके बाद मैं अपने घर आई तो पीछे से सुरेंद्र, शैलेंद्र अपने करीब 10 से 12 अज्ञात लोग घर पर आकर गाली गलौज करने लगे द्यजब मैंने विरोध किया तो हम लोगों को मारने पीटने लगे। मेरे पुत्र कपिल यादव, अनिल यादव व कपिल की पत्नीसरला यादव पत्नी कपिल यादव व मुझे चोटें आई हैं।शोर मचाने पर आसपास के लोग आए तो जान से मारने की धमकी देकर आरोपी भाग निकले।

## बाजार गए युवक की बाइक चोरी

**सरोजिनी नगर, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बिजनौर के रहीमाबाद निवासी उदयभान पुत्र देशराज सिंह ने स्थानीय थाने पर लिखित तहरीर देते हुए अपनी मोटरसाइकिल चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। उदयभान के अनुसार बीती 14 जुलाई को वह सब्जी खरीदने के लिए गौरी बाजार गए थे। उन्होंने बताया कि वह अपनी बाइक सुंदर ज्वैलर्स की दुकान के सामने खड़ी कर अंदर बाजार सब्जी खरीदने के लिए गए थे वापस जब आए तो देखा कि मोटरसाइकिल नहीं थी इसके बाद उन्होंने 112 नंबर पुलिस को सूचना देने के साथ बाइक की काफी खोजबीन की किंतु बाइक का कहीं कोई अता पता नहीं चला जिसके बाद स्थानीय थाने पर लिखित तहरीर देते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मोटरसाइकिल की खोजबीन कर रही है।

# डिम्पल विवाद: यह परिधान पर टिप्पणी नहीं, हमारी सभ्यता पर हमला : राजेश्वर सिंह

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। सपा सांसद डिंपल यादव पर मौलाना साजिद रशीदी की आपत्तिजनक टिप्पणी को भाजपा ने महिला सम्मान से जोड़ते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। इसी क्रम में सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे केवल एक महिला का नहीं, बल्कि सम्पूर्ण भारतीय संस्कृति, परंपरा और नारी गरिमा का अपमान करार दिया है। भाजपा विधायक डॉ. सिंह ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर समाजवादी पार्टी और उसके नेतृत्व पर करारा हमला बोला।

उन्होंने तीखे शब्दों में इस विषय पर चुप्पी को 'छद्म धर्मनिरपेक्षता की ढाल में छिपा कायर मौन' बताते हुए कहा कि, ञ्जजो लोग बर्बर, स्त्री-विरोधी सोच रखने वाले मौलवियों की टिप्पणियों पर चुप्पी साधे बैठे हैं, वे भारत-विरोधी मानसिकता के वाहक हैं। ये चुप्पी सिर्फ दुर्भाग्यपूर्ण नहीं, बल्कि अपराध के समकक्ष है। जो साड़ी जैसे भारतीय परिधान और नारी की गरिमा का अपमान बर्दाश्त करते हैं, वे इस राष्ट्र की आत्मा, इसकी सभ्यता और संविधान तीनों के विरोधी हैं। डॉ. सिंह ने मौलाना साजिद रशीदी की मानसिकता की तुलना उन कट्टरपंथी ताकतों से की जिनकी वजह से अफगानिस्तान, ईरान, यमन और सीरिया में महिलाओं की स्थिति दयनीय हो गई है। उन्होंने जोर देकर कहा, ञ्जऐसी सोच को पालने-पोसने वाली संस्थाओं पर प्रतिबंध लगना चाहिए। ये मानसिक रोगी कठोरतम सजा के पात्र हैं। यदि ये कृत्य ईरान में किया गया होता, तो 74 कोड़े मारे जाते, और पाकिस्तान में भी ऐसे बयान पर 10 साल तक की जेल होती।

# सोलर पैनल चोरी की घटना का खुलासा, दो शातिर चोर गिरफ्तार, पांच पैनल बरामद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के कुड़ा गांव में अधिवक्ता के खेत से हुए सोलर पैनल चोरी की गुत्थी को सुलझाते हुए पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पकड़े गए चोरों के पास से चोरी गए पांच सोलर पैनल भी बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में आमजन ने राहत की सांस ली है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 13/14 जून की रात को कुड़ा गांव निवासी अधिवक्ता श्रवण कुमार यादव पुत्र स्व. सहज राम यादव के खेत में लगे ट्यूबवेल से सिंचाई हेतु लगाए गए 5 हार्सपावर के सौर ऊर्जा चालित कुल 6 सोलर पैनल अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिए गए थे। इस संबंध में अधिवक्ता ने थाना मोहनलालगंज में अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई थी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्परता दिखाई और मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मोहनलालगंज थाना प्रभारी दिलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित टीम हुलास खेड़ा चौकी इंचार्ज अनूप सिंह ने चोरी की घटना के खुलासे के लिए सक्रियता से जांच-पड़ताल शुरू की। इसी क्रम में विशेष सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के उत्तर गांव में चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान दोनों ने कुड़ा गांव से सोलर पैनल चोरी करने की बात कबूल की।

उनके पास से चोरी गए पांच सोलर पैनल भी बरामद किए गए।गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान हरिलाल पुत्र स्व. सीताराम निवासी पचौरी मजरा हुलासखेड़ा तथा नीलू पुत्र रामनरेश निवासी रघुनाथखेड़ा दोनों मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की क्षेत्र में जमकर सराहना हो रही है। आमजन ने पुलिस की तत्परता को सराहा और कानून व्यवस्था में विश्वास जताया। वहीं एसीपी रजनीश वर्मा ने भी पूरी टीम की प्रशंसा करते हुए आगे भी इसी प्रकार सक्रियता बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

# धर्मान्तरण के आरोप में महिला समेत पांच आरोपी गिरफ्तार

## उ0प्र0 विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम के तहत की गई कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर। पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में घटित घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुए सर्वसंबंधित को घटनाओं को रोकने व अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है।

उक्त दिये गये निर्देश के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी महोली श्री दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना इमलिया सुल्तानपुर पुलिस टीम द्वारा दिनांक 27 जुलाई को ग्राम मथना में धर्म परिवर्तन कराये जाने के संबंध में प्राप्त तहरीर पर पंजीकृत मु.अ.सं. 153/2025 धारा 3,5(1) उत्तर प्रदेश विधि विरूद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधि0 2021 में वांछित, प्रकाश में आये कुल 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किये गये आरोपियों में पादरी विनोद पाल सिंह पुत्र ओमप्रकाश सिंह, ज्योति पत्नी विनोद पाल सिंह निवासीगण ग्राम बेहटा थाना पसगवां जनपद लखीमपुर खीरी, अनन्तराम पुत्र जगन्नाथ , शुभकरन पुत्र अनन्तराम, रमित पुत्र अनन्तराम निवासीगण ग्राम मुराउनपुरवा थाना इमलिया सुल्तानपुर जनपद सीतापुर को मथना तिराहे के पास से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मुख्य आरोपी पादरी विनोद पाल सिंह द्वारा ईसाई धर्म के धर्मान्तरण का कार्य किया जा रहा था जिसके कब्जे से 03 अदद बाइबिल, ढोलक, व अन्य धर्मान्तरण संम्बन्धित सामग्री बरामद किया गया है अभियुक्त से की गई पूछताछ में अभियुक्त का खाता स0-42970731444 भारतीय स्टेट बैंक में होना प्रकाश में आया है, जिस पर संदिग्ध ट्राजेक्शन का होना पाया गया जिसके सम्बन्ध मे पूछा गया तो अभियुक्त विनोद पाल सिंह द्वारा बताया गया कि चेन्नई से ईसाई धर्म से सम्बन्धित धर्मान्तरण हेतु जनसमुदाय को प्रलोभन हेतु धन प्राप्त होता है प्राप्त धन को अन्य लोगो को ईसाई धर्म में जोडने व प्रार्थना भवन निर्माण हेतु दिया जाता है। प्राप्त धन को ईसाई धर्म को स्वीकार व प्रचार प्रसार करने वालो को वितरण किया जाता है उपरोक्त खाते के सम्बन्ध मे साइबर अपराध थाने को रिपोर्ट प्रेषित कर उक्त खाता सं0 को सीज कराया जा रहा है तथा अन्य अभियुक्तगण के भी खातो का भी पता लगाया जा रहा है जिसके संबन्ध में अलग से कार्यवाही की जायेगी तथा ईसाई धर्म से सम्बन्धित धर्मान्तरण की गैंग के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी कर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। गिरफ्तार अभियुक्तगण का चालान मा0न्यायालय किया जा रहा है। जनपद में अपराधियों के विरूद्ध निरन्तर कार्यवाही इसी प्रकार प्रचलित रहेगी।

## समैसा में विकास कार्यों के नाम पर किए गए भ्रष्टाचार को लेकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को सौंपा पत्र

सीतापुर। विकास खंड परसेंडी की ग्राम पंचायत समैसा से ग्राम प्रधान व प्रधान पिता बहन के खाते पर किए गए नियम विरुद्ध भुगतान व भ्रष्टाचार की जांच कर कार्यवाही किए जाने हेतु ग्रामीणों द्वारा जिलाधिकारी तीन शपथ पत्र सौंपे। ग्राम पंचायत समैसा के ग्राम हरैया निवासी हरिश्चंद्र पुत्र राजकुमार, विनीत कुमार पुत्र वीरेंद्र कुमार वर्मा और प्रमोद कुमार वर्मा पुत्र राजाराम वर्मा ने जिला अधिकारी को शपथ पत्र सौंप कर ग्राम पंचायत में नियम विरुद्ध भुगतान व किए गए भ्रष्टाचार पर कार्यवाही की मांग किया है। शपथ कर्ताओं ने शपथ पत्र में ग्राम प्रधान पर आरोप लगाते हुए उल्लेखित किया है कि ग्राम सभा में स्कूल में टाइल्स का कार्य जो कराया गया है वह मानक बिहीन कराया गया है और जूनियर हाई स्कूल उदयभानपुर में दिव्यांग शौचालय जर्जर है और हैंडवॉश भी खराब पड़ा है। वही हैंडपंप मरम्मत व रिबोर के नाम पर 15-16 लाख रुपए का भुगतान निकाल लिया गया जबकि कोई कार्य नहीं कराया गया है। और आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण मानक विहीन कार्य कराया जा रहा है।

# आईएएस अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या बनीं सीतापुर की नई सीडीओ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। 2019 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या को सीतापुर का नया मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) नियुक्त किया गया है। इससे पहले वे यूपी एग्रो में प्रबंध निदेशक के पद पर कार्यरत थीं।प्रणता ऐश्वर्या की गिनती राज्य की कर्मठ एवं कुशल महिला अधिकारियों में होती है।


उन्होंने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) से उच्च शिक्षा प्राप्त की है और मूल रूप से बिहार की रहने वाली हैं।अपने प्रशासनिक करियर की शुरुआत उन्होंने इटावा में मुख्य विकास अधिकारी के रूप में की थी। इसके बाद उन्हें यूपी राज्य सड़क परिवहन निगम में सहायक प्रबंध निदेशक और फिर अंबेडकरनगर की सीडीओ के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं।सीतापुर में उनकी नियुक्ति से विकास कार्यों में गति और पारदर्शिता की उम्मीद की जा रही है। जिले में उनकी प्रशासनिक शैली और नवाचारों का स्वागत किया जा रहा है।

# खबर का असर: एक्सईएन ने ली विद्युत समस्याओं की सुध

## पुराने सीतापुर की बिजली व्यवस्था सुधारने पहुंचे अधिकारी

## 9 घंटे बाधित आपूर्ति बहाल कर उपकेंद्र पर दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर (ब्यूरो)। पुराने सीतापुर की जर्जर विद्युत व्यवस्था को लेकर बीते दिनों प्रकाशित खबर का बड़ा असर देखने को मिला है। सोमवार-मंगलवार की रात्रि सिटी स्टेशन विद्युत उपकेन्द्र के 10 एमवीए ट्रांसफॉर्मर की आउटगोइंग लाइन में खराबी आने के कारण कजियारा और दुर्गापुरवा फीडर की आपूर्ति रात 12:35 बजे से बाधित हो गई थी। मंगलवार सुबह करीब 10:30 बजे एक्सईएन सीतापुर के प्रयासों से विद्युत आपूर्ति बहाल हो सकी।गौरतलब है कि इस उपकेंद्र पर न तो कोई स्थायी जेई नियुक्त है और न ही एसडीओ (पुराना सीतापुर) द्वारा अपेक्षित संज्ञान लिया जाता है। जिससे यहां की व्यवस्था पूरी तरह लड़खड़ा गई है। बार-बार की बिजली समस्याओं का समाधान तभी होता है जब एक्सईएन स्वयं हस्तक्षेप करते हैं।मंगलवार को विद्युत उपकेंद्र पहुंचकर एक्सईएन ने करीब दो घंटे तक अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ बैठक कर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस दौरान संवाददाता द्वारा उमराव मिल कॉलोनी में दो माह से खराब पड़े 100 केवी ट्रांसफार्मर को बदलवाने और उपकेंद्र परिसर में बारिश और धूप से खराब हो रही इनकमिंग-आउटगोइंग ट्रालियों के संरक्षण की मांग उठाई गई।एक्सईएन ने दोनों मांगों पर तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को ट्रांसफारमर बदलने और ट्रालियों को यथाशीघ्र व्यवस्थित करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर एसडीओ मीटर अंकिता रत्ना, कार्यवाहक जेई रवि गुप्ता सहित विभाग के अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## रईस अहमद खान को राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच द्वारा बनाया गया जिला उपाध्यक्ष

सीतापुर। राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच राष्ट्रीय अध्यक्ष शशांक शेखर सिंह पुष्कर एवं कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष(अवध क्षेत्र)उत्तर प्रदेश/जिला अध्यक्ष एस के तूफानी द्वारा तामसेनगंज सीतापुर के निवासी रईस अहमद खान को सीतापुर जिला उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। श्री तूफानी ने कहा 9 अगस्त 1925 की रात को,राम प्रसाद बिस्मिल,अशफाक उल्ला खान, चंद्रशेखर आजाद और राजेंद्र लाहिड़ी जैसे क्रांतिकारियों ने लखनऊ से 15 किलोमीटर दूर काकोरी में एक ट्रेन को रोक दिया। यह ट्रेन ब्रिटिश सरकार का खजाना लेकर जा रही थी क्रांतिकारियों का मकसद इस खजाने को लूटकर उससे हथियार खरीदना और ब्रिटिश शासन के खिलाफ अपनी गतिविधियों को तेज करना था। इस घटना को काकोरी कांड या काकोरी ट्रेन एक्शन के नाम से जाना जाता है। जो 8 अगस्त 2025 को राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच के बैनर तले लखनऊ में काकोरी स्तंभ पर कैंडल मार्च निकाल कर मनाया जायेगा। जिसकी तैयारी को लेकर संगठन के पदाधिकारियों के साथ चर्चा कर अपील की गई।

# 23 बड़े बकायेदार पर प्रशासन की सख्ती

## 25 अगस्त को होगी भूमि की नीलामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां (सीतापुर)। उपजिलाधिकारी बिसवां के आदेश पर काफी समय से व्यापार कर का देय न जमा करने पर बकायादार की भूमि की नीलामी के लिए कस्बे में लाउडस्पीकर से मुनादी कराई गई। नीलामी आगामी 25 अगस्त 2025 को बिसवां तहसील प्रांगण में होगी। जहांगीराबाद निवासी इसरार अहमद पुत्र अहमद हुसैन के ऊपर काफी समय पहले से व्यापार कर का 46,78,672/- (छियालीस लाख अठहत्तर हजार छःसौ बहत्तर) रुपया बकाया है जो आज तक बकायादार द्वारा जमा नहीं किया जा सका है। जिस सम्बन्ध में राजस्व विभाग द्वारा कई बार उन्हें सूचना भी दी गई। लगभग एक माह पहले राजस्व टीम द्वारा उसके खेत में लाल झंडियां लगाई गई थीं। बावजूद इसके बकायादार इसरार अहमद ने सेल्स टैक्स की बकाया धनराशि आज तक जमा नहीं की जिससे नियमानुसार मंगलवार को उप जिलाधिकारी बिसवां शिखा शुक्ला के आदेश पर क्षेत्रीय अमीन आनन्द कुमार यादव द्वारा बकायादार के खेत की नीलामी के लिए जहांगीराबाद सहित क्षेत्र में लाउडस्पीकर से मुनादी कराई गई जिसमें बताया गया कि उपजिलाधिकारी बिसवां के आदेश से आगामी 25 अगस्त 2025 को प्रातः 10 बजे तहसील प्रांगण बिसवां में बकायादार के खेत की नीलामी नियमानुसार की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित समय पर पहुंच कर नीलामी में शामिल हो सकते हैं।

## विद्यालय स्तरीय प्रदर्शनी को लेकर पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

खैराबाद, सीतापुर। पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय, खैराबाद, सीतापुर में 24 जुलाई 2025 को आयोजित विद्यालय स्तरीय प्रदर्शनी के उपरांत दिनांक 29 जुलाई 2025 को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन भव्य रूप से किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रभारी श्री भानु प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा की सराहना की और ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया।इस प्रदर्शनी के समन्वयक डॉ. अशोक कुमार मिश्रा (पीजीटी - रसायन) तथा सह-समन्वयक डॉ. लवकेश कुमार तिवारी (पीजीटी - इतिहास) रहे, जिनके संयोजन में संपूर्ण कार्यक्रम को व्यवस्थित और प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत किया गया। श्रीमती रीना सिंह (पीजीटी - जीवविज्ञान) एवं श्रीमती गरिमा सिंह (टीजीटी - विज्ञान) ने भी प्रदर्शनी की सफलता में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विज्ञान एवं मानविकी विषयों से संबंधित विविध मॉडलों एवं प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन किया।

# डीएम ने की राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों की वर्चुअल समीक्षा, अफसरों को दिए निर्देश

## डीएम बोली, गुणवत्ता और समयबद्धता से हो वाद निस्तारण, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जनपद के सभी राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों की वर्चुअल समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि राजस्व मामलों का निस्तारण पूरी पारदर्शिता, गुणवत्ता और तय समयसीमा के भीतर होना चाहिए। उन्होंने लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी भी दी।समीक्षा के दौरान उन्होंने धारा 24 (उत्तराधिकार), धारा 34 (नामांतरण), धारा 67 व धारा 116 (सीमांकन) से संबंधित वादों पर विशेष जोर देते हुए कहा कि हर मामले का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि लंबित मामलों में अनावश्यक देरी किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने सभी एसडीएम, एसडीएम न्यायिक, तहसीलदार व नायब तहसीलदारों को निर्देश दिए कि तिथि निर्धारण व सुनवाई की प्रक्रिया नियमित रूप से संचालित की जाए।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अंत में यह भी कहा कि राजस्व न्यायालयों की कार्यप्रणाली जनता के विश्वास से जुड़ी है, और इसमें पारदर्शिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि वादों की सुनवाई पूरी गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ की जाए ताकि न्यायिक प्रक्रिया में लोगों का भरोसा और मजबूत हो सके।इस वर्चुअल समीक्षा बैठक में सभी उपजिलाधिकारी, एसडीएम न्यायिक, तहसीलदार और नायब तहसीलदार शामिल रहे। बैठक का संचालन एडीएम (न्यायिक) अनिल कुमार रस्तोगी ने किया।

# लखीमपुर खीरी में जल भरने गए दो कांवरिया तेज पानी के बहाव में बह गए



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। जिले की कोतवाली धौरहरा क्षेत्र के अन्तर्गत जालिमनगर सरयू घाट पर फरधान थाना क्षेत्र के पिपरा करमचंद निवासी सोमवार शाम गंगा स्नान के दौरान दो कांवड़िये, अमन (20) और अभिषेक (18), घाघरा नदी के तेज बहाव में बह गए। रात को अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू रोका गया था। मंगलवार सुबह से फ्लड पीएसी और 20 गोताखोरों की टीम तलाश में जुटी हुई है, लेकिन दोपहर 2 बजे तक कोई सुराग नहीं मिला। नदी में तेज बहाव और उफान के चलते तलाश में दिक्कत आ रही है।कोतवाली प्रभारी सुरेश मिश्रा ने बताया कि पहाड़ों पर हो रहे मूसलाधार बारिश के चलते नदी में उफान और तेज बहाव के कारण शव तलाश में दिक्कत हो रही है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में उद्योग बन्धु बैठक सम्पन्न

सीतापुर । शासन द्वारा गठित जिला उद्योग बन्धु/सिंगल विण्डों/निवेश मित्र की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में औद्योगिक आस्थानों के रख-रखाव, निवेश मित्र पोर्टल, निर्यात प्रोत्साहन योजना, ओ0डी0ओ0पी0, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, जेम पोर्टल, क्लस्टर विकास योजना, एम0ओ0यू0 इत्यादि योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान सम्बन्धित विभागों को निर्देशित किया गया कि लक्ष्यपरक योजनाओं में निर्धारित लक्ष्यों की शत प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जाये तथा निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त होने वाले आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं ससमय निस्तारण कराया जाये। बैठक में औद्योगिक आस्थान सरांय मल्हुई सीतापुर के उद्यमियों द्वारा आस्थान में जलभराव की समस्या के निराकरण कराये जाने का अनुरोध किया गया। उक्त समस्या के निराकरण हेतु जिलाधिकारी द्वारा उप जिलाधिकारी सदर, ई0ओ0 नगर पालिका परिषद सीतापुर को एवं उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया गया कि आस्थान के उद्यमियों के साथ स्थलीय सर्वे करते हुए आख्या प्रस्तुत करें। उपरोक्त के अतिरिक्त उपायुक्त उद्योग ने प्रदेश सरकार द्वारा संचालित ओ0डी0ओ0पी0 योजनान्तर्गत बिसवां में स्थापित सी0एफ0सी0 के क्रिया कलापों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी। समीक्षा के उपरान्त जिलाधिकारी द्वारा सी0एफ0सी0 के अध्यक्ष एवं सचिव को निर्देशित किया गया कि सभी एस0पी0वी0सदस्यों से आपसी समन्वय करते हुए सी0एफ0सी0 का संचालन सुचारू रूप से सुनिश्चित करें ताकि शासन की मंशानुरूप दरी उत्पाद से जुडे उद्यमियों/बुनकरों को सी0एफ0सी0 का लाभ प्राप्त कर सकें। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट कृष्ण नंद तिवारी, उप जिलाधिकारी सदर अभिनव कुमार, उपायुक्त उद्योग, क्षेत्रीय अधिकारी उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड लखनऊ, अग्रणी जिला प्रबन्धक, इण्डियन बैंक, सीतापुर, ई0ओ0 नगरपालिका परिषद सीतापुर, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग सीतापुर, विजय बंसल, अध्यक्ष, औद्योगिक आस्थान वि0सह0समि0 सरांय मल्हुई सीतापुर, श्री सुधीर मेहरोत्रा, प्रबन्धक सेठिया मिल सीतापुर, महेन्द्र अग्रवाल, चेयरमैन आईआईए सीतापुर, संजीव अग्रवाल एवं विवेक अग्रवाल सहित अनेक उद्यमीगण/व्यापारीगण उपस्थित रहे।

# हैंडपम्प की जर्ज़र स्थिति, मरम्मत के लिए फंड आने के बावजूद नहीं हो रहा काम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। के ब्लॉक बांकेगंज की ग्राम पंचायत रामपुर डाटपुर के भीखमपुर में स्वच्छ पेयजल की समस्या गंभीर है। यहां कई इंडिया मार्का हैंडपंप वर्षों से खराब पड़े हैं।सरकार ने राहगीरों और स्थानीय लोगों के लिए स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था के तहत इंडिया मार्का हैंडपंप लगवाए थे। लेकिन पंचायत के जिम्मेदार अधिकारियों और कार्यकर्ताओं की उदासीनता के कारण ये हैंडपंप अब काम नहीं कर रहे हैं।सरकार हर साल प्रत्येक ब्लॉक की पंचायत में हैंडपंप की मरम्मत और रीबोर के लिए फंड जारी करती है। इसके बावजूद इन हैंडपंपों की मरम्मत नहीं हो रही है। अब ये हैंडपंप नष्ट होने की कगार पर हैं। इस मामले में ग्राम प्रधान पुत्र इन्साफ खा से बात की गई। उन्होंने ग्राम पंचायत से वार्ता कर शीघ्र ही समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। ग्राम पंचायत अधिकारी आलोक अवस्थी ने भी हैंडपंप को जल्द ही ठीक करवाने का वादा किया है।अगर जल्द ही इन हैंडपंपों की मरम्मत नहीं की गई तो ये पूरी तरह से नष्ट हो जाएंगे। इससे स्थानीय लोगों को पीने के पानी के लिए और अधिक परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

# सरपंतहा गाँव से भूपेंद्र मौर्या ने कांवरियों को छोटी काशी के लिए किया रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निघासन खीरी। जिला पंचायत सदस्य भूपेंद्र मौर्य ने सावन माह की पावन परंपरा को निभाते हुए शनिवार को ग्राम पंचायत मुड़ाबुजुर्ग के गांव सरपंतहा ग्राम पंचायत लालपुर के गाँव लोनियान पुरवा, तमोलीनपुरवा,हरसिंहपुर, आदि गांव में जाकर जिला पंचायत सदस्य भूपेंद्र मौर्य ने सभी गाँव गांव जाकर कावरियों छोटी कासी गोला गोकरणनाथ के लिए रवाना किया। व ग्राम सरपतहा से पूर्व प्रधान रमेश लोधी के अगुवाई मे छोटी कासी गोला गोकर्णनाथ के लिए कांवरियों का स्वागत कर छोटी कासी के लिए रावना किया। हर वर्ष सरपंतहा से प्रारंभ हुईजैसे ही पूर्व प्रधान रमेश लोधी के घर पहुंचे शिव भक्त पूर्व प्रधान रमेश लोधी ने सभी कांवरियों का जोर दार स्वागत किया और सभी कांवरियों का मुंह मीठा किया।पूर्व प्रधान रमेश लोधी ने कांवरियों की श्रद्धा और ऊर्जा की सराहना करते हुए उन्हें अपने हाथों से तिलक चंदन किया छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ के लिए रवाना किया। कांवरियों को विदा करते समय पूरे माहौल में 'हर-हर महादेव' के जयघोष गूंज उठे।इस अवसर पर भाजपा नेता जिला महामंत्री विनोद लोधी, जिला पंचायत सदस्य भूपेंद्र मौर्य, मोहम्मद सगीर कुरैसी,डा रिहान अली, योगेंद्र लोधी अध्यापक अशोक राज,झंडी चौकी प्रभारी राजवीर सिंह,व पुलिस स्टाप व ग्राम वासी की अगुवाई मे सभी शिव भक्त एक साथ गोला गोकर्णनाथ के लिए हुए रवाना ''सावन का महीना भक्ति, सेवा और समर्पण का प्रतीक है। कांवर यात्रा हमारी संस्कृति और आस्था की पहचान है। कावरियों की सेवा करना हमारा धर्म है। साथ ही कहा कि योगी सरकार द्वारा विगत वर्षो में कांवरियों द्वारा पुष्प वर्षा एवं जगह जगह सुरक्षा एवं सुविधा हेतु विशेष प्रबंध किये गये हैं। ''रमेश लोधी ने श्रद्धालुओं और कांवरियों के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। गांव के संभ्रांत लोग भी इस आयोजन के दौरान मौजूद रहे।रमेश लोधी की अगुवाई और सेवा भावना से कांवरियों में विशेष उत्साह और श्रद्धा देखने को मिली।

## प्रयागराज मजदूरी करने गए युवक की संदिग्ध हालात में मौत



सिंगाही खीरी। मजदूरी करने गया थाना क्षेत्र के युवक की संदिग्ध अवस्था मे मौत हो जाने से परिजनों मे कोहराम मच गया है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति साफ होगी।सिंगाही थाना क्षेत्र के ग्राम सिंगहा खुर्द निवासी लक्ष्मण चौहान (23) पुत्र रमेश चौहान दिहाड़ी श्रमिक था। मृतक के दो छोटे बच्चे एक पुत्र उम्र करीब एक वर्षऔर एक पुत्री उम्र करीब 3 वर्ष है। मृतक के पिता ने बताया कि करीब 3-4 दिन पहले जैपरा निवासी एक व्यक्ति उसे प्रयागराज की टाइल फैक्ट्री में काम कराने वास्ते लेकर गया था,जिला प्रयागराज के थाना थरवाई के गांव सहसो बसमुहा में पड़ती है।पिता ने बताया शाम को बात हुई तब सब सही था लेकिन मंगलवार सुबह काम पर ले गए व्यक्ति ने फोन कर बताया कि उसके पुत्र का स्वास्थ बहुत खराब है उसे अस्पताल लिए जा रहे हैं, परिजन युवक की तबियत खराब होने को लेकर घर मे चर्चाएं कर ही रहे थे कि लगभग पांच मिनट बाद सूचना आती की उसकी मृत्यु हो गयी। मृत की सूचना मिलते ही घरवाले तेज तेज से रोने लगे घरवालों के रोने की पुकार सुनकर परिवार वाले और गांव के लोग एकत्रित होने लगे।मृतक की पत्नी और माता का रो रो कर बुराहाल है। *बॉक्स-परिजनों का आरोप है कि जब तहरीर लेकर सिंगाही थाने को गए तो सिंगाही पुलिस ने तहरीर लेने से मना कर दिया जबकि मृतक और मृतक को काम करने वास्ते ले जाने वाला व्यक्ति सिंगाही थाना क्षेत्र का ही है।* सिगाही थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि यह घटना क्षेत्र मेरे थाने की नहीं है पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही संबंधित पुलिस की मदद कर कार्रवाई करायी जाएगी।

# दिव्यांगजनों को मिले उनका हक अधिकारी करें सुनिश्चित: राज्य आयुक्त

## राज्य आयुक्त ने गेस्ट हाउस में बैठक कर अधिकारियों को दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ । राज्य आयुक्त दिव्यांगजन हिमांशु शेखर झा ने मंगलवार को पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में राज्य उपायुक्त दिव्यांगजन शैलेन्द्र सोनकर व जनपद के अधिकारियों के साथ बैठक कर दिव्यांगजनों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलवाने व उनकी समस्याओं के प्रति संवेदनशील बनने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि सरकार ने विकलांगजनों को दिव्यांगजन नाम देकर उनका सम्मान किया। राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिव्यांगजनों ने देश का मान बढ़ाया है। पैरा ओलंपिक में ओलंपिक से ज्यादा मैडल जीतकर दिव्यांगजनों ने देश को गौरवान्वित किया है।राज्य आयुक्त दिव्यांगजन हिमांशु शेखर झा ने मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि जनपद स्तर पर दिव्यांगजनों के लिए किए गए बेहतरीन कार्य को समाहित करते हुए प्रत्येक वर्ष 03 दिसंबर को विश्व दिव्यांगजन दिवस पर दिए जाने वाले पुरस्कारों के लिए वह आवेदन करवाएं। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी बदायूं से कहा कि वह दिव्यांगजनों के लिए गठित मेडिकल बोर्ड में चिकित्सकों की संख्या को एक से बढ़कर कम से कम दो करें तथा यह सुनिश्चित करें कि मेडिकल बोर्ड सप्ताह में एक दिन के स्थान पर कम से कम दो दिन संचालित हो क्योंकि वर्ष 2016 से पहले दिव्यांगजनों को 07 प्रकार की दिव्यांगता के लिए प्रमाण पत्र मिलते थे लेकिन सरकार के प्रयास से अब इसको बढ़ाकर 21 कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अगर बोर्ड 03 वर्ष से पुराना है तो उसको पुनर्गठित करें तथा कार्यो की निरंतर समीक्षा भी करें। वहीं उन्होंने पुलिस अधीक्षक ग्रामीण से कहा कि पुलिस कार्मिक दिव्यांगजनों से बेहतर व्यवहार करें यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने दिव्यांगजनों के विभिन्न वादों के संबंध में भी उनसे जानकारी ली।

उन्होंने जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद के सभी पात्र दिव्यांगजनों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले यह सुनिश्चित किया जाए तथा इसकी निरंतर समीक्षा भी की जाए। राज्य आयुक्त ने कहा कि दिव्यांगजनों के लिए कराए जा रहे कार्यो का व्यापक प्रचार प्रसार भी कराया जाए तथा प्रत्येक कार्यालय को दिव्यांगजनों के लिए सुगम बनाया जाए ताकि वह वहां जाकर अपनी समस्याओं को अवगत कराएं व उनकी समस्याओं का प्राथमिक पर निस्तारण भी सुनिश्चित कराया जाए। राज्य उपायुक्त दिव्यांगजन शैलेन्द्र सोनकर ने मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा कि 40 प्रतिशत दिव्यांगता पर ही प्रमाण पत्र जारी किया जाए तथा यदि कार्यालय में किसी कर्मचारी के साथ कोई अप्रिय घटना हो जाती है और वह दिव्यांग हो जाता है तो ऐसे कर्मचारी को समान वेतन और शर्तों के साथ दूसरे पद पर स्थानांतरित किया जाना चाहिए, परन्तु उन्हें नौकरी से न निकाला जाए और न ही वीआरएस (स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति) के लिए कहा जाए। इसके लिए दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 20(4) में स्पष्ट रूप से कहा गया है। इस अवसर पर राज्य उपायुक्त दिव्यांगजन शैलेन्द्र सोनकर, विधि अधिकारी राज्य दिव्यांगजन आयोग, मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रामेश्वर मिश्रा, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के0के0 सरोज, जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी प्रणव पाठक सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## पुजारी ने खुद को चाकू से जख्मी कर किया मंदिर में डकैती का नाटक

दातागंज। क्षेत्र के गांव भटौली में रंगनाथ मंदिर के पुजारी ने रविवार रात डकैती का नाटक कर पुलिस के पसीने छुड़ा दिए। पुजारी ने स्वयं पर चाकू से कई वार किए। मंदिर में लगी संस्थापक के माता-पिता की मूर्ति खंडित की। दान पात्र, पीतल के घंटे समेत सारा सामान तहस नहस किया। हकीकत छुपाने को सीसी कैमरे तोड़ दिए। डकैती की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की। उसके बाद पुजारी की करतूत सामने आ गई। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। गांव भटौली के श्रीकृष्ण गुप्ता ने कनकपुर रोड पर अपने माता-पिता की याद में करीब दो साल पहले रंगनाथ मंदिर का निर्माण कराया था। उन्होंने डेढ़ साल पहले इस्लामनगर क्षेत्र के गांव अखामई निवासी सत्यम शर्मा उर्फ दुष्यंत शर्मा को मंदिर पर देखभाल व पूजापाठ के लिए पुजारी रख दिया था। रविवार रात एक बजे पुजारी ने मंदिर के संस्थापक श्रीकृष्ण को सूचना दी कि पिकअप वाहन व बाइक से आठ से दस बदमाश मंदिर में घुस आए है। मंदिर के सामान की तोड़फोड़ की। बदमाश दानपात्र समेत मंदिर का सामान को लूट ले गए है। उसने बदमाशों का विरोध किया तो उस पर चाकू से कई वार कर घायल कर गए है।मंदिर में लूटपाट की सूचना मिलते ही संस्थापक मोहल्ले के लोगों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने डायल 112 व कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सूचना पर आई पुलिस ने जांच की, लेकिन देर रात होने के कारण पुलिस घटनास्थल का निरीक्षण कर वहां से लौट गई। सोमवार सुबह फोरेंसिक टीम व पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य संकलित किए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की। फिर मंदिर में तोड़फोड़ व सामान को ले जाते हुए पुजारी ही दिखाई दिया। इसी आधार पर पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। पुलिस मंदिर के पास ही उसके बताए गए स्थानों से सामान भी बरामद कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। उसे जेल भेजने की तैयारी की जा रही है। सीसी कैमरा बंद होने की दी थी जानकारी पुलिस की पूछताछ में पुजारी ने बताया कि उसे मंदिर में लगे सीसी कैमरों के बंद होने की जानकारी दी गई थी। इस वजह से उसने सीसी कैमरों पर ध्यान नहीं दिए। हालांकि उसने अपनी करतूत छुपाने के लिए चार सीसी कैमरे तोड़ दिए थे। दातागंज कोतवाल गौरव विश्नोई ने बताया कि पुजारी ने लूटपाट की साजिश खुद रची थी। उससे पूछताछ की जा रही है। रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर जिला अस्पताल में सेमिनार आयोजित

बदायूं। विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर जिला अस्पताल के हाल में सोमवार को एक सेमीनार आयोजित कि गई। जहां हेपेटाइटिस रोग से लड़ने के लिए वैश्विक प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए जागरूक किया गया। लोगों को इस बीमारी के बारे में जागरूक करने के लिए हर साल 28 जुलाई को विश्व हेपेटाइटिस दिवस मनाया जाता है। सेमिनार में कहा बी हेपेटाइटिस पॉजिटिव की गर्भवती महिलाओं के लिए सरकार की गाइडलाइन के अनुसार होने वाले बच्चों को हिपैटाइटिस बी इम्यूनो ग्लोबुलिन इंजेक्शन लगाना अनिवार्य है।जिससे होने वाले शिशु को संक्रमित होने से बचाया जा सके। नोडल अधिकारी एनवीएचसी जिला अस्पताल डॉ एसएम कमल ने बताया कि दूषित भोजन-पानी, दूषित रेजर या टूथब्रश का इस्तेमाल और असुरक्षित यौन संबंधों की वजह से जनपद में युवा हेपेटाइटिस ए, बी और सी की चपेट में आ रहे हैं। इस बीमारी में लिवर में सूजन आ जाती है। इनमें हेपेटाइटिस सी के मरीज सबसे ज्यादा हैं, जिसे काला पीलिया भी कहते हैं। उन्होंने ने बताया कि यहां मई 2022 से 26 जुलाई 2025 तक 43926 हेपेटाइटिस के मरीजों की जांच हुई जिसमें हेपेटाइटिस बीसी के 6264 और सी के 3619 मरीज पॉजिटिव निकले। 2963 हेपेटाइटिस सी के मरीज स्वास्थ हो चुके है। 239 हेपेटाइटिस बी और 656 हेपेटाइटिस सी पॉजिटिव के मरीजों का वर्तमान में इलाज इलाज चल रहा है। इनमें 25 से 50 साल उम्र वालों की संख्या सबसे अधिक है। जिला अस्पताल में मरीज छह नंबर में ओपीडी में दिखाना होता है। यहां से उसका सैंपल लेकर वायरल लोड के लिए लखनऊ लैब भेजा जाता है। जांच में हेपेटाइटिस सी की पुष्टि होने पर निशुल्क इलाज शुरू किया जाता है। तीन माह दवाइयां खानी पड़ती हैं, फिर जांच होती है, सही होने पर दवाइयां बंद कर दी जाती हैं, नहीं तो दवाइयां अगले तीन माह के लिए जारी रखी जाती हैं। ठीक होने तक यही प्रक्रिया अपनाई जाती है।जिला नोडल उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मोहम्मद तहसीन ने बताया कि हेपेटाइटिस ए दूषित भोजन या पानी से फैलता है और अमूमन जल्दी ठीक हो जाता है।हेपेटाइटिस बी और सी अधिक गंभीर है। यह रक्त और शारीरिक तरल पदार्थों के माध्यम से फैलते हैं। इससे लिवर को गंभीर नुकसान हो सकता है, कैंसर भी हो सकता है। हेपेटाइटिस सी एक संक्रामक रोग है, जो हेपेटाइटिस सी वायरस एचसीवी की वजह से होता है। इन कारणों से होती है बीमारी दूषित सिरिंज का उपयोग करना। दूषित रेजर या टूथब्रश का इस्तेमाल। दूषित रक्तदान, अंगदान या लंबे समय तक डायलिसिस द्वारा। दूषित सुईं से टैटू बनवाना या एक्यूपंचर करवाना। असुरक्षित यौन संबंध। ऐसे करें रोकथाम साफ पानी साफ खाना सफाई का विशेष ध्यान रखें। टैटू बनवाते हुए ध्यान रखें कि नई सुईं नई स्याही जो संक्रमित न हो विशेषकर टॉयलेट से आने के बाद सफाई का ध्यान रखे। लक्षण डायरिया थकान भूख न लगना उल्टी होना मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द होना यूरिन का रंग गहरा होना मल का रंग पीला हो जाना लिवर का आकार बढ़ जाना त्वचा, आंखों के सफ़ेद भाग, जीभ का रंग पीला पड़ जाना (ये लक्षण पीलिया में दिखाई देते हैं। इस अवसर पर एसीएमओ डॉक्टर जावेद हुसैन, सीएमएस जिला अस्पताल डॉ कप्तान सिंह, सीएमएस महिला अस्पताल डॉ इंदुकांत वर्मा, एलटी निखिल सक्सेना, कंप्यूटर ऑपरेटर रोहित सक्सेना, महिला पुरुष डॉक्टर व स्टॉफ मौजूद रहा।

# जिला अस्पताल में भर्ती मरीज गर्मी से परेशान,अधिकारियों का आदेश हवा-हवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बदायूं। जिला अस्पताल में मरीज गर्मी से बेहाल है। सोमवार को इमरजेंसी से लेकर हड्डी रोग वार्ड तक कई पंखे बंद थे। पंखे न चलने से मरीजों और तीमारदारों को मच्छर काट रहे हैं। इससे बचाव के लिए एक मरीज तो घर से पंखा लेकर आया है। जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती ककराला के मोहम्मदगंज निवासी गुलाम नवी के बेटे अदनान (9) को सांप ने डस लिया था। इस वजह से रविवार शाम को उसे जिला अस्पताल लेकर आए थे। वहां डॉक्टर ने इमरजेंसी बेड नंबर सात में भर्ती किया। इसके ऊपर लगा पंखा बंद था। इस वजह से गर्मी में बच्चा व तीमारदार परेशान हो रहे थे। अदनान की मां नाजमा ने घर से पंखा मंगवाया, तब जाकर बच्चे को गर्मी से राहत मिली। इसी तरह बेड नंबर पांच पर भर्ती किशौरा निवासी रामबाबू टाइफाइड होने पर रविवार को भर्ती हुए थे। उनकी मां मोरकली ने बताया कि रात में कई बार बिजली चली जाने की वजह से मच्छर काटते हैं। बिजली न आने पर पंखा चलाने की दूसरी कोई व्यवस्था नहीं है। बेड नंबर दो पर भर्ती प्रहलादपुर निवासी उदय पाल (20) को बुखार है। वह बृहस्पतिवार को इमरजेंसी वार्ड में भर्ती हुए थे। उदय के ताऊ ओमकरन ने बताया कि रात में बिजली की कटौती होती है। इस वजह से मच्छर बहुत काटते हैं। उन्होंने बताया कि मलेरिया होने का भी खतरा है। वहीं, हड्डी रोग वार्ड के अथरौसी निवासी भूपेंद्र का बेटा तरुण (8) और करन (5) सड़क हादसे में घायल हो गए थे। तरुण बेड नंबर दो और करन बेड नंबर तीन पर भर्ती थे। इसी तरह बिल्सी के शुभम माहेश्वरी का पैर टूटा होने की वजह से भी वार्ड में भर्ती थे। इन सभी के बेड के ऊपर पंखा नहीं चल रहा था। इस वजह से तीमारदार हाथ से पंखा कर मरीज को राहत दे रहे थे। वही सीएमएस से इस संबंध में जानकारी लेना चाहा तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

# श्रम विभाग ने संभल में चलाया बाल श्रम को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



संभल। श्रम विभाग संभल की टीम द्वारा बाल श्रम के विरूद्ध आम जनमानस में व्यापक जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार करते हुए शासन द्वारा निर्धारित बाल/किशोर श्रम उन्मूलन के लक्ष्य को पूरा करने हेतु अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व मौ0 आजम, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, संभल द्वारा थाना ए0एच0टी0यू0 टीम के साथ शहर के विभिन्न चैराहों यथा चैधरी सराय, सरायतरीन, तथा बाजार क्षेत्र में भ्रमण कर बाल श्रम उन्मूलन हेतु जागरूक किया गया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा सेवायोजकों एवं प्रतिष्ठान स्वामियों को अपने स्तर से स्वयं समाज में बाल श्रम के विरूद्ध जागरूक एवं प्रचार प्रसार करने हेतु आश्वस्त किया गया, जिससे शासन के निर्देशानुसार बाल श्रम पूर्णतः मुक्त किया जा सके। अभियान के अंतर्गत बाल/किशोर श्रम के अंतर्गत कार्यरत पाये गये श्रमिकों को चिन्हित कर उनके कुल 8 सेवायोजकों के विरूद्ध नोटिस जारी किया गया। संबंधित सेवायोजकों को भविष्य में भी बाल श्रम न कराये जाने हेतु सचेत किया गया। अभियान/निरीक्षण के दौरान सत्यविजय सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना ए0एच0टी0यू0, ललित कुमार (प्रवर्तन लिपिक), पुष्पेंन्द्र कुमार, दीपक कुमार, मौ0 शाहजेब अख्तर व अन्य सहयोगी उपस्थित रहे।

## विश्व हेपेटाइटिस दिवस के उपलक्ष्य में कारागार में आउटरीच कैंप आयोजित

बदायूं। विश्व हिपेटाइटिस दिवस के उपलक्ष्य में जिला कारागार में एक आउटरीच कैम्प आयोजित किया गया। नोडल अधिकारी एनवीएचसीपी जिला अस्पताल वरिष्ठ फिजीशियन डॉ एसएम कमल के नेतृत्व में जिला अस्पताल की टीम तथा जिला संक्रामक रोग नियंत्रण टीम के सदस्य कमर इकबाल, फार्मासिस्ट, गौरव यादव, एमपीडब्ल्यू आदि के साथ आउटरीच कैंप का आयोजन किया गया। आउटरीच कैंप का मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामेश्वर मिश्रा,व जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. मोहम्मद तहसीन द्वारा निरीक्षण किया गया। कैंप में 56 रोगियों की हिपेटाइटिस बी व सी की जांच की गयी। जिसमें कुल 5 मरीज पॉजिटिव पाये गये जिनका वायरल लोड कराकर जिला चिकित्सालय में स्थापित हेपेटाइटिस ट्रीटमेंट सेंटर के माध्यम से उपचार कराया जाएगा। इस अवसर पर जेल अधीक्षक राजेन्द्र कुमार ,जेलर कुँवर रणजय सिंह , डिप्टी जेलर दिव्यांशु गौतम, डिप्टी जेलर अनन्या, चिकित्साधिकारी डॉ हरीश कुमार, चिकित्साधिकारी,डॉ शारिक हुसैन, जेल फार्मासिस्ट गोपाल सिंह,आदि उपस्थित रहे।

## जिले की दो न्याय पंचायतों में आयोजित होगा दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

मुरादाबाद। राजकीय फल संरक्षण केंद्र मुरादाबाद द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार युवक एवं युवतियों को दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रभारी राजकीय फल संरक्षण केंद्र मुरादाबाद श्री सौरभ सिंह ने बताया कि जनपद की 02 न्याय पंचायतों में दो दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कराने के संबंध में विभाग स्तर से निर्देश दिए गए हैं। माननीय मुख्यमंत्री जी की इस महत्वाकांक्षी योजना में प्रशिक्षण प्रदान करके युवक एवं युवतियों को स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ा जाएगा।प्रशिक्षण के उपरांत इच्छुक व्यक्तियों को विभाग द्वारा मशीन एवं उपकरण के लिए 01 लाख रुपए अनुदान के रूप में भी प्रदान किए जाने का प्रावधान है। प्रशिक्षण सत्र के दौरान विशेषज्ञों द्वारा फल, सब्जी आधारित उत्पाद, कैचप, फ्रूटजूस, पेठा, मुरब्बा, जैम, पापड़, अचार, आलू चिप्स आदि बनाने के बारे में जानकारी दी जाएगी।

# डीएम और एसपी की अध्यक्षता में जिला पर्यावरएणीय समिति की बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल ( बहजोई)। कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई की अध्यक्षता में जिला पर्यावरणीय समिति/ जिला वृक्षारोपण समिति तथा जिला गंगा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। प्रभागीय वनाधिकारी प्रीति यादव द्वारा बैठक के विभिन्न एजेण्डा बिन्दुओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया। इस वर्ष कराये गये वृक्षारोपण की जियो टैगिंग के विषय में विभाग वार चर्चा की गयी एवं संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि शीघ्र जियो टैग कराना सुनिश्चित करें नहीं तो कार्यवाही संज्ञान में लायी जाएगी। वृक्षारोपण की सुरक्षा एवं सिंचाई पर भी चर्चा की गयी एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ग्रीन चौपाल पर भी चर्चा की गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्रीन चौपाल आयोजित की जाए तथा ग्राम वन भी बनाये जाएं। प्लास्टिक जप्ती करण को लेकर नगर पालिका एवं नगर पंचायत वार चर्चा की गयी। छापेमारी तथा तहसील एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्लास्टिक चैकिंग को लेकर भी दिशा निर्देश दिए। प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े एवं जूट के थैले का प्रयोग करने के लिए जागरूक करने के भी निर्देश दिए।बैठक में अनुपस्थिति रहे अधिकारियों को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। बहजोई में उचित स्थान पर एक अमृता देवी विश्नोई उद्यान को लेकर पुलिस अधीक्षक द्वारा चर्चा की गयी एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बायो मेडिकल वेस्ट पर चर्चा की गयी। जिला गंगा समिति की बैठक के अन्तर्गत जिलाधिकारी द्वारा अपर जिला पंचायती राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि न्याय पंचायत स्तर पर आर आर सी सेंटर पर कार्य किया जाए तथा लोगों को जागरूक किया जाए तथा अपर जिला पंचायती राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि पंचायती राज विभाग गंगा किनारे किसी एक न्याय पंचायत को गोद लेकर अपनी टीम के साथ वहाँ कार्य करते हुए लोगों को जागरूक करें।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मुरादाबाद। मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन फ़ेस-2 एवं फ़ेज- 3 के कार्यो की प्रगति के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। भारत सरकार की अतिमहत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन के अन्तर्गत प्रदेश के समस्त ग्रामीण घरों को वर्ष2028 तक पाइप पेयजल परियोजना के माध्यम से क्रियाशील पेयजल गृह संयोजन (एफएचटीसी) द्वारा पेयजल उपलब्ध कराया जाना है। इस कार्य हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ के द्वारा जल जीवन मिशन (फ़ेस - 2 एवं 3) के अन्तर्गत जनपद मुरादाबाद के ग्रामीण क्षेत्रों में भूजल आधारित पाइप पेयजल योजनाओ के निर्माण एवं 10 वर्षो तक संचालन एवं रख-रखाव के लिए एलसी इन्फ्रा एवं एनकेजी प्राइमस फर्म को सूचीबद्ध किया गया है।जल जीवन मिशन फ़ेस-2 के अन्तर्गत कार्यरत फर्म एलसी इन्फ्रा द्वारा कराये जा रहे 210 नग एवं फ़ेस- 3 के अन्तर्गत फर्म एनकेजी प्राइमस द्वारा कराये जा रहे 393 नग ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्यो की समीक्षा की गयी। एलसी इन्फ्रा द्वारा 210 नग योजनाओं में से 102 नग ओवर हेड टैंक के कार्य पूर्ण किये गये है जिनमें से 10 नग ओवर हेड टैंक के कार्य गतमाह में पूर्ण किये गये है एवं 38 नग ओवर हेड टैंक के कार्य माह अगस्त 2025 के अन्त तक पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया है।फ़ेस- 3 के अन्तर्गत फर्म को आवंटित 386 नग ओवर हेड टैंक में से मात्र 18 नग ओवर हेड टैंक के कार्य पूर्ण किये गये है, गतमाह में फर्म द्वारा ओवर हेड टैंक के कार्य पूर्ण करने हेतु आश्वासन दिया गया था, जिनकी प्रगति नगण्य पायी गई।मुख्य विकास अधिकारी ने ओवर हेड टैंक की नगण्य प्रगति एवं सड़क पुर्नस्थापना के अधूरे कार्यों पर नाराजगी जताई एवं अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया कि फर्म के विरूद्ध अग्रिम कार्यवाही हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग लखनऊ को पत्र प्रेषित करना सुनिश्चित करें।बैठक में इन दोनों फर्मों को कार्यो की प्रगति बढ़ाने एवं जिन पेयजल योजनाओं में पाइप लाइन बिछाने के कार्य पूर्ण हो गये है, उन सभी योजनाओं में पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से करने के निर्देश दिये।गांवों में पाइप लाइन बिछाने के उपरांत मानकों के अनुसार रोड रेस्टोरेशन कार्य की वास्तविक स्थिति की जांच कराने के लिए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि डीपीआरओ ग्राम पंचायतों में रोड रेस्टोरेशन की वास्तविक स्थिति का सत्यापन कराएं।

# जीवन में सफलता के लिए छात्राएं करें अथक प्रयास: एडीजे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुकम में एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं के निर्देशानुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं द्वारा मंगलवार को ड्रग अवेयरनेस एड वेलनेस नैविगेश इकाई के अन्तर्गत भाषण प्रतियोगिता एवं पोस्टर मेंकिग प्रतियोगिता एवं विधिक साक्षरता व जागरूकता शिविर का आयोजन ब्लूमिगडेल स्कूल, जनपद बदायूं में आयोजित किया गया।शिविर का शुभारम्भ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं शिव कुमारी की अध्यक्षता में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में लवकुश प्रसाद, ड्रग इंस्पेक्टर के द्वारा ड्रग्स के बारे में एवं उससे हाने वाली समस्याओं के बारे में छात्र छात्राओं को अवगत कराया, कषिष सक्सेना, असि. एल.ए.डी.सी. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं द्वारा अपने वक्तव्य में राष्ट्रीय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा संचालित योजनाओं, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं के द्वारा प्रदत्त निःशुल्क विधिक सेवाओं, विधिक साक्षरता व जागरूकता कैम्प के उद्देश्यों के बारे में बताया इसके अतिरिक्त उर्वशी के द्वारा भारतीय संविधान की प्रस्तावना, मौलिक अधिकारों एवं तीन नये भारतीय अपराधिक कानूनो के वारे में न्याय संहिता के कानून तथा उ0प्र0 शासन द्वारा संचालित विभिन्न टोल फ्री नं0 आदि के बारे विस्तारपूर्वक बताया।इसी क्रम में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिव कुमारी द्वारा अपने वक्तव्य में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के बारे में व उससे मिलने वाली विधिक सहायता के बारे में, मोटर व्हीकल एक्ट के बारे में सोषल मीडिया के दुरूपयोग से बचने के उपाय एवं पॉक्सो एक्ट के बारे में जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम का संचालन, ब्लूमिगडेल स्कूल के अध्यापक सैफ उद्दीन द्वारा किया गया एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं का स्टाफ एवं पराविधिक स्वयं सेवकगण, जिला मिशन कोर्डिनेटर, छवि वैश्य, जिला प्रोबेशन कार्यालय की तरफ से संरक्षण अधिकारी रवि व ब्लूमिगडेल स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव सिंह राठौर व विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर जिला कारागार में लगा स्क्रीनिंग कैम्प

मुरादाबाद। विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर जिला कारागार मुरादाबाद में सीएमओ की उपस्थिति में बंदियों के लिए निःशुल्क स्क्रीनिंग कैम्प आयोजित किया गया। जिला कारागार मुरादाबाद में 101 बंदियों का हेपेटाइटिस-बी एवं हेपेटाइटिस-सी की निःशुल्क स्क्रीनिंग की गयी। रैपिड जॉच के अन्तर्गत 12 बंदी हेपेटाइटिस-सी पॉजिटिव पाये गये जिनका सैम्पल एकत्रित कर जिला चिकित्सालय लैब में भेज दिया गया तथा 02 बंदी रैपिड टैस्ट में हैपेटाइटिस-बी पॉजिटिव पाये गये, जिन्हें औषधि प्रदान की गयी ।जिला चिकित्सालय में भी जागरूकता कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प के अन्तर्गत 50 व्यक्तियों की निःशुल्क स्क्रीनिंग की गयी तथा 40 व्यक्तियों का सैम्पल कलैक्शन करके लैब में जॉच हेतु भेजा गया।डा0 संजीव बेलवाल, नोडल अधिकारी, हैपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम द्वारा हेपेटाइटिस की रोकथाम के उपाय बताए गये और उपचार के विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी।इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जेलर एवं डिप्टी जेलर, चिकित्सा अधीक्षक आदि उपस्थित रहे।

# भक्ति, आस्था और समर्पण से भरी एक अनोखी यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मुरादाबाद। 22 भक्तों का एक अद्भुत समूह 20 जुलाई को मुच्छो वाले भोलेनाथ मंदिर, सीता रोड से शिव भक्ति की अलख जगाने निकला। यह पवित्र यात्रा अमरनाथ, वैष्णो देवी और कई अन्य धार्मिक स्थलों की ओर बढ़ी। बर्फीले पहाड़ों से लेकर माँ के दरबार तक, हर मोड़ पर सिर्फ ्बम बम भोले् की गूंज थी।

पूरे रास्ते में भक्ति, भाईचारा और दिव्यता का संगम रहा।हर दिन नई ऊर्जा, हर पड़ाव पर नया अनुभव और हर दर्शन पर आत्मा को छू लेने वाली शांति मिली। 10 दिन की यह दिव्य यात्रा जब 29 जुलाई को संपन्न हुई, तो सभी श्रद्धालु पुनः मुच्छो वाले भोलेनाथ मंदिर, सीता रोड पहुँचे—उसी स्थान पर जहां से यह पवित्र सफर शुरू हुआ था।यह यात्रा केवल तीर्थ नहीं थी, बल्कि एक जीवन भर याद रहने वाली आध्यात्मिक कहानी बन गई ऽ जहाँ शरीर थका, लेकिन आत्मा जाग उठी। जय भोलेनाथ !यात्रा में शामिल श्रद्धालूओं के नाम अर्पित चंद्रा ,मयंक वार्ष्णेय,अभय शर्मा ,मोहित वार्ष्णेय,लक्की, चंद्र,जैकी , आकाश, अंकित चौहान, कुश वार्ष्णेय, अन्नु सोनाली सक्सेना रागनी सक्सेना समेत अन्य लोग शामिल रहे।

## परचून की दुकान चलाने वाली महिला पर हमला

बबराला। गांव इटउआ में एक महिला पर मारपीट और अभद्रता का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता नीतू शर्मा ने गांव के ही संजय शर्मा, उसकी पत्नी आरती और पुत्रों रोहित व आदित्य पर हमला करने, गाली-गलौज करने और मोबाइल तोड़ने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने गुन्नौर थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उसका पति गोपीचंद शर्मा लंबे समय से बीमार हैं और वह छोटी सी परचून की दुकान चलाकर परिवार का पालन-पोषण कर रही है। सोमवार शाम करीब 6 बजे जब वह बबराला से अपने घर लौटी, तभी संजय शर्मा व उसके परिजन वहां आ पहुंचे और गाली-गलौज शुरू कर दी।नीतू शर्मा का आरोप है कि आरोपियों ने उसकी बेटी के लिए अशोभनीय टिप्पणियां कीं और विरोध करने पर उस पर लाठी-डंडों व ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया।

# प्रियंका निरंजन गोण्डा की नई डीएम

**गोण्डा की डीएम नेहा शर्मा को प्रभारी महानिरीक्षक निबंधन के पद पर भेजा गया है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। यूपी सरकार ने एक बार फिर तबादला एक्सप्रेस चलाया और कई आईएएस अफसरों के तबादले कर दिए है,जिनमे से 2013 बैच की आईएएस अफसर प्रियंका निरंजन को गोण्डा की नयी कलेक्टर बनाकर भेजा गया है। इससे पूर्व वे मिर्ज़ापुर में डीएम के पद पर आसीन थी। गोण्डा की डीएम नेहा शर्मा को प्रभारी महानिरीक्षक निबंधन के पद पर भेजा गया है। डीएम प्रियंका निरंजन अपनी पहली पोस्टिंग की शुरुआत से ही जनता के बीच अच्छा काम करती आ रही है।जब वे जनपद मुज़फ्फरनगर में पोस्ट थी तो उन्होंने अपनी बेटी को सरकारी चिकित्सालय में जन्म देकर जनता को संदेश देने का काम किया था कि सरकारी अस्पताल में भी बेहतर सुविधाएं है।जनपद मिर्ज़ापुर में ही इस अफसर ने विश्व हाथ धुलाओ दिवस पर प्राथमिक विद्यालय में पहुंचकर निरीक्षण करने के पश्चात विद्यालय के बच्चो के बीच बैठकर खाना खाया और बच्चों को हाथ धोने से होने वाले फायदों के बारे में बताया था।प्रियंका निरंजन का जन्म उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक अक्टूबर 1984 को हुआ।उनके पिता पीडब्ल्यूडी में कॉन्ट्रक्टर है और ये झांसी की मरौठा तहसील के मूल निवासी है और उनकी माता हाउस वाइफ है।

प्रियंका निरंजन के दो बहन और एक छोटा भाई है।एक बहन ने बी.टेक किया व दूस री बहन ने एमएससी की हुई है।इनकी प्रारंभि क शिक्षा जनपद जालौन व झांसी से हुई।और इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री तथा अर्थशास्त्र से मास्टर और आर्ट की डिग्री भी प्राप्त की है।इन्होंने 2008 से सिविल परी क्षा की तैयारी शुरू की और अपने छठे प्रयास में सिविल सर्विस क्वालीफाई कर 2013 बैच की आईएएस अफसर बन गयी।इनकी ट्रेनिंग 26 नवम्बर 2015 तक मसूरी में हुई उसके बाद शासन ने इन्हे 27 नवम्बर 2015 को जनपद मुज़फ्फरनगर में जॉइंट मजिस्ट्रेट के पद पर तैनात किया था।

मुज़फ्फरनगर के ज्वा इंट मजिस्ट्रेट के पद पर रहते हुए आईएएस प्रियंका निरंजन ने राजकीय जिला चिकित्सालय में बेटी को जन्म देकर मिसाल कायम की थी।इस आईएएस अधिकारी ने अपनी बेटी को सरकारी चिकित्सालय में जन्म देकर जनता में जागृति पैदा की,अन्यथा लोग मानते है कि सरकारी अस्पतालों में केवल गरीब ही इलाज कराते हैं,इन्होंने सुख सुविधा से संपन्न होते हुए भी पहले ही सरकारी अस्प ताल में बच्चे को जन्म देने का फैसला कर लिया था।एक घंटे चले ऑपरेशन के बाद आईएएस प्रियंका निरंजन ने बेटी को जन्म दिया था।जिला महिला चिकित्सालय की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.अमिता गर्ग ने खुद ऑपरेशन कर महिला आईएएस अधिकारी का प्रसव कराया।प्रियंका निरंजन डीएम जालौन रहते हुए गरीब परिवारों के बच्चो को निशुल्क कोचिंग की व्यस्था कराया,उनके प्रयासों से 2022 के विधान सभा के चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ा तथा वहां की नून नदी को पुन जीवित किया तथा लगभग सात सौ स्कूलों की बाउंड्री बनवाई।

मिर्ज़ापुर में सीडीओ रहते हुए वहां की कर्णावती नदी को भी पुनर्जीवित करने का भी कार्य किया है।जल संरक्षण हेतु इनके योगदान पर राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित की जा चुकी है पीएम मोदी और सीएम योगी आदित्य नाथ भी 2013 बैच की आईएएस अधिकारी प्रियंका निरंजन की तारीफ कर चुके हैं।इनके पति मनीष सिंह आईपीएस अधिकारी है इनके पिता राम कुमार निरंजन है जो झांसी में रहते है प्रियंका निरंजन, आईएएस बनने के पूर्व 2008 और 2010 में बीडीओ और ट्रेजरी ऑफिसर के पद पर काम कर चुकी है।

# एसपी ने की जनसुनवाई,थाना प्रभारियों को निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर लोगों की समस्या का निस्तारण किया और इसके साथ ही निर्देश दिया कि थाना प्रभारी थाने पर आने वाले फरियादियों की समस्या को गंभीरता से लेकर उसका निस्तारण करें।बताते चलें कि जनसमस्याओं को सुनने के दौरान थाना स्तरीय विवाद बड़े पैमाने पर सामने आए लिहाजा एस पी ने सख्त तेवर अपनाए हैं।जन शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने को लेकर पुलिस अधीक्षक नें जनसुनवाई किया। सुबह करीब साढ़े दस बजे से शुरू हुई जन सुनवाई लगभग 1:30 बजे तक चली।जनपद के अनेक क्षेत्रों से आने वाले लोगों ने एसपी के सामने अपनी समस्याओं को रखा।पुलिस अधीक्षक में संबंधित थानों से आने वाले लोगों की समस्याओं को सुना।कुछ मामलों में संबंधि त को आदेशित कर तत्काल कार्रवाई करने को कहा।थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।कहा कि थाने पर किसी भी फरियादी के आने पर उसकी बातों को सुना जाए और तत्का ल प्रार्थना पत्र लेकर उसे पर उचित कार्र वाई हो।लोगों की समस्याओं का निस्तारण नहीं होने या कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित प्रभारी की जवाबदेही होगी।

# अवैध शस्त्र फैक्टरी का भंडाफोड़ कई उपकरण बरामद, एक गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल नें अवैध शस्त्रों के निर्माण,क्रय-विक्रय एवं संग्रहण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभिया न के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी रा धेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी तरब गंज उमेश्वर प्रभात सिंह के नेतृत्व में थाना वजी रगंज पुलिस टीम के द्वारा अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड करते हुए बड़ी मात्रा अर्द्धनिर्मित तमंचे,कारतूस व उपकरण बरामद किया है।28 और 29 जुलाई की रात्रि थाना वजीरगंज के उप निरीक्षक रामधारी दिनकर पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील थे।मह राजगंज में चेकिंग करते समय एक संदिग्ध व्यक्ति तरबगंज की ओर से डुमरियाडीह की दिशा में आता हुआ दिखायी दिया,जो पुलिस बल को देखकर पीछे मुड़कर भागने लगा।पुलि स टीम नें तत्परता से कार्यवाही करते हुए उसे पकड़ लिया गया।पूछताछ पर उसने अपना नाम शीतला प्रसाद विश्वकर्मा पुत्र स्व.रामप्रताप विश्वकर्मा निवासी ग्राम विरजा पाण्डेय पुरवा, थाना तरबगंज गोण्डा बताया है।तलाशी के दौ रान अभियुक्त के पास से एक तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। अवैध शस्त्र के विषय में कड़ाई से पूछताछ कर ने पर अभियुक्त ने स्वीकार किया कि वह अपने घर पर अवैध देशी तमंचा बनाकर बेचने का का र्य करता है।पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त की नि शानदेही पर उसके घर पर छापेमारी की गई,ज हाँ से अवैध शस्त्र निर्माण सामग्री, अर्धनिर्मित तमंचे,कारतूस,बैरल एवं निर्माण उपकरणों का भारी मात्रा में समान बरामद हुआ।गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना वजीरगंज पुलिस द्वारा गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर सुसं गत धाराओं में अभियोग पंजीकृत अग्रिम विधि क कार्यवाही की गयी।

## क्या-क्या चीजें हुई बरामद

अभियुक्त शीतला प्रसाद विश्वकर्मा के पास सेएक तमंचा 315 बोर,एक जिन्दा कारतूस।देशी तमंचा सात,छा फैरा-एक,जिंदा कारतूस बारह बोर-दो,खोखा कारतूस 32 बोर आठ,खोखा कारतूस 315 बोर दो, 12 बोर बैरल पांच,315 बोर बैरल एक,12 बोर अर्धनिर्मित बैरल पांच, तमंचा बनाने के उपकरण,ड्रिल मशीन मोट राइज एक,मैनुअल ड्रिल मशीन एक, हथौड़ी, कटर,रेती,स्प्रिंग, ट्रिगर, रिंच, पिलास,डाई, लोहे की रॉड, कैची, ग्लेंडर पत्थर आदि।

# धूप से बचने की अनोखी तरकीब, बच्ची ने पत्ते से बनाई टोपी, कैमरे में हुई मासूमियत कैद



नानपारा, बहराइच। तेज़ धूप और उमस भरे मौसम में जहां बड़े लोग छाता या स्कार्फ का सहारा लेते हैं, वहीं एक नन्ही बच्ची ने अपनी मासूम समझदारी से सबका दिल जीत लिया। स्कूल से छुट्टी के बाद घर लौट रही इस बच्ची ने सिर पर बड़े पत्ते से खुद की एक टोपी बनाकर पहन ली, जो न केवल धूप से बचाव का साधन बनी, बल्कि ग्रामीण रचनात्मकता की एक सुंदर मिसाल भी। इस दृश्य को राजकीय हाईस्कूल राजापुर कलां, बलहा के प्रधानाचार्य मुक्तेश्वर पोद्दार ने उस समय कैमरे में कैद किया, जब वे एक अन्य विद्यालय में शैक्षिक जांच के बाद लौट रहे थे। रास्ते में बच्ची की यह अनोखी कलाकारी देखकर वे इतने प्रभावित हुए कि इस पल को तस्वीर के रूप में संजो लिया। यह तस्वीर अब सोशल मीडिया पर खूब सराही जा रही है।

# सतरूपा अष्टभुजा दुर्गा मंदिर में नागपंचमी पर आयोजित हुआ विशेष पूजन और हवन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। सतरूपा अष्टभुजा दुर्गा मंदिर प्रांगण में नागपंचमी के पावन अवसर पर मंगलवार को विशाल धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 18 जोड़ों ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया। पूजन कार्यक्रम की शुरुआत नवग्रह पूजा से हुई, जिसके बाद काल सर्प योग निवारण पूजा, रुद्राभिषेक और हवन पूजन संपन्न कराया गया। समस्त धार्मिक विधियां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सम्पन्न हुईं। पूजन के प्रथम चरण में किशन यगसेनी, गगन श्रीवास्तव, रमेश अग्रवाल, अदम्म अग्रवाल व परमानंद रस्तोगी ने सपत्नीक भाग लिया। इसके पश्चात द्वितीय चरण में अंशु जालान, आशीष ओझा, नीतेश त्रिपाठी, महेंद्र जायसवाल, डॉ. सी. बी. वर्मा और हिमांशु ने हवन और पूजन अनुष्ठान में भाग लिया। तृतीय चरण में मोहनी त्रिपाठी, अंशुमान मिश्र, आलोक, प्रभात श्रीवास्तव, पुरणेश पांडेय, बेबी त्रिपाठी, ओम प्रकाश यादव और अभिनव गोयल द्वारा पूर्ण विधि-विधान से पूजन, रुद्राभिषेक और हवन कराया गया। समस्त अनुष्ठान का संचालन महाआचार्य पंडित राम उजागर मिश्र के नेतृत्व में आचार्य अनुपम मिश्र, आचार्य संचित व आचार्य संतोष पांडेय समेत कई विद्वान आचार्यों ने किया। कार्यक्रम के अंत में भंडारे व प्रसाद वितरण का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। भंडारे की व्यवस्था में आशीष ओझा का विशेष योगदान रहा। धार्मिक आयोजन में मंदिर समिति के अध्यक्ष डी. कान्त, डॉ. वीरांगना कान्त, राम गोपाल मिश्र सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन धार्मिक वातावरण में शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ।

# तीन शातिर वाहन चोर गिरफ्तार,चोरी की चार बाइकें बरामद

**गिरफ्तार अभियुक्तगणों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वे संगठित रूप से मिलकर भीड़भाड़ वाले स्थानों से मोटर साइकिलें चोरी कर, उन्हें जंगल में छिपाकर रखते है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। वजीरगंज पुलिस को वाहन चोरी करने वाले गिरोह के तीन आरोपियों को पकड़ने में सफलता मिली है।आरोपियों के पास से चोरी की चार बाइकें समेत अन्य सामग्री बरामद की है।ये सभी आरोपी गोण्डा जिले के रहने वाले हैं।क्षेत्राधिकारी तरबगंज श्री उमेश्वर प्रभात सिंह नेंकि 28 और 29 जुलाई की रात्रि में गस्त के दौरान रामप्रकाश चन्द मय टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील थे कि मुखबिर के के द्वारा सूचना मिली कि तीन संदिग्ध युवक चोरी की मोटर साइकिल से डुमरियाडीह की तरफ आ रहे हैं। पुलिस टीम द्वारा इमलिया चौराहे पर सघन चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल सवार तीनों व्यक्तियों को रोका गया।पूछताछ में चोरो नें बताया कि यह मोटरसाइकिल उन्होंने 27 जुलाई को बाबा बालेश्वरनाथ मंदिर से चोरी की थी।गहन पूछताछ पर चोरों के द्वारा और भी मोटरसाइकिलें चोरी करने की बात स्वीकार की गई तथा उनकी निशानदेही पर तीन और चोरी की मोटरसाइकिलें ग्राम इमलिया के समीप झाड़ियों से बरामद की गयी।गिरफ्तार अभियु क्तगण के विरूद्ध थाना वजीरगंज पुलिस द्वारा गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्तगणों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वे संगठित रूप से मिलकर भीड़भाड़ वाले स्थानों से मोटर साइकिलें चोरी कर,उन्हें जंगल में छिपाकर रखते हैं और सही मौका देखकर बेच देते हैं। चोरी से प्राप्त पैसे से अपने निजी खर्चों को पूरा करते हैं। वे पहले भी कई स्थानों से मोटर साइकिल चोरी कर चुके हैं।

# गायत्री चेतना केंद्र में वृक्षारोपण व पर्यावरण संरक्षण पर संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। विश्व प्रकृति निधि दिवस पर घसियारीपुरा स्थित श्री मैदानी बाबा मां गायत्री सेवा चेतना केंद्र में पर्यावरण, जल संरक्षण व नशा उन्मूलन पर संगोष्ठी व वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। श्रद्धालुओं को पंचवटी व हरिशंकरी प्रजाति के पौधे वितरित किए गए तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु सामूहिक संकल्प दिलाया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय व प्रोबेशन अधिकारी विनोद रॉय ने पर्यावरण व नशा उन्मूलन पर विचार रखे। आयोजक संजीव श्रीवास्तव ने अभियान की जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य आर.पी.एन. श्रीवास्तव व संचालन अनिल मिश्र ने किया। गायत्री परिव्राजक पं. जगदीश मिश्र व कांति मिश्र ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ वृक्षारोपण कराया। समापन पर हरिशंकरी प्रजाति के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया।

# वजीरगंज में लिखी जा रही मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार की इबारत

**श्रमिकों के फर्जी मस्टर रोल के जरिए डकारा जा रहा सरकारी धन जिम्मेदार अनजान**

**मनरेगा योजना शिकायतों के बाद भी निष्पक्ष जांच कराकर कार्रवाई से परहेज़ कर रहे जिले के जिम्मेदार अधिकारी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिले के वजीरगंज ब्लॉक में मनरेगा योजना में फर्जी हाजिरी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।यहां की तमाम ग्राम पंचायतों में मनरेगा के अंतर्गत फर्जी मस्टर रोल के जरिए बड़े पैमाने पर लेबर घोटाला किया जा रहा है और जिम्मेदार अधिकारियों के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है।ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि आखिर जिले के जिम्मेदार व ब्लाक के अधिकारी किस तरीके से ग्राम पंचायतों की निगरानी कर रहे हैं,जो इतने बड़े स्तर पर भ्रष्टा चार की इबारत लिखी जा रही है।वजीरगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत नयपुर,रायपुर,उदयपुर ग्रंट,सोहना, खानपुर, कादीपुर, बिरहमतपुर व खीरीडीह, साहिबपुर,सहित कई अन्य ग्राम पंचायतों में जिस तरीके से मनरेगा योजना के मस्टर रोल में फर्जी हाजिरी का खेल खेला जा रहा है, उससे न सिर्फ सरकारी धन को चूना लगाया जा रहा है, बल्कि बड़े पैमाने पर लेबर घोटाले की स्क्रिप्ट भी तैयार की जा रही है।यहां ग्राम पंचायत नयपुर में 23 जुलाई से लेकर 28जुलाई तक जब मनरेगा के साइड पर जाकर कार्यों की वास्तविकता जानने का प्रयास किया गया तो हकीकत चौंकाने वाली सामने आई। उक्त ग्राम पंचायत में एक कार्य जो मनरेगा के साइट के पोर्टल पर चल रहा था, उस पर 107 श्रमिकों की हाजिरी प्रति दिन लगाई जा रही है, लेकिन मौके पर एक भी श्रमिक देखने को नहीं मिला।वहीं दूसरी तरफ ग्राम पंचायत सहिबापुर में 58 श्रमिकों की हाजिरी लगाई गयी, जबकि ग्राम पंचायत उदयपुर ग्रंट में जो मनरेगा कार्य चल रहा है,उस साइड पर 59 श्रमिकों की उप स्थिति लगाई जा रहां है।सूत्रों की मानें तो सिर्फ फोटो से फोटो अपलोड करके फर्जी हाजिरी लगाने का कार्य किया जा रहा है।ऐसे में ग्रामी णों द्वारा सवाल खड़े किए जा रहे हैं कि ब्लॉक में प्रभारी वीडियो से लेकर एपीओ, सचिव और तकनीकी सहायक आखिर किस तरह मनरेगा योजना के तहत कराए जा रहे कार्यों की निग रानी कर रहे हैं.....? सवाल यह भी है कि क्या इस भ्रष्टाचार के दलदल में प्रभारी वीडियो,एपीओ, सचिव और तकनीकी सहायक भी शामिल हैं...? बहरहाल,यह उच्च स्तरीय जांच का विषय है।देखने वाली बात यह होगी कि ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना में फर्जी मस्टर रोल के जरिए किए जा रहे श्रमिक घोटाले की उच्च स्तरीय,निष्पक्ष जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी या फिर खानापूर्ति कर मामले को निप टा दिया जाएगा।

## मनरेगा में पारदर्शिता प्रशासन की प्राथमिकता

सीडीओ मनरेगा योजना में अनियमितता एवं लापरवाही को लेकर मुख्य विकास अधिकारी अंकित जैनकाफी सख्त हैं।लगातार मिल रही शिकायतों के मद्देनजर पिछले महीने सीडीओ ने जिलेभर में टीमें गठित मनरेगा योजना के तहत कराए गए कार्यों की जांच कराई थी,जिसमें रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई भी की गयी थी। सीडीओअंकिता जैन का स्पष्ट कहना है कि मनरेगा योजना में पारदर्शिता प्रशासन की प्राथमिकता में शामिल है। इस अतिमहत्वाकांक्षी योजना में लापरवाही एवं वित्तीय अनियमितता किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# जरवल के समाजसेवी ने लगाया 11वां विशाल भंडारा



जरवल, बहराइच। नगर पंचायत जरवल की वरिष्ठ व्यवसायी व हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष सचिन गर्ग के द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शिव भक्त कांवरियों के लिए बाराबंकी जनपद में स्थित पांडव कालीन श्री लोधेश्वर महादेव में कांवरियों के लिए एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें काफी संख्या में शिव भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया प्रसाद में पूडी सब्जी छोला चावल व मीठे की भी व्यवस्था की गई तथा शिव भक्तों की काफी सेवा की गई सचिन गर्ग ने बताया कि विगत 10 वर्ष से प्रति वर्ष भंडारे का आयोजन किया जा रहा है जिसमें दूर दराज से आने वाले कांवरियों के लिए भोजन व पानी की व्यवस्था की जाती है श्री गर्ग ने बताया कि कई किलोमीटर से शिव भक्त पवित्र जल लेकर आते है जो बाबा भोले नाथ का जलाभिषेक करते है उनकी सेवा करने का सौभाग्य मुझे प्राप्त होता है जिसमें हमारे परिवार के लोगों का व इष्ट मित्रों का सहयोग रहता है उक्त भंडारे में अश्विनी अग्रवाल,सक्षम अग्रवाल, नीलकंठ अग्रवाल,प्रमोद कुमार अग्रवाल, परमेश कुमार अग्रवाल, अक्षय अग्रवाल,राकेश कुमार आर्य, राजेश कुमार गुप्ता,मोनू मिश्रा, सायन मिश्रा,प्रमोद कसौंधन, विजय कुमार सर्राफ,जितेंद कसौंधन, त्रिवेणी गुप्ता,लवकुश गुप्ता,मुकेश कुमार सोनी सहित सभी लोग कांवरियों की सेवा में लगे रहे ।

# नसीराबाद पुलिस की मौजूदगी में दो पक्षों में जमकर बवाल

**प्रधान पुत्र की दबंगई का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल**

**पुलिस के सामने जमकर चले लाठी डंडे और कुल्हाड़ी, तमाशबीन रही पुलिस पुरानी रंजिश को लेकर लेकर हुआ दो पक्षों में विवाद**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। नसीराबाद थाना क्षेत्र में दबंगों पर अब पुलिस का भय नही रहा।जहां बीते सोमवार को पुलिस की मौजूदगी में प्रधान पुत्र समेत उनके गुर्गों ने एक युवक को दिन दहाड़े लाठी डंडो और लोहे की रॉड से जमकर पीटा। मारपीट में लहूलुहान हुए पीड़ित को काफी चोटें आई है।घायल युवक का सीएचसी में इलाज चल रहा है। गौर करने वाली बात यह भी है कि दिन दहाड़े हुए इस बवाल में मौके पर मौजूद पुलिस जहां मूकदर्शक बनी रही वहीं जब ग्रामीणों ने मोर्चा संभाला तो आरोपी अपनी बाइक मौके पर ही छोड़ कर भाग निकले।वहीं पुलिस की मौजूदगी में हुए बवाल का वीडियो शोसल मीडिया पर वायरल होते ही हड़कंप मच गया।फिलहाल पीड़ित युवक की तहरीर पर पुलिस ने प्रधान और प्रधान पुत्र समेत छह नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नसीराबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव पूरे लाल सिंह मजरे चतुरपुर निवासी गुलाब सिंह पुत्र जयराम सिंह ने सोमवार को थाने में तहरीर देते हुए बताया कि जमीन कब्जाने और पुरानी रंजिश को लेकर सोमवार दोपहर तकरीबन दो बजे गांव के प्रधान कमल उपाध्याय के पुत्र विशाल उपाध्याय अपने सात आठ साथियों के साथ आये और भद्दी भद्दी गालियां देते हुए लाठी डंडो और रॉड से मारने लगे। प्रत्यक्षदर्शियोंके अनुसार जब मारपीट के समय पुलिस मौके पर तमाशबीन बनी थी।जब ग्रामीणों ने मोर्चा संभाला तो एक आरोपी मौके पर बाइक छोड़ कर भाग गयी। फिलहाल घायल युवक की तहरीर पर पुलिस ने विशाल,कमल उपाध्याय,रधुराज सिंह, सचिन, गुड्डू, अनिल और दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दरज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की विवेचना थाने के उपनिरीक्षक गौरव को सौंपी गई है।

# बहराइच में मिनी सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स का हुआ निर्माण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। जनपद के कृषकों को सब्जी बेहन पौध को सुलभता से उपलब्ध कराने के लिए उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा राजकीय स्वर्ण जयन्ती पौधशाला, बभनी, बहराइच में मिनी सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स का निर्माण कराया गया है। जिसका मुख्य उद्देश्य कृषकों को रोगमुक्त व स्वस्थ्य शाकभाजी पौध उपलब्ध कराना है। किसान भाई यहॉ पर उत्पादित बेहन पौध रू-2 प्रति पौधा की दर से प्राप्त कर सकते है तथा बेमौसम शाकभाजी उत्पादित कर कृषि को अपनी मुख्य आय बना सकता है। एक्सीलेन्स नर्सरी में किसान अपना बीज देकर रू0-1 प्रति पौधा शुल्क जमा कर पौध उत्पादित करा सकते हैं। वर्तमान समय में बैगन, टमाटर, मिर्च, शिमला मिर्च, पातगोभी, कद्दू एवं लौकी आदि के पौधे रोपण हेतु उपलब्ध हैं। यह पौधे राजकीय स्वर्ण जयन्ती पौधशाला, बभनी, बहराइच पर कभी भी प्राप्त कर सकते हैं। किसी प्रकार की जानकारी के लिए पौधशाला प्रभारी, मंजीत सिंह, मो0न0-73880 46768 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# उपमुख्यमंत्री से कैफ़ रज़ा की शिष्टाचार मुलाकात जनहित के मुद्दों पर हुई चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से कैफ़ रज़ा,जोकि कैबिनेट मंत्री के प्रतिनिधि एवं उत्तर प्रदेश युवा मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष हैं। उन्होंने रविवार को उनके लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की।इस अवसर पर दोनों के बीच प्रदेश के युवाओं, आम जनता और समाज के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गंभीर और सकारात्मक चर्चा हुई।कैफ़ रज़ा ने उपमुख्यमंत्री को अपने संगठनात्मक कार्यों और ज़मीनी स्तर पर युवाओं से जुड़े अनुभवों से अवगत कराया। उन्होंने युवाओं के रोज़गार, शिक्षा, स्किल डेवलपमेंट और सरकारी योजनाओं के सुचारु क्रियान्वयन जैसे विषयों पर फोकस करते हुए अपनी बात रखी। साथ ही उन्होंने यह भी आग्रह किया कि युवा शक्ति को संगठित कर समाजहित में रचनात्मक दिशा दी जाए, इसके लिए सरकार और संगठन के बीच समन्वय और मज़बूती से काम किया जाए। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कैफ़ रज़ा के कार्यों की सराहना की और उन्हें सामाजिक एवं जनसेवा से जुड़े कार्यों के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि सरकार हर उस प्रयास का समर्थन करेगी, जो जनहित और विशेष रूप से युवा कल्याण को केंद्र में रखकर किया जा रहा है।यह मुलाकात सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई और दोनों ही पक्षों ने भविष्य में प्रदेश के विकास और युवाओं के उत्थान के लिए मिलकर कार्य करने के संकल्प को दोहराया।इस अवसर पर संगठन से जुड़े कुछ अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे, जिन्होंने उपमुख्यमंत्री से मुलाकात को प्रेरणादायक और उत्साहवर्धक बताया।

# सपा नेता ने पूरनपुर आगमन पर संत का किया स्वागत एवं सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। नगर निवासी समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह यादव द्वारा 11000 किलोमीटर की पदयात्रा पर निकले महान भक्त का पूरनपुर के राम होटल में रुकने पर गायत्री परिवार के संदीप खंडेलवाल एवं समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह यादव ने अंग वस्त्र उड़ाकर सम्मान किया पड़ोसी राज्य

उत्तराखंड के गंगोत्री से शुरू की गई 11000 किलोमीटर लंबी पद यात्रा के अंतर्गत पूरनपुर पहुंचे।दिल्ली के निवासी संत मुकेश ठाकुरान की अगुवाई में निकली इस यात्रा का होटल राम में स्वागत किया गया भक्तों द्वारा उनका अभिनंदन किया गया और हर हर महादेव के नारों , जय भोलेनाथ से माहौल भक्तिमय हो गया।संत मुकेश ठाकुरान ने बताया कि अब तक 11 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन पद यात्रा के माध्यम से कर चुके हैं।अब अंतिम पड़ाव केदारनाथ की ओर बढ़ रहे हैं उन्होंने बताया की यात्रा का उद्देश्य देश में सुख शांति समृद्धि और सभी के कल्याण की भावना है।यह यात्रा पिछले वर्ष 17 सितंबर को गंगोत्री से प्रारंभ हुई थी।इस मौके पर पहुंचे गायत्री परिवार के संदीप खंडेलवाल ने स्वागत करके उनका कुशल मंगल जाना श्री खंडेलवाल ने कहा कि ऐसे बड़े संकल्प प्रभु की कृपा बल्कि उसकी विशेष कृपा से ही पूरे होते हैं। भोलेनाथ के भक्त पवन यादव ने भी उनकी सेवा सत्कार की अच्छी व्यवस्था करवाई

यात्रा पर निकले ऐसे परम भक्त को दिल से नमन कर उपस्थित सभी लोगों ने उनका आशीर्वाद भी लिया संत केदारनाथ धाम के लिए आगे को प्रस्थान गए हैं।

## रेलवे पुलिसकर्मियों ने कबाड़ बेचने वाले को शक के आधार पर पीटा

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर के मोहल्ला रजागंज का रहने वाला सोनू अली को रेलवे पुलिसकर्मियों द्वारा मारपीट करने का आरोप लगाया है ।पुलिस क्षेत्राधिकारी पूरनपुर से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। सोनू अली ने बताया कि वह मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे कबाड़ बेचने के लिए निकला था। रेलवे लाइन के पास पहुंचने पर बाइक पर सवार दो पुलिसकर्मियों ने उसे रोक लिया नाम पूछा और जवाब देने पर चोरी के शक मे पिटाई कर दी ।जिसके उसके हाथ में गंभीर चोट आ गई घर पहुंचकर परिजनों को बताया परिजनों के साथ वह सीधे सीओ कार्यालय पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई है।

## चोर की अफवाह पर दौड़े ग्रामीण वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहल्ला साहूकारा लाइनपार में सब्जी के खेत में चोर होने की अफवाह फैलते ही लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी और लोग खेत की ओर दौड़ पड़े। काफी देर खेत में चोरो की तलशा की गई पर कौई भी नही मिला। हालांकि अफवाह फैलाने वाले लोगों पर पुलिस अधीक्षक ने कार्रवाई की चेतावनी दी है। उसके बाद भी अफवाहें फैल रही हैं और चोर मचाए शोर को लेकर ग्रामीण अपने अपने क्षेत्र में रखवाली कर रहे हैं। फिलहाल मंगलवार दोपहर 12:30 पर वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो दो दिन पुराना बताया जा रहा है।

## नाली में मिला युवक का शव पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के गांव घाटमपुर के पास में सोमवार की रात लगभग आठ बजे एक अज्ञात युवक का शव नाली में पड़ा देखा गया। युवक का शव नाली में पड़ा देख लोगों में हड़कंप मच गया था। मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नाली से निकलवाया था ।पुलिस के काफी प्रयास के बाद भी मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया गया था और मृतक युवक की शिनाख्त का प्रयास किया गया। मंगलवार दोपहर 1:00 बजे कोतवाल ने बताया कि मृतक की शिनाख्त सुधीर पुत्र कढेर निवासी सिमरिया के रुप में हुई हैं।

## लड़ाई झगड़ा देख रहे युवक की बेहरमी से पिटाई

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहल्ला साहूकारा लाइनपार निवासी ज्यासुद्दीन ने मंगलवार सुबह 11 बजे बताया कि सोमवार की रात में वह अपनी बहन के घर मोहल्ला रजागंज में जा रहा था। इस दौरान बैंक्विट हॉल के पास में मारपीट हो रही थी। यह देख पीड़ित युवक रुक गया और साइड में खड़ा हो गया। आरोप है कि इस दौरान लगभग आधा दर्जन लोगों ने उसको भी खीच लिया और धारदार हथियार मारकर घायल कर दिया। जिससे युवक घायल हो गया। जानकारी लगने पर घायल युवक के परिजन मौके पर पहुंचे और उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया और मामले में पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

## ट्रांसफार्मर से टकराई इको बड़ा हादसा होने से टला

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के गांव भगवन्तापुर रोड पर जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह तड़के चार बजे एक इको पताबोझी गांव की तरफ जा रही थी। इको में लगभग आठ से दस लोग सवार थे। जैसे ही इको भगवन्तापुर रोड पर पहुंची तभी रोड के किनारे लगे ट्रांसफार्मर से अनियंत्रित होकर इको टकरा गई। इको में सवार सभी लोगों में हड़कंप मच गया और सभी लोगों ने इको से उतर कर अपनी जान बचाई। फिलहाल बड़ा हादसा होने से टल गया हैं।

## राशन कार्ड में नाम कटने पर सपा कार्यकर्ताओं में रोष

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पात्र परिवारों के राशन कार्ड्स कटने पर सपा कार्यकर्ताओं ने जताया रोष। पात्र परिवारों के राशन कार्ड्स कटने पर सपा कार्यकर्ताओं ने रोष जाहिर किया। सपा जिला सचिव और पूर्व सभासद तौफीक अहमद क़ादरी ने कहा की वर्तमान समय में पात्र लोगों और अति निर्धन लोगों के नाम जारी राशन कार्डस कट रहे हैं समझ से परे हैं जबकि अपात्रों के नाम राशन कार्ड्स बनाए जा रहे हैं। ऐसे लोगों के नाम राशन कार्ड्स से लगातार कट रहे है जो मात्र सरकारी गल्ले से गुजर बसर करते हैं। सप्लाई विभाग में अक्सर विधवा गरीब विकलांग खड़े मिलते है और उनकी सुनने वाला कोई नहीं होता रोजाना ऐसे लोग काम न होने पर निराश होकर लौट जाते हैं ।ये राशन कार्ड्स क्यों कट रहे है ।सप्लाई विभाग को बताना चाहिए कई ग्रामों से महिलाएं छोटे छोटे बच्चों को लेकर रोजाना दर दर भटकती फिरती हैं सप्लाई विभाग को सप्ताह में समस्याओं के निदान हेतु प्रचार प्रसार कर एक दिन कैंप लगाना चाहिए ।ताकि समस्याओं का समाधान हो सके ।सभी ने एक जुट होकर मांग की है ।मांग करने बालों में मुख्य रूप से तौफीक अहमद क़ादरी, सभासद नादिर रजा बरकाती, खालिद रजा, मुराद अली ,अंग्रेज सिंह, ओमकार यादव, बलकार सिंह, अनमोल भारती, सभासद नुसरत परवीन क़ादरी, पुनीत ,राजू, नितिन कुमार इत्यादि थे।

# बीएचईएल में लोहे की चादर गिरने से ट्रक ड्राइवर की मौत से फैली सनसनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। थाना कमरौली क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र स्थित भारत हैवी इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड में मंगलवार को एक बड़ा हादसा हो गया है। हाइड्रा मशीन से उठाई जा रही लोहे की चादर लोड करते समय अचानक ट्रक ड्राइवर पर गिर पड़ी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई है। इससे फैक्ट्री में अफरा तफरी मच गई।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। बताते चलें कि जनपद आज़मगढ़ के थाना महानगर क्षेत्र के गांव सिसवा निवासी ट्रक चालक प्रहलाद यादव पुत्र प्रेम यादव मंगलवार को बीएचईएल में लोहे की चादर लोड कर रहे थे।इस दौरान हाइड्रा मशीन से उठाई जा रही लोहे की भारी चादर अचानक ट्रक ड्राइवर पर गिर पड़ी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया।मौके पर मौजूद अन्य कर्मचारियों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। हादसे के बाद फैक्ट्री परिसर में अफरा तफरी मच गई।प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यह हादसा कम्पनी में सुरक्षा इंतजामों की लापरवाही के कारण हुआ है फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष मुकेश पटेल ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया गया है तहरीर मिलते ही अभियोग दर्जकर लिया जायेगा।

## प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के केंद्रीय सलाहकार के सदस्य बैठक कर समीक्षा करेंगे

अमेठी। प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना केन्द्रीय सलाहकार समिति के सदस्य धीरेन्द्र कुमार बाल्मीकि का एक दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है ।वह आगामी तीस जुलाई को डेढ़ बजे सर्किट हाउस अमेठी पहुंचेंगे। इसके बाद वह डीपीआरओ, जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास, हाइड्रिल एक्सईएन, शिडको, सीएमओ, जीएम जल निगम, जीएम जल संस्थान, डीएसओ, सचिव मण्डी के साथ प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना की बैठक में प्रतिभाग करेंगे। इसके उपरांत जिला विकास अधिकारी, समस्त वीडीओ, पीडब्ल्यूडी एक्सईएन के साथ समीक्षा बैठक करेंगे साथ ही गांव में चिन्हित, फीडिंग स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण में बने शौचालय की रिपोर्ट, उज्जवला योजना में हुये कनेक्शन, सौभाग्य योजना के तहत कितने कनेक्शन हुये, जीवन ज्योति बीमा व स्वास्थ्य बीमा योजना में कितने लाभार्थी, वैक्सीनेशन कितने लोगों का लगा, कितने लोगों के मुद्रा स्वास्थ्य कार्ड बने, कितने स्ट्रीट लाइट लगी, कितने हैडपैम्प लगे। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अन्तर्गत हो रहे कार्य को देखेगें। पचास प्रतिशत से अधिक दलित आवादी वाले गांव, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत चिन्हित गांवो में विकास की सूची का अवलोकन करेंगे। केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की समीक्षा करेंगे जिसमें समस्त अधिकारी उपस्थित रहेगें।

# उ. प्र. मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

सुलतानपुर। उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के बैनर तले पत्रकारों से सम्बंधित मांगों को लेकर मान्यता प्राप्त पत्रकारों ने जिलाधिकारी से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में सोशल मीडिया प्लेटफार्म से मान्यता प्राप्त पत्रकारों को जोड़ा जाय जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं की सही जानकारी मिल सके। पत्रकारों की समस्याओं के निदान के लिए जिला स्तरीय स्थायी समिति का नियमानुसार अविलंब गठन कर बैठक सुनिश्चित की जाय। मान्यता प्राप्त पत्रकार जिले के किसी भी संस्थान या विभाग कार्यालय में समाचार संकलन हेतु जायें तो उनसे सम्मान जनक वार्ता करते हुए सहयोग प्रदान किया जाय। शासन की मंशानुरूप मीडिया संकुल का निर्माण जल्द से जल्द कराया जाय। जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने सम्बन्धित मांगों को सुनते हुए प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि सम्बन्धित मांगों को जल्द से जल्द पूरा कराया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में समिति के अध्यक्ष अरुण कुमार जायसवाल, वरिष्ठ पत्रकार मनोराम पांडेय, सचिव कृष्ण चंद्र पाठक, कार्यकारिणी सदस्य अंकित राय, नीरज तिवारी आदि मौजूद रहे।

## विश्व प्रसिद्ध बहत्तर ताबूत की ज़्यारत 17/18 अगस्त को

सुल्तानपुर। विगत वर्षों से करबला के 72 शहीदो की याद में अंजुमन जीनतुल अज़ा रजि. अमहट के द्वारा इमामबाड़ा बख्शी खां ताल्लुकेदार अमहट में हज. इमाम हुसैन अलै. और उनके 72 जॉनिसारों की याद में एक शब्बेदारी का सिलसिला चला आ रहा है। 17 अगस्त की रात में इमाम बारगाह बख्शी खां ताल्लुकेदार में रातभर मुल्क के ख्यातिलब्ध शिया धर्मगुरूओं की तकरीरे व बैरूनी और स्थानीय अंजुमनें नौहा मातम करेगी, 18 अगस्त को सुबह 72 ताबूतों का इमामबाड़ा बख्शी खां ताल्लुकेदार से 72 ताबूत बरामद होगें। जिसे रायबरेली रोड़ स्थिति करबला पर सुपुर्देखाक किया जाएगा। रास्ते भर जाकिर-ए-अहलेबैत की तकरीरे होगी, साथ ही अंजुमने नौहा/मातम करती हुई करबला जाएगी, करबला पहुंचकर मंज़रकशी होगी तत्पश्चात कार्यक्रम का समापन होगा,उक्त जानकारी अंजुमन ज़ीनतुल अज़ा रजि.अमहट के सद्र याहिया उर्फ कल्लन साहब ने दी।

# बेटे के साथ मायके जा रही महिला की सड़क हादसे में मौत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुलतानपुर। हलियापुर थाना क्षेत्र के हलियापुर-फत्तेपुर रोड पर मंगलवार को हुए सड़क हादसे में (55) वर्षीय महिला राजपति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वह अपने बेटे के साथ मायके जा रही थीं,तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।पुलिस के अनुसार,राजपति सड़क किनारे चल रही थीं,तभी ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही हलियापुर पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। हलियापुर थाना प्रभारी तरुण पटेल ने बताया कि ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# संचारी रोग अभियान का हुआ समापन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। करौंदिया (विवेकनगर) स्थित कमला नेहरू इंस्टीट्यूट आफ चाइल्ड एजुकेशन में संचारी रोग अभियान का समापन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय की प्रार्थना सभा में अपने घर,परिवार, मोहल्ले तथा विद्यालय को विभिन्न रोगों से बचाने के लिए शपथ दिलाई गई। जूनियर केजी का छात्र दिव्यांश ने कविता सुनाया। कक्षा-5 का छात्र समृद्ध शुक्ला ने आज का सुविचार सुनाया। कक्षा-9 का छात्र अभिषेक द्विवेदी ने दिमागी बुखार एवं अन्य मच्छर जनित रोगों, जल जनित रोगों तथा पेट सम्बन्धी बीमारियों की रोकथाम तथा उपचार के बारे में बताया।कक्षा-10 की छात्रा सृष्टि सिंह ने आज का मुख्य समाचार पढ़ा। कार्यक्रम का संचालन कक्षा-11 की छात्रा आराध्या पांडेय ने किया। प्रधानाचार्य डॉ.एन.डी.सिंह ने दिमागी बुखार, हैजा, टाईफाइड, मलेरिया, तपेदिक, हेपेटाइटिस-बी आदि के लक्षणों एवं उपचार के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर विद्यालय की उप प्रधानाचार्या तन्वी गोयल,समन्वयक रेनू सिंह, वरिष्ठ शिक्षक जगराम भार्गव, विश्वासमणि त्रिपाठी, सुनील राठी, अंकित सोनी, आशीष कुमार शुक्ला, गीता मिश्रा, शैलेंद्र उपाध्याय, नंदलाल, शालू सिंह आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। विद्यालय के प्रबंधक पूर्व मंत्री तथा वर्तमान विधायक विनोद सिंह,आशा सिंह,पुलकित सिंह तथा पलक सिंह ने सभी विद्यार्थियों व शिक्षक-शिक्षिकाओं को स्वस्थ रहने की ईश्वर से कामना किये हैं।

# खंड शिक्षा अधिकारी संघ का चुनाव हुआ संपन्न, उदय राज बने जिलाध्यक्ष



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। खण्ड शिक्षा अधिकारी संघ का चुनाव जिला शिक्षा एवम् प्रशिक्षण संस्थान के सभा कक्ष में आयोजित हुआ जिसमें सर्वसम्मति से कूरेभार के खण्ड शिक्षा अधिकारी उदय राज मौर्य को जिलाध्यक्ष चुना गया।

दिलीप कुमार को महामंत्री, उपाध्यक्ष पूजा पाठक और रोजी सिंह, कोषाध्यक्ष के लिए सुनील कुमार यादव, मीडिया प्रभारी शिवशंकर मिश्रा, संरक्षक के रूप में राम तीरथ वर्मा, अजय सिंह, सुधीर कुमार सिंह और अरविन्द कुमार यादव को चुना गया। निर्वाचित जिलाध्यक्ष उदय राज मौर्य ने कहा कि सभी के हित और शिक्षा क्षेत्र में सतत विकास के लिए मै सदैव समर्पित रहूंगा। संघ के द्वारा जो विश्वास मुझपर किया गया है उसपर अक्षरशः खरा उतरने का प्रयास करूंगा।

# तहसील में नामांतरण प्रक्रिया पर उठे सवाल, पारदर्शिता पर संकट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। बल्दीराय तहसील में नामांतरण और खतौनी अंकन की प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगातार सामने आ रहे हैं। सबसे चिंताजनक स्थिति यह है कि अविवादित नामांतरण प्रकरणों का निस्तारण तय समय-सीमा में नहीं किया जा रहा है, जिससे आम किसान और ग्रामीण नागरिकों को बार-बार तहसील कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार, चार फसली नामांतरण बही में दर्ज कई मामलों का खतौनी पर अब तक अंकन नहीं किया गया है। यह स्थिति किसानों के भूमि संबंधी अधिकारों को स्पष्ट करने में बाधा बन रही है। सूत्रों का दावा है कि नायब तहसीलदार स्तर पर कई नामांतरण प्रकरणों की पत्रावलियां तहसील कार्यालय के भूलेख शाखा या आरके ऑफिस में मौजूद नहीं हैं। बताया जा रहा है कि अधिकारी स्वयं इन पत्रावलियों को अपने निजी आवास पर रखकर आदेश पारित करते हैं, और ‟संपर्क अथवा सैटिंग‟ न होने पर अन्य पत्रावलियों को लंबे समय तक लंबित रखा जाता है। जब भूलेख ऑपरेटर से इस संबंध में जानकारी ली गई तो उसका उत्तर था कि वे ‟सिर्फ साहब के आदेश पर ही कार्य करते हैं‟। इससे यह स्पष्ट होता है कि तहसील का प्रशासनिक संचालन व्यक्ति-केन्द्रित होता जा रहा है, जो शासन की पारदर्शी और जवाबदेह प्रणाली के सिद्धांतों के विरुद्ध है। विश्वसनीय सूत्रों का कहना है कि नामांतरण बही में क्रमांक तोड़कर खतौनी अंकन कराया जा रहा है, जो एक संगठित प्रक्रिया के तहत होता है। इस प्रक्रिया में शामिल कुछ कर्मियों को अवैध आर्थिक लाभ होने की भी आशंका जताई जा रही है। यह भी बताया जा रहा है कि खतौनी पर अंकन जैसे महत्वपूर्ण कार्य, जो तहसील कार्यालय में नियमानुसार होने चाहिए, उन्हें अधिकारियों द्वारा अपने निजी आवास पर कराए जाने से केवल ‟संपर्क में रहने वाले या प्रभावशाली व्यक्तियों के ही कार्य समय से पूरे हो पा रहे हैं।

### पारदर्शिता पर बड़ा प्रश्नचिन्ह

बल्दीराय तहसील के अधिवक्ताओं ने तहसील प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व महामंत्री द्वारा संयुक्त हस्ताक्षरित एक पत्र 13 मई को उप जिलाधिकारी, तहसीलदार और नायब तहसीलदार को सौंपा गया था, जिसमें नामांतरण बही, खतौनी अंकन सहित आठ गंभीर बिंदुओं पर समस्या दर्शाई गई थी। लेकिन हैरानी की बात यह है कि ढाई माह बीत जाने के बावजूद भी प्रशासन ने न तो कोई स्पष्ट जवाब दिया, और न ही किसी प्रकार की कार्रवाई की पहल की।

तहसील प्रशासन की कार्यप्रणाली और उसमें व्याप्त अनियमितताओं ने राजस्व व्यवस्था की पारदर्शिता पर बड़ा प्रश्नचिन्ह खड़ा कर दिया है। इस पूरे मामले में उच्च स्तरीय जांच की आवश्यकता महसूस की जा रही है, ताकि आम नागरिकों और किसानों का विश्वास बहाल हो सके।

## बारिश में कागजों पर मनरेगा में कार्य करते रहे 1374 मजदूर

सुल्तानपुर। मनरेगा योजना में एक और बड़ा घोटाला उजागर हुआ है। बल्दीराय विकासखंड की 28 ग्राम पंचायतों में भारी बरसात के दिन यानी सोमवार को 1374 मजदूरों की हाजिरी दर्ज कर दी गई, जबकि दिनभर रुक-रुक कर बारिश होती रही और कहीं भी कार्य नहीं हो सका। आरोप है कि डीसी मनरेगा और एपीओ बल्दीराय की मिलीभगत से यह फर्जीवाड़ा किया गया है। बारिश के कारण सभी श्रमिक कार्यस्थलों से दूर रहे, बावजूद इसके उपस्थिति दर्ज कर मजदूरी दर्शा दी गई। इस कागजी खेल से न सिर्फ सरकारी धन की लूट की जा रही है, बल्कि शासन की महत्वाकांक्षी योजना को भी पलीता लगाया जा रहा है। सूत्रों की मानें तो यह खेल केवल एक दिन का नहीं है, बल्कि ऐसे कई मामलों की परतें खुल सकती हैं,अगर निष्पक्ष जांच हो। ग्रामीणों ने इस व्यापक घोटाले की शिकायत जिला प्रशासन और संबंधित उच्च अधिकारियों से करके जांच करवाए जाने की मांग की है।

# आत्मघात की जवाबदेही

निस्संदेह, किसी छात्र की आत्महत्या हमारी शिक्षा व्यवस्था की संस्थागत विफलता ही है। यदि शिक्षा व्यवस्था सतर्क-संवेदनशील रहे तो इन संभावनाओं को असमय काल-कवलित होने से बचा सकते हैं। आंध्रप्रदेश की एक 17 वर्षीय नीट छात्रा की संदिग्ध मौत के मामले में सुनवाई करते हुए, सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने छात्रों में आत्महत्या के बढ़ते मामलों पर मार्गदर्शक टिप्पणियां की हैं। छात्रों का जीवन बचाने हेतु इस सुप्रीम गाइडलाइंस में पीठ ने देशभर के स्कूल, कालेजों और कोचिंग संस्थानों के लिये गाइडलाइंस जारी की। दरअसल, न्यायाधीश वर्ष 2022 के लिए एनसीआरबी की उस रिपोर्ट से व्यथित थे, जिसमें दर्शाया गया कि इस साल आत्महत्या करने वाले 1,70,924 लोगों में 13,044 छात्र भी शामिल थे। कोर्ट ने कहा कि शिक्षा का मकसद जानकारी देना ही नहीं है, इसका उद्देश्य जीवन जीने की कला सिखाना भी है। निस्संदेह, शिक्षा का मकसद छात्रों का बौद्धिक, भावनात्मक, नैतिक तथा आध्यात्मिक उन्नति होना चाहिए। कोर्ट का मानना था कि शिक्षण संस्थाएं छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को अपनी प्राथमिकताएं बनाएं। यह भी कि मानसिक स्वास्थ्य, अनुच्छेद 21 के तहत मिले जीवन के अधिकार का अभिन्न अंग है। पीठ ने देश के सभी शिक्षण संस्थानों के लिये पंद्रह दिशा-निर्देश तय किए हैं, जो इस बाबत कानून बनाने तक ये गाइडलाइंस बाध्यकारी होंगी। निःसंदेह, सुप्रीमकोर्ट पीठ के ये दिशा-निर्देश उपचारक साबित हो सकते हैं। इसमें प्रत्येक शिक्षण संस्थान को मानसिक स्वास्थ्य नीति बनाने और विशेषज्ञ नियुक्त करने के निर्देश हैं। राष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम नीति व कार्यक्रमों को इस नीति में शामिल करना होगा। साथ ही जहां सौ से अधिक छात्र हों, वहां मनोवैज्ञानिक व काउंसलर नियुक्त करने होंगे। छात्रों में हीन भावना न आए, इसलिये कोचिंग संस्थान शैक्षिक प्रदर्शन के आधार पर कोई बैच न बनाएं। शिक्षकों व स्टाफ को वर्ष में दो बार छात्रों में आत्महत्या के संकेत पकड़ने व मानसिक स्वास्थ्य के बाबत प्रशिक्षण देना अनिवार्य होगा। सुनिश्चित हो कि समाज के कमजोर वर्ग के छात्रों व शारीरिक अपूर्णता से जूझ रहे छात्रों के साथ किसी तरह का भेदभाव न होने पाए। शिक्षण संस्थान व कोचिंग के परिसर में रैगिंग, यौन उत्पीड़न तथा किसी तरह के भेदभाव से निपटने के लिये समिति बने। साथ ही पीड़ितों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा अभिभावकों को सचेत किया जाए कि वे छात्रों पर अंकों का दबाव न बनाएं और मानसिक तनाव के प्रति संवेदनशील रहें। संस्थान सालाना आधार पर मानसिक स्वास्थ्य संबंधी कार्रवाई की रिपोर्ट हर साल यूजीसी को दें। इसके साथ ही खेल, कला व व्यक्तित्व विकास पाठ्यक्रम का हिस्सा हो। सतर्कता हेतु हॉस्टलों को सुरक्षित बनाने तथा छत, बालकनी, पंखे जैसे स्थानों पर सेफ्टी डिवाइस लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

आंध्रप्रदेश की एक 17 वर्षीय नीट छात्रा की संदिग्ध मौत के मामले में सुनवाई करते हुए, सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने छात्रों में आत्महत्या के बढ़ते मामलों पर मार्गदर्शक टिप्पणियां की हैं। छात्रों का जीवन बचाने हेतु इस सुप्रीम गाइडलाइंस में पीठ ने देशभर के स्कूल, कालेजों और कोचिंग संस्थानों के लिये गाइडलाइंस जारी की। दरअसल, न्यायाधीश वर्ष 2022 के लिए एनसीआरबी की उस रिपोर्ट से व्यथित थे, जिसमें दर्शाया गया कि इस साल आत्महत्या करने वाले 1,70,924 लोगों में 13,044 छात्र भी शामिल थे।

# मनसा का मातम: अफवाह बनी त्रासदी की वजह

हरिद्वार के प्रसिद्ध मनसा देवी मंदिर में बिजली का तार टूटने और करंट फैलने की एक अफवाह ने कई जानें ले लीं, जिसने धार्मिक स्थलों पर भीड़ प्रबंधन की गंभीर खामियों को उजागर कर दिया है। किसी धार्मिक स्थल पर भगदड़ की यह पहली घटना नहीं, लेकिन अफसोस है कि पुरानी गलतियों से सबक नहीं लिया जा रहा। ऐसी त्रासद, विडम्बनापूर्ण एवं दुखद घटनाओं के लिये मन्दिर प्रशासन और सरकारी प्रशासन जिम्मेदार है, रविवार की सुबह एक बार फिर श्रद्धालुओं के लिये मौत का मातम बनी, चीख, पुकार और दर्द का मंजर बना। लगभग साढ़े आठ से नौ बजे के बीच हजारों श्रद्धालु संकीर्ण सीढ़ीदार मार्ग से मंदिर की ओर बढ़ रहे थे। जैसे ही अचानक करंट लगने की अफवाह ने अफरा-तफरी का माहौल बनाया, श्रद्धालु घबराहट में एक-दूसरे पर गिरने लगे और कुछ ही पलों में आठ लोगों की मौत हो गई जबकि करीब तीस श्रद्धालु घायल हो गए, जिनमें कई की हालत गंभीर थी। भगदड़ में लोगों की जो दुखद मृत्यु हुई, उसका दर्द समूचा देश महसूस कर रहा है। प्रश्न है कि पुलिस का बंदोबस्त कहां था? श्रद्धालुओं की मौत एक ऐसा दर्दनाक एवं खौफनाक वाकया है जो सुदीर्घ काल तक पीड़ित और परेशान करेगा। प्रशासन की लापरवाही, अत्यधिक भीड़, निकासी मार्गों की कमी और अव्यवस्थित प्रबंधन ने इस त्रासदी को जन्म दिया। यह घटना कोई अपवाद नहीं है, बल्कि हाल के वर्षों में दुनिया भर में सामने आई ऐसी घटनाओं की कड़ी का नया खौफनाक मामला है, जहां भीड़ नियंत्रण में चूक एवं प्रशासन एवं सत्ता का जनता के प्रति उदासीनता का गंभीर परिणाम एवं त्रासदी का ज्वलंत उदाहरण है। मनसा के मातम, हाहाकार एवं दर्दनाक मंजर ने राज्य की सुरक्षा व्यवस्था की पोल ही नहीं खोली बल्कि सत्ता एवं धार्मिक व्यवस्थाओं के अमानवीय चेहरे को भी बेनकाब किया है। भारत में भीड़ से जुड़े हादसे आम लोगों के जीवन का ग्रास बनते रहे हैं। धार्मिक आयोजनों हो या खेल प्रतियोगिता, राजनीतिक रैली हो या सांस्कृतिक उत्सव लाखों लोगों को आकर्षित करते हैं, जहाँ भीड़ प्रबंधन की मामूली चूक भयावह त्रासदी में बदलते हुए देखी जाती रही है। उदाहरण के लिये, पिछले एक साल पर नजर दौड़ाएं तो इस तरह के कई दुखद हादसे हो चुके हैं। हाल ही में पुरी में भगदड़ जानलेवा साबित हुई। पिछले साल जुलाई में ही हाथरस में एक धार्मिक आयोजन में मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई थी। इस साल जनवरी की शुरुआत में तिरुपति मंदिर में टोकन लेने के लिए हद से ज्यादा श्रद्धालु पहुंच गए और पुलिस उनको काबू नहीं कर सकी। भगदड़ मची तो 6 लोगों की जान चली गई। इसी साल, मौनी अमावस्या पर महाकुंभ में और उसके बाद नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भी हादसा हुआ। वर्ष 2013 में मध्य प्रदेश के रत्नागढ़ मंदिर में ढाँचागत कमियों से प्रेरित भगदड़ के कारण 115 लोगों की मौत हो गई थी। भारत ही नहीं दुनिया में धार्मिक आयोजनों में भीड़ प्रबंधन हमेशा से बड़ी चुनौती बनता रहा है। वर्ष 2022 में दक्षिण कोरिया के इटावन हैलोवीन समारोह में अत्यधिक भीड़ के कारण 150 से अधिक लोगों की जान चली गई थी। इसी तरह, वर्ष 2015 में मक्का में हज के दौरान मची भगदड़ में सैकड़ों लोगों की मौत हो गई थी। आग, भूकंप, या आतंकी हमलों जैसी आपातकालीन स्थितियों में भी भीड़ प्रबंधन की पौल खुलती रही है। आखिर दुनिया के सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश में हम भीड़ प्रबंधन को लेकर इतने उदासीन क्यों है? बड़े आयोजनों-भीड़ के आयोजनों में भीड़ बाधाओं को दूर करने के लिए, भीड़ प्रबंधन के लिए बुनियादी ढांचे में सुधार, सुरक्षाकर्मियों को पर्याप्त प्रशिक्षण प्रदान करना, जन जागरूकता बढ़ाना और आधुनिक तकनीकों का उपयोग करना अब नितान्त आवश्यक है। हर बार जांच, कठोर कार्रवाई करने, सबक सीखने की बातें की जाती हैं, लेकिन नतीजा के ढाक के तीन पात वाला है। न तो शासन-प्रशासन कोई सबक सीख रहा है और न ही आम जनता संयम एवं अनुशासन का परिचय देने की आवश्यकता समझ रही है। भगदड़ की घटनाओं का सिलसिला कायम रहने से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की बदनामी भी होती है, क्योंकि इन घटनाओं से यही संदेश जाता है कि भारत का शासन-प्रशासन भगदड़ रोकने में पूरी तरह नाकाम है। सार्वजनिक स्थलों पर भगदड़ की घटनाएं दुनिया के अन्य देशों में भी होती है, लेकिन उतनी नहीं जितनी अपने देश में होती ही रहती हैं। क्या इस तरह की अफवाह को रोका नहीं जा सकता था? हमारा प्रशासन कोई अनुमान लगाने में इतना अक्षम क्यों है? क्या इसका कारण उसकी संवेदनहीनता है अथवा यह कि संबंधित अधिकारी यह जानते हैं कि कैसी भी घटना हो जाए, उनका कुछ नहीं बिगड़ने वाला। आखिर हम दुनिया के अन्य देशों से कोई सबक सीखने के लिए तैयार क्यों नहीं हैं? सबसे बड़ा सवाल है कि क्या धार्मिक स्थलों पर भीड़ प्रबंधन की कोई ठोस और वैज्ञानिक व्यवस्था है? मनसा देवी मंदिर की सीढ़ियां, संकरे रास्ते और अव्यवस्थित दुकानों के बीच का क्षेत्र लंबे समय से भीड़भाड़ के लिए जाना जाता है। फिर भी वहां कोई स्थायी सुरक्षा उपाय क्यों नहीं किए गए? अफवाह पर नियंत्रण के लिए कोई त्वरित सूचना तंत्र नहीं था, न ही भीड़ को दिशा देने के लिए पर्याप्त पुलिस बल या मार्गदर्शन की व्यवस्था थी। इस तरह की घटनाएं केवल अफवाह का परिणाम नहीं होतीं, बल्कि यह व्यवस्था की कमजोरियों एवं कोताही का परिणाम होती हैं। तीर्थस्थलों पर नियंत्रित प्रवेश, डिजिटल टिकटिंग, सीसीटीवी निगरानी, आपातकालीन निकासी मार्ग, और स्थानीय प्रशासन की सक्रिय मौजूदगी जैसी व्यवस्थाएं अनिवार्य होनी चाहिए। सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि भगदड़ की घटनाएं लगभग वैसे ही कारणों से रह रहकर होती रहती हैं, जैसे पहले हो चुकी होती हैं। मृतकों में उत्तर प्रदेश, बिहार और उत्तराखंड के लोग शामिल थे। उनमें छह वर्षीय बच्चा आरुष, किशोर और बुजुर्ग तक शामिल थे। उनके परिवारों पर अचानक दुख का पहाड़ टूट पड़ा। इस दौरान बचे हुए श्रद्धालुओं ने बताया कि भीड़ इतनी घनी थी कि सांस लेना भी मुश्किल हो रहा था। मनसा देवी मंदिर की यह घटना हमें याद दिलाती है कि भीड़ सिर्फ भक्ति का प्रतीक नहीं है, बल्कि अगर उसे सही दिशा और सुरक्षा नहीं दी जाए तो वह भयावह त्रासदी में बदल सकती है। यह समय है कि प्रशासन, मंदिर ट्रस्ट और समाज मिलकर ठोस कदम उठाएं ताकि आस्था के केंद्र जीवन के लिए खतरा न बनें। तमाम धार्मिक स्थलों पर फैली अव्यवस्था को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। फिसलन भरे रास्ते, संकरी जगह, आने-जाने का एक ही मार्ग जैसी बातें लगभग हर जगह देखने को मिल जाएंगी। ऐसे में जब किसी खास मौके पर भीड़ बढ़ती है तो स्वाभाविक ही हादसे की आशंका भी बढ़ जाती है, जैसा सावन पर मनसा देवी में हुआ। बेंगलुरु में आरसीबी के इवेंट में हुए हादसे के बाद कर्नाटक सरकार क्राउड कंट्रोल पर एक बिल लेकर आई है, जिसमें जिम्मेदारियां तय की गई हैं। ऐसे कानून की हर जगह जरूरत है। रेलवे स्टेशन, मंदिर और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भीड़ को संभालने के लिए पर्याप्त जगह और रास्ते नहीं हैं। कुछ स्थानों पर निकास मार्ग सीमित हैं या अनुपयुक्त हैं, जो भगदड़ का खतरा बढ़ाते हैं। भीड़ प्रबंधन के लिए पर्याप्त प्रशिक्षित एवं दक्ष सुरक्षाकर्मी नहीं हैं, जिससे सुरक्षा चूक होने की संभावना बढ़ जाती है। भीड़ प्रबंधन के लिए आधुनिक तकनीकों, जैसे कि एआई आधारित निगरानी और ड्रोन कैमरे का उपयोग सीमित है। लोगों को आपातकालीन निकास मार्गों, भीड़ नियंत्रण नियमों, और सुरक्षा उपायों के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं है। गलत सूचना या अचानक दहशत से भीड़ अनियंत्रित हो सकती है और भगदड़ मच सकती है। भीड़ का व्यवहार कई बार अनियंत्रित हो जाता है, खासकर धार्मिक, खेल एवं सिनेमा आयोजनों में, जहां लोग भावनाओं में बहकर आगे निकलने की होड़ में लग जाते हैं। अच्छा यह होगा कि सरकारें भगदड़ की घटनाओं को लेकर प्रशासन को सच में जवाबदेह बनाना सीखें। इसके साथ ही आम लोगों को भी जापान जैसे देशों के लोगों से अनुशासन की सीख लेनी होगी। **-ललित गर्ग**

भारत ही नहीं दुनिया में धार्मिक आयोजनों में भीड़ प्रबंधन हमेशा से बड़ी चुनौती बनता रहा है। वर्ष 2022 में दक्षिण कोरिया के इटावन हैलोवीन समारोह में अत्यधिक भीड़ के कारण 150 से अधिक लोगों की जान चली गई थी। इसी तरह, वर्ष 2015 में मक्का में हज के दौरान मची भगदड़ में सैकड़ों लोगों की मौत हो गई थी। आग, भूकंप, या आतंकी हमलों जैसी आपातकालीन स्थितियों में भी भीड़ प्रबंधन की पौल खुलती रही है। आखिर दुनिया के सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश में हम भीड़ प्रबंधन को लेकर इतने उदासीन क्यों है? बड़े आयोजनों-भीड़ के आयोजनों में भीड़ बाधाओं को दूर करने के लिए, भीड़ प्रबंधन के लिए बुनियादी ढांचे में सुधार, सुरक्षाकर्मियों को पर्याप्त प्रशिक्षण प्रदान करना, जन जागरूकता बढ़ाना और आधुनिक तकनीकों का उपयोग करना अब नितान्त आवश्यक है। हर बार जांच, कठोर कार्रवाई करने, सबक सीखने की बातें की जाती हैं, लेकिन नतीजा के ढाक के तीन पात वाला है। न तो शासन-प्रशासन कोई सबक सीख रहा है और न ही आम जनता संयम एवं अनुशासन का परिचय देने की आवश्यकता समझ रही है। भगदड़ की घटनाओं का सिलसिला कायम रहने से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की बदनामी भी होती है, क्योंकि इन घटनाओं से यही संदेश जाता है कि भारत का शासन-प्रशासन भगदड़ रोकने में पूरी तरह नाकाम है। सार्वजनिक स्थलों पर भगदड़ की घटनाएं दुनिया के अन्य देशों में भी होती है, लेकिन उतनी नहीं जितनी अपने देश में होती ही रहती हैं। क्या इस तरह की अफवाह को रोका नहीं जा सकता था?



# सावन का महीना, शिव मंदिर और दो देशों के बीच तांडव

**हरीश शिवनानी**

सावन का महीना भारत में सनातनी संस्कृति-धर्मावलंबियों के लिए पावन और महत्वपूर्ण माना जाता है। पूरे देश में शिव मंदिरों में महीने भर पूजा-अर्चना के कार्यक्रम चलते रहते हैं। इस बार सावन का महीना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक विशिष्ट कारण से चर्चा में आ गया है। इस सावन माह में दो बौद्ध देशों के बीच सशस्त्र तांडव छिड़ गया है। इसका कारण हैं दो शिव मंदिर। थाईलैंड और कंबोडिया की सीमा पर स्थित प्रासात प्रेह विहियार और प्रासात ता मुएन थोम नामक ये शिव मंदिर करीब एक हजार वर्ष प्राचीन हैं। दोनों देश बौद्ध बहुल हैं, लेकिन मंदिर की हिंदू विरासत दोनों के लिए सांस्कृतिक महत्व रखती है। थाईलैंड में हिंदू परंपरा और बौद्ध धर्म का मिश्रण देखा जाता है, जबकि कंबोडिया इसे अपनी खमेर पहचान से जोड़ता है। भारत की तरह वहाँ भी सावन मास में इनका महत्व बढ़ जाता है। दो बौद्ध देशों के बीच शिव मंदिरों को लेकर संघर्ष यह पुष्ट करता है कि आज भी यहाँ के निवासियों के मन-मस्तिष्क में अपनी मूल, प्राचीन सनातन संस्कृति की जड़ों के प्रति कितना सम्मान, कितनी तृष्णा है। जो भारतवर्ष सनातन हिन्दू संस्कृति और हिन्दू सभ्यता का जन्मदाता है, वहां अपने आराध्य श्रीराम के एक मंदिर के लिए 500 वर्ष तक लम्बा संघर्ष करना पड़ा। थाईलैंड और कम्बोडिया इन शिव मंदिरों पर अपना स्वामित्व जताने के लिए सौ साल से ज्यादा संघर्षरत हैं। दोनों खमेर कालीन हिंदू मंदिर हैं, जो लगभग 153 किमी की दूरी पर स्थित हैं और लंबे समय से दोनों देशों के बीच तनाव का केंद्र रहे हैं। प्रासात प्रेह विहियार शिव मंदिर और इसके आसपास के क्षेत्र का विवाद थाईलैंड और कंबोडिया के बीच एक जटिल मुद्दा है। धार्मिक स्थल के साथ यह दोनों देशों की राष्ट्रीय पहचान, गौरव, ऐतिहासिक दावों और क्षेत्रीय अखंडता से जुड़ा है। इस मंदिर की पांच स्तरीय चढ़ाई आत्मिक उत्थान का प्रतीक है। यह मंदिर थाईलैंड और कंबोडिया की सीमा पर डोंगरेक पर्वत शृंखला में स्थित है। प्रासात प्रेह विहियार मंदिर का निर्माण 9 वीं से 11वीं शताब्दी के बीच खमेर साम्राज्य के दौरान हुआ। खमेर वास्तुशिल्प वाले इस मंदिर को खमेर राजा सूर्यवर्मन प्रथम और सूर्यवर्मन द्वितीय के शासनकाल में बनवाया गया, जो अंगकोर वाट जैसे प्रसिद्ध मंदिरों के लिए भी जाने जाते हैं। इस मंदिर को 'शिखरेश्वर' भी कहा जाता है। मंदिर में शिवलिंग और नंदी की प्रतिमा स्थापित है, जो हिंदू धर्म की समृद्ध परंपरा को दर्शाती है। प्रासात प्रेह विहियार मंदिर की भौगोलिक स्थिति विवाद का प्रमुख कारण है। मंदिर तक पहुंच का मुख्य रास्ता थाईलैंड की ओर से है, हालांकि पूर्वी और पश्चिमी ओर से कंबोडिया के शहरों से जुड़े दो रास्ते भी हैं। कंबोडियाई स्वयं को खमेर साम्राज्य के वंशज मानते हैं और इस मंदिर को अपनी सांस्कृतिक और राष्ट्रीय पहचान मानते हैं। वहीं,थाईलैंड में इसे हिंदू और बौद्ध विरासत के हिस्से के रूप में देखा जाता है, क्योंकि यह क्षेत्र पहले स्याम (थाईलैंड का पुराना नाम) के प्रभाव में था। 1863 से 1953 तक कंबोडिया फ्रांसीसी उपनिवेश के अधीन था। 1907 में फ्रांस और स्याम (थाईलैंड) के बीच एक समझौता हुआ, जिसमें डोंगरेक पर्वत क्षेत्र और प्रासात प्रेह विहियार मंदिर को कंबोडिया के हिस्से के रूप में चिह्नित किया गया। जिसे थाईलैंड ने स्वीकार नहीं किया। इस सीमा निर्धारण ने विवाद की नींव रखी, क्योंकि थाईलैंड का दावा था कि मंदिर और इसके आसपास का क्षेत्र उनके सुरीन और सिसाकेट प्रांतों का हिस्सा है। वर्ष 1959 में कंबोडिया विवाद को अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ले गया। 1962 में न्यायालय ने मंदिर कंबोडिया के क्षेत्र में माना। थाईलैंड ने फैसले को स्वीकार नहीं किया। जुलाई 2008 में यूनेस्को ने इसे विश्व धरोहर का दर्ज़ा दिया, जिसका भी थाईलैंड ने विरोध किया। इसके बाद सीमा पर सैन्य तनाव बढ़ गया और 2008 से 2011 तक दोनों देशों के सैनिकों के बीच कई झड़पें हुईं। 2011 में यह संघर्ष चरम पर पहुंचा, जिसमें 36,000 लोग विस्थापित हुए और कम से कम 28 लोग मारे गए। उधर, प्रासात प्रेह विहियार मंदिर की तरह ही प्रासात ता मुएन थोम प्राचीन मंदिर भी विवाद का बिंदु है। प्रासात ता मुएन थोम की खास बात यह है कि इसका शिवलिंग प्राकृतिक चट्टान से बना है और 'स्वयंभू शिवलिंग' की तरह पूजा जाता है। थाईलैंड के सुरिन प्रांत और कंबोडिया के ओडार मींचेई प्रांत की सीमा पर य्ह मंदिर 12वीं शताब्दी में खमेर सम्राट उदयादित्यवर्मन द्वितीय के शासनकाल में बना।

## सेहत मंत्र

# कई बीमारियों को दूर करता है लौंग

भारतीय रसोई में लौंग का ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है। इससे न केवल खाने का स्वाद बढ़ाया जा सकता है, बल्कि अपनी सेहत को भी सेहतमंद बनाया जा सकता है। हालांकि सदियों से इसे आयुर्वेदिक औषधियों में भी इस्तेमाल किया जाता है। हेल्थ एक्सपर्ट्स कहते हैं कि लौंग की मदद से कई बीमारियों से आराम पाया जा सकता है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार छोटी-छोटी समस्या होने पर दवा का सेवन करना ठीक नहीं होता है। रोजमर्रा में होने वाली आम समस्याओं से राहत पाने के लिए हमारी रसोई में ही कुछ चीजे मौजूद होती हैं। इन्हीं में से एक लौंग हैं। सर्दी-जुकाम से राहतः सर्दी और जुकाम जैसी समस्या से राहत पाने के लिए आप लौंग का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए अपने मुंह में कुछ देर के लिए एक लौंग रख लें। इससे आपको गले में होने वाले दर्द और सर्दी-जुकाम से राहत मिलेगी। गैस की समस्या होगी दूरः गलत खान-पान के कारण अक्सर गैस की समस्या होती है, तो ऐसे में आप हर बार दवाओं का सेवन करना भी हानिकारक हो सकता है। इसके लिए आपके रसोई में मौजूद लौंग सबसे लाभकारी औषधि है। अगर आप गैस और कब्ज जैसी समस्या से परेशान हैं, तो इससे राहत पाने के लिए सुबह खाली पेट लौंग तेल की कुछ बूंदो को एक गिलास पानी में डालकर सेवन करें। लौंग के फायदे मुंह की दुर्गंध दूर करे : मुंह से बदबू आने पर कोई हमसे बात करना तो दूर बैठना पसंद भी नहीं करता है। ऐसे में हम अपनी इस समस्या से आराम पाने के लिए आप लौंग का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे दांतों का दर्द भी हमेशा के लिए दूर किया जा सकता है। इसके लिए आपको रोजाना करीब 45 दिनों तक 1 से 2 साबुत लौंग का सेवन करना पड़ेगा।

चेहरे के दाग-धब्बे करे दूरः लौंग की मदद से आप अपनी सुंदरता को भी बढ़ा सकते हैं। चेहरे पर होने वाले दाग-धब्बे या डार्क सर्कल जैसी समस्या को लौंग की मदद से सही किया जा सकता है। इसके लिए पीसे हुए लौंग को किसी फ़ेसपैक या बेसन में मिलाकर लगाएं। ध्यान रहे अपने चेहरे पर सीधे तौर पर लौंग का उपयोग न करें। ये काफी गर्म होता है और ऐसा करने पर इससे जलन हो सकती है।


## धर्म मंत्र

# शिवलिंग पर बेलपत्र चढ़ाने से नष्ट होते हैं सभी पाप

सोमवार के दिन भक्त विविध प्रकार की पूजा कर भगवान शिव को प्रसन्न करने का प्रयास करते हैं। भोले बाबा को बेलपत्र बहुत प्रिय है। बेलपत्र को संस्कृत में बिल्वपत्र भी कहा जाता है। भगवान शिव को बेलपत्र बहुत पसंद है। ऐसी मान्यता है कि शिव शंकर को बेलपत्र और जल अर्पित करने से भगवान शंकर का मस्तिष्क शीतल रहता है तथा वह प्रसन्न रहते हैं। प्रसन्न होकर शिवजी अपने भक्तों को मनचाहा वरदान देते हैं। बेलपत्र बहुत पवित्र होता है, इसलिए इसे तोड़ने के कुछ खास नियम होते हैं। पंडितों की मान्यता के अनुसार चतुर्थी, अष्टमी, नवमी, चतुर्दशी और अमावस्या , संक्रांति आदि तिथियों के साथ-साथ सोमवार के दिन बेलपत्र नहीं तोड़नी चाहिए। पूजा करने के लिए बेलपत्र आप एक दिन पहले तोड़ सकते हैं। साथ ही इस बात का ध्यान रखें कि बेलपत्र तोड़ने से पहले बेल के पेड़ को अवश्य प्रणाम करें। साथ ही बेलपत्र तोड़ने से पहले और बाद में बेल पत्र के पेड़ को प्रणाम जरूर करना चाहिए। बेलपत्र बहुत पवित्र होता है इसलिए दूसरे के चढ़ाए हुए बेलपत्र को धोकर भी आप चढ़ा सकते हैं। बेल पत्र के केवल पत्तों को तोड़े, कभी भी टहनी सहित न तोड़े। सावन के सोमवार को बेलपत्र चढ़ाते समय यह ध्यान रखें कि बेलपत्र को शिवलिंग पर हमेशा उल्टा चढ़ाएं इससे चिकना भाग भगवान शिव को अर्पित होता है।

## पर्यटन





# भारत के यह रेलवे स्टेशन हैं भूतिया और बेहद डरावने, सफर करें जरा सोच समझकर

रेलवे को आम जनता की लाइफ लाइन कहा जाता है, क्योंकि इसके कारण ही लोग ना सिर्फ अपने शहर के अलग-अलग हिस्सों से बल्कि देश के अन्य राज्यों से बेहद आसानी से जुड़ पाते हैं। इस बात में कोई दोराय नहीं है कि रेलवे से सफर करना काफी सरल व सस्ता है। लेकिन भारत में कुछ रेलवे स्टेशन ऐसे भी हैं, जो हॉन्टेड माने जाते हैं और इसलिए यहां पर जाने से लोग घबराते हैं।

रवीन्द्र सरोबर मेट्रो स्टेशन, कोलकाताः रवीन्द्र सरोबर दक्षिण कोलकाता के सबसे व्यस्त मेट्रो स्टेशनों में से एक है। लेकिन एक सच यह भी है कि यह भारत में सबसे हॉन्टेड प्लेस में से एक है। संयोग से, यह स्टेशन कई मेट्रो आत्महत्या मामलों के लिए दृष्टि है। ऐसा कहा जाता है कि आत्महत्या करने वाले लोगों की आत्माएं देर रात मेट्रो स्टेशन के प्लेटफार्म पर देखी जाती हैं। रात के समय प्लेटफॉर्म के खंभों या पटरियों को पार करने की अजीबोगरीब छायाएं दिखना यहां बेहद आम है। इसलिए इस मेट्रो स्टेशन में लोग देर रात सफर करने से बचते हैं। बेगुनकोडोर ट्रेन स्टेशन, पश्चिम बंगालः बेगुनकोडोर पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले में एक हैमलेट है जो अपने छायादार रेलवे स्टेशन के लिए सुर्खियों में आया था। सुनसान रेलवे पटरियों के किनारे कुछ लोगों को सफ़ेद साड़ी में लिपटी एक महिला नजर आई थी। कहा जाता है कि इस महिला ने शायद वहां पर आत्महत्या की थी। इतना ही नहीं, उसके भूत को देखने से रेलवे कर्मियों की मौत भी हो गई। सरकार ने हालांकि इन अफवाहों को निराधार बताते हुए 2009 में करीबन 42 वर्षों के बाद एक बार फिर जनता के लिए शुरू किया। बरोग टनल, शिमलाः शिमला के बरोग टनल का नाम भारत के सबसे हॉन्टेड प्लेस में लिया जाता है। इसे टनल नंबर 33 भी कहा जाता है। कालकाशिमला मार्ग में बरोग रेलवे स्टेशन के पास स्थित इस टनल की अपनी ही एक अलग कहानी है। कहा जाता है कि ब्रिटिश काल में इस टनल को बनाने की जिम्मेदारी एक ब्रिटिश रेलवे इंजीनियर कर्नल बरोग को सौंपी गई थीं।

# डीएम-एसपी ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण

## बंदियों से संवाद, व्यवस्थाओं की करी गहन जांच पड़ताल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जनपद के प्रशासनिक मुखिया जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक श्री अर्पित विजयवर्गीय ने मंगलवार को संयुक्त रूप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की वस्तुस्थिति का जायज़ा लिया। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों का यह दौरा पूरी तरह से अचानक था, जिससे जेल प्रशासन सहित समस्त स्टाफ को सक्रियता दिखानी पड़ी।निरीक्षण के दौरान डीएम एवं एसपी ने जेल की सभी बैरकों का गहन निरीक्षण किया। महिला बैरक, किशोर बंदी गृह (जहाँ 18 से 21 वर्ष तक की आयु के किशोर बंदी रखे जाते हैं), सीसीटीवी नियंत्रण कक्ष, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष समेत सम्पूर्ण परिसर की सूक्ष्मता से जांच की गई। अधिकारियों ने वहां स्थापित सुरक्षा उपकरणों की कार्यक्षमता की भी परख की और कर्मचारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने कई बंदियों से आमने-सामने संवाद स्थापित कर उनकी दिनचर्या, सुविधा, स्वास्थ्य एवं अन्य व्यक्तिगत समस्याओं को जाना। बंदियों ने अपनी समस्याएं खुलकर रखीं, जिनका अधिकारियों ने गंभीरतापूर्वक संज्ञान लिया और संबंधित अधिकारियों को समाधान हेतु निर्देशित किया।जिलाधिकारी श्री त्रिपाठी ने जेल प्रशासन को स्पष्ट निर्देश दिए कि बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप होनी चाहिए। कोई भी बंदी मूलभूत आवश्यकताओं से वंचित न रह जाए, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही उन्होंने साफ-सफाई, भोजन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य सेवाओं एवं सुरक्षा इंतज़ामों को और अधिक बेहतर बनाने की बात कही।पुलिस अधीक्षक श्री विजयवर्गीय ने सुरक्षा मानकों की समीक्षा करते हुए कहा कि किसी भी परिस्थिति में जेल की सुरक्षा व्यवस्था में शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने जेल स्टाफ को नियमित मॉक ड्रिल, सतर्क निगरानी और अनुशासन बनाए रखने की सलाह दी।इस अवसर पर कारागार अधीक्षक, जेलर सहित अन्य अधिकारीगण एवं जेल कर्मचारी उपस्थित रहे।



# बिना हेलमेट, सीटबेल्ट घूम रहे 'नियमतोड़ वीर', प्रशासन की सजग नजर से नहीं बच पाए, 22 पर कार्रवाई

## प्रशासन सक्रिय, जनता बेपरवाह? अब नहीं चलेगी मनमानी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी, शहर की सड़कों पर नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए बेपरवाह वाहन चालकों की अब खैर नहीं। सड़क सुरक्षा को लेकर जहां प्रशासन लगातार गंभीरता दिखा रहा है, वहीं कुछ लोग आज भी मानो 'मैं नियमों से ऊपर हूं' जैसे भाव लेकर घर से निकलते हैं। मंगलवार को परिवहन विभाग और यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने सख्त तेवर दिखाते हुए शहर के प्रमुख चौराहों पर विशेष जांच अभियान चलाया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला और यातायात प्रभारी रामयतन यादव की अगुवाई में पटेल चौराहे पर बगैर हेलमेट व सीटबेल्ट चल रहे चालकों को रोका गया और 22 वाहन चालकों के चालान काटे गए।प्रशासन जहां 'रोड सेफ्टी इज नो जोक' का संदेश लेकर सुबह से मैदान में उतरा, वहीं आमजन में अब भी सुरक्षा नियमों को लेकर लापरवाही और 'जुनूनी आज़ादी' देखने को मिली।प्रशासन तो नियम सिखाने में लगा है, पर जनता के एक हिस्से को अब भी लगता है कि हेलमेट 'हेयरस्टाइल बिगाड़ देता है' और सीटबेल्ट 'तोंद पर भारी पड़ती है।' शायद उन्हें अभी भी यह समझ नहीं आया कि ट्रैफिक नियम तोड़ना 'कूल' नहीं, 'क्रूर' है – खुद के प्रति भी और दूसरों के लिए भी। प्रशासन की इस सतर्कता से साफ है कि अब लापरवाही की कोई जगह नहीं। ''आप नियम नहीं मानेंगे तो चालान बोलेगा!'' – यही संदेश अभियान के जरिए दिया गया। यह केवल जुर्माने की बात नहीं, बल्कि एक व्यवस्थित, सुरक्षित और जिम्मेदार समाज की दिशा में उठाया गया सशक्त कदम है।तो अगली बार सड़क पर निकलें, तो फैशन के लिए नहीं, सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनें। सीटबेल्ट किसी ज़ंजीर नहीं, ज़िंदगी की डोर है।



**हेलमेट और सीटबेल्ट अब फैशन नहीं, जीवन रक्षा कवच हैं। नियमों की अनदेखी कर खुद को और दूसरों को खतरे में डालना कोई बहादुरी नहीं, बल्कि ज़िम्मेदारी से भागना है।**
**अंकिता शुक्ला एआरटीओ**

# स्वतंत्र देव ने की महादेव की पूजा अर्चना



कैनविज टाइम्स संवाददाता

दरियाबाद बाराबंकी। प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह मंगलवार को लखनऊ से दरियाबाद जाते समय तहसील के तासीपुर गांव में स्थित प्राचीन बुढ़वा बाबा मंदिर में पूजा अर्चना की। उनके साथ क्षेत्रीय जैन प्रिय नेता एवं खाद्य रसद मंत्री सतीश चंद्र शर्मा भी रहे। मंदिर पहुंचने पर स्थानीय लोगों व श्रद्धालुओं ने मंत्रियों का जोरदार स्वागत किया। बुढ़वा बाबा मंदिर में दर्शन के उपरांत दोनों मंत्री एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दरियाबाद रखवाना हो गए ,इस अवसर पर लकी सिंह, मण्ल अध्यक्ष नीरज सिंह, मधुकर तिवारी, सुरेन्द्र कौशल आदि तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जैदपुर पुलिस को बड़ी सफलता, तीन मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

## भारी मात्रा में पोस्ता छिलका बरामद, तस्करों में हड़कंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिद्धौर बाराबंकी। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के दिशा-निर्देशन में जनपद में अपराध एवं मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में जैदपुर पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। मंगलवार को जैदपुर एसएचओ संतोष सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मैनुअल इंटेलिजेंस के आधार पर तीन अंतरजनपदीय मादक पदार्थ तस्करों को धर दबोचा। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में अजय कुमार वर्मा उर्फ गुड्डू पुत्र हरिनाम निवासी ग्राम सादुल्लापुर थाना कोठी, सहदेव पुत्र बेचालाल निवासी डफरापुर थाना कोठी तथा अबू बकर पुत्र मोहर्रम अली निवासी मुबारकपुर हकीम थाना जैदपुर शामिल हैं। पुलिस ने इन तीनों को बरायन चौराहे के निकट घेराबंदी कर गिरफ्तार किया।पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से कुल 8 किलो 370 ग्राम अवैध पोस्ता छिलका बरामद किया है। साथ ही तस्करी में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल (संख्या यूपी32 एच यू3072) भी जब्त की गई है। एसएचओ संतोष सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पकड़े गए तीनों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।उन्होंने यह भी बताया कि अपराध एवं नशे के कारोबार के विरुद्ध जैदपुर पुलिस की मुहिम लगातार जारी रहेगी और ऐसे तत्वों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। गौरतलब है कि मादक पदार्थों की तस्करी जनपद में कानून-व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही है, जिस पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस निरंतर सक्रियता के साथ अभियान चला रही है। जैदपुर पुलिस की यह कार्रवाई उसी कड़ी में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

## शुक्ला जी की जयंती पर पत्रकार सम्मानित

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला बार एसोसिएशन बाराबंकी के संस्थापक अध्यक्ष पं. कन्हैया लाल शुक्ल की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। समारोह जिला बार में जयंती समारोह में आय । पत्रकारिता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ताओं को सम्मानित किया गया। सिविल वर के अध्यक्ष एवं पत्रकार कौशल किशोर त्रिपाठी को सम्मानित किया गया। इस अनुपम अवसर में दिनेश शुक्ल, मयंक रावत , मो.अलीम, अमित सिंह 'सूर्यवंशी' को वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेश चंद्र गौतम, राजू मिश्र, अमीनुद्दीन, योगेंद्र वर्मा, अनूप सिंह, वीरेन्द्र तिवारी, खुशीराम यादव, विष्णु प्रताप सिंह, पवन मिश्र, समर सिंह, रमेश वर्मा, भूपेंद्र सिंह 'शैंकी', प्रत्यूष कान्त शुक्ल, रमाकांत द्विवेदी आदि सम्मिलित रहे।

## नागपंचमी पर परंपरागत आल्हा गायन से गूंजा मोहल्ला धमेडी, वीर रस से सराबोर हुए श्रोता

**रामनगर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नागपंचमी के पावन अवसर पर कस्बे के मोहल्ला धमेडी में वर्षों पुरानी सांस्कृतिक परंपरा का अनुपालन करते हुए इस बार भी आल्हा गायन का आयोजन किया गया। तहसील बार के पूर्व महामंत्री अशोक कुमार उपाध्याय के निवास पर आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित रहे और आल्हा गायकों के उत्साह को सराहा। यह आयोजन उपाध्याय परिवार द्वारा कई पीढ़ियों से नागपंचमी पर संपन्न कराया जाता रहा है। इस परंपरा को जीवंत बनाए रखते हुए इस वर्ष भी पूरे हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।गोंडा से पधारे ख्यातिप्राप्त आल्हा गायक साहब शरण मिश्रा ने अपने सहयोगियों मनमोहन शुक्ला, प्रयाग दत्त व अन्य टीम सदस्यों के साथ मिलकर एक से बढ़कर एक वीर रस से परिपूर्ण प्रसंग प्रस्तुत किए। आल्हा गायन की ओजपूर्ण शैली और युद्ध प्रसंगों के सजीव वर्णन से उपस्थित जनसमूह भावविभोर हो उठा। ''फड़क उठी तलवार'' जैसे गायन ने वातावरण को जोश और रोमांच से भर दिया।कार्यक्रम में पूर्व सभासद देवता दीन ओझा, हरिहर दत्त पांडेय, विश्वनाथ शुक्ला, गिरिजा शंकर मिश्रा, सुरजू चौबे, राम भवन, चंद्रमौली सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन की सफलता ने यह दर्शा दिया कि सांस्कृतिक विरासत आज भी जनमानस में जीवित है और अगली पीढ़ी को प्रेरित कर रही है।

## फांसी फंदे पर झूली विवाहिता, दहेज हत्या का आरोप ,मुकदमा दर्ज

**बेलहरा-बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के अमेरा निवासी नन्हू ने अपनी बेटी पिंकी (27) का विवाह चार साल पहले सिंगहा निवासी दिनेश के पुत्र पिंकेश वर्मा के से किया था। सोमवार शाम पति सीएनजी प्लांट पर ड्यूटी करने चला गया।उसके जाने के बाद पिंकी अपने कमरे में तीन साल की बच्ची लल्ली के साथ सोने चली गई। मंगलवार सुबह उसका शव कमरे में लगी बल्ली में दुपट्टे के सहारे लटकता मिला। घटना की जानकारी के बाद मायके पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंचे। मृतका के पिता ने पति, ससुर सास व ननद पर दहेज हत्या का आरोप लगाया। आरोप है कि आए दिन कम दहेज लाने का ताना देकर बेटी को प्रताड़ित करते थे। इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद शुक्ला ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतका के पिता की तहरीर पर नामजद तीन आरोपितों के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज किया गया है।

## पंचायत भवन में चोरी

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ग्राम पंचायत चैला के पंचायत भवन में सोमवार की रात को अज्ञात चोरों ने कार्यालय का ताला तोड़कर कंप्यूटर, वैटरा, एलसीडी, इनवर्टर प्रिंटर के साथ जन्म-मृत्यु अभिलेख और महत्वपूर्ण पत्रावलियां भी उठा ले गए हैं। सुबह तब चला जब पंचायत सहायक सुनील कुमार ने अधिकारियों को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही ग्राम विकास अधिकारी ज्योति चौहान और ग्राम प्रधान सियावती मौके पर पहुची और स्थिति का जायजा लिया।इस मामले में ग्राम पंचायत की सचिव और प्रधान ने थाना सफदरगंज में शिकायत दी है। थाना सफदरगंज के थानाध्यक्ष अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और चोरों का पता लगाने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# पोकलैंड चालक ने साथियों संग साइट इंचार्ज पर किया जानलेवा हमला, नकदी व मोबाइल लूट ले गए

## पुलिस में शिकायत, जांच शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता





रामनगर बाराबंकी । रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत घाघरा नदी के किनारे चल रहे बांध सुरक्षा कार्य स्थल पर मंगलवार की रात एक सनसनीखेज घटना घटी। पोकलैंड मशीन के चालक ने अपने साथियों के साथ मिलकर साइट इंचार्ज पर लोहे की सरियों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमलावरों ने मौके पर मौजूद अन्य कर्मचारियों की भी पिटाई की और दो मोबाइल फोन, दो घड़ियां एवं 70 हजार रुपये नकद लूट लिए। पीड़ित पक्ष ने पुलिस को तहरीर सौंप दी है, जिसके आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बलिया जनपद के तीलापुर निवासी राकेश सिंह वर्तमान में प्रताप कंस्ट्रक्शन कंपनी में साइट इंचार्ज के रूप में कार्यरत हैं। वे इन दिनों रामनगर थाना क्षेत्र के कुसौरा गांव के समीप घाघरा नदी के किनारे चल रहे बांध सुरक्षा कार्य की निगरानी कर रहे हैं। राकेश सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 27 जुलाई की सुबह करीब 10:30 बजे कार्यस्थल के सुपरवाइजर रणजीत बहादुर ने पोकलैंड ऑपरेटर राकेश कुमार उर्फ रिंकू (निवासी अनवारी, थाना कुर्सी) को फोन कर कार्य पर बुलाया था। इस पर रिंकू ने फोन पर ही गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। उसी रात करीब 10:30 बजे रिंकू अपने साथी सतीश, रितेश और पांच अन्य अज्ञात लोगों के साथ मोटरसाइकिलों पर सवार होकर साइट पर पहुंचा। वहां विश्राम कर रहे सुपरवाइजर रणजीत बहादुर पर लोहे की सरियों से हमला कर दिया। हमले में रणजीत का सिर फट गया और एक हाथ टूट गया। शोर सुनकर अन्य कर्मचारी जब बचाव के लिए दौड़े तो हमलावरों ने उन्हें भी लाठी-डंडों से पीट डाला। जाते समय आरोपी दो मोबाइल फोन, दो घड़ियां और 70 हजार रुपये नकद लूट कर फरार हो गए। हमलावरों ने जाते-जाते धमकी दी कि यदि पुलिस में शिकायत की गई तो फिर से हमला करेंगे। गंभीर रूप से घायल रणजीत बहादुर को पहले जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने उन्हें लोहिया अस्पताल, लखनऊ रेफर कर दिया। फिलहाल पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। मौके पर तनावपूर्ण शांति बनी हुई है।

# पूजे गए नाग देवता, युवान ने पीटा गुड़िया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

जैदपुर बाराबंकी । कस्बे में नाग पंचमी का पर्व परंपरागत तरीके से हर्ष और उल्लास से मनाया गया । इस दौरान भक्तो ने व्रत रखकर कच्चे दूध , पुष्प माला , बेलपत्र , धतूरा एवं धूप दीप आदि के साथ भगवान भोलेनाथ के साथ साथ नाग देवता की भी बड़े विधि विधान के साथ पूजा आरती की गई।

तो वही घरों घरों में भी नाग देवता की विशेष पूजा आरती की गई तथा प्रसाद वितरण किया गया ।संध्या काल में कस्बे के मोहल्ला संगत मंदिर , चमरहिया , बड़ी बाजार , छोटी बाजार , संतोषी माता पूरब तरफ , गढ़ी कदीम , महमूदपुर , अहिरान , भुइहारे बाबा , उसरी , लोधपुरवा आदि में बच्चों सहित बड़े बुजुर्गों ने भी ढोल भांगड़े के साथ रंग बिरंगी डंडियों से गुड़िया पीटकर का पर्व की रस्म अदायगी की तो वही ग्रामीण इलाकों में रात्रि में लोगो ने खूब जमकर आल्हा ऊदल के गुनगान

# योगी की मौजूदगी में होगा तुलसीदास की प्रतिमा का अनावरण

एजेंसी

चित्रकूट। उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले में 31 जुलाई को गोस्वामी तुलसीदास की प्रतिमा का अनावरण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और संत मुरारी बापू की मौजूदगी में होगा।

दीनदयाल शोध संस्थान की सचिव अभय महाजन ने बताया कि तुलसीदास जी की 528वीं जयंती के अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र के परिसर में तुलसीदास की प्रतिमा स्थापित होना सुनिश्चित हुआ है, जिसमें संत मोरारी बापू एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहेंगे।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये प्रचार-प्रसार की दृष्टि से जिले के सम्पूर्ण ग्राम पंचायतों में प्रत्येक परिवार को आमंत्रण पत्र के साथ तुलसीदास जी का साहित्य और कलेण्डर देने का कार्य दीनदयाल शोध संस्थान के कार्यकर्ता पिछले एक माह से कर रहे हैं। इस संदर्भ में कर्वी, राजापुर, मऊ में वृहद बैठकों का आयोजन भी हुआ है। पूज्यपाद गोस्वामी तुलसीदास की प्रतिमा का अनावरण 31 जुलाई 2025 श्रावण मास शुक्ल पक्ष सप्तमी को गोस्वामी तुलसी दास परिसर कृषि विज्ञान केंद्र गनीवां में किया जाएगा। प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम हेतु मुख्य रूप से रामकथा मर्मज्ञ मुरारी बापू का भी उद्बोधन होगा वहीं विशेष रूप से आमंत्रित उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मार्गदर्शन भी प्राप्त होगा।

अभय महाजन ने बताया कि कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह के आने की भी संभावना है।

कार्यक्रम को सफल बनाने एवं व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिये अशोक जाटव जिला पंचायत अध्यक्ष चित्रकूट गुप्ता नगर पालिका अध्यक्ष कर्वी, श्री पंकज अग्रवाल अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक बाँदा- चित्रकूट, आर के सिंह पटेल पूर्व सांसद द्वारा सतत प्रयत्न किया जा रहा है।

# पर्यावरण और जैव विविधता के बोध का पर्व है नाग पंचमी : पूनम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। पर्यावरण और जैव विविधता के प्रति दायित्व बोध का पुनीत पर्व नाग पंचमी को नागों की पूजा करने से अनिष्ट शक्तियों से रक्षा होती है। नाग पंचमी पर आज शहर से लेकर गांव तक परिवेश भक्ति भावना से पूर्ण दिखा। शैक्षणिक संस्थानों में माहौल खुशनुमा हुआ था। मेहंदी लगाओ कजरी गाओं खुशियां मनाओ के गीत भी वातावरण में गूंजे। पावन अवसर पर बंदी का पुरवा स्थित जे .बी.एस इंस्टीट्यूट मे भगवान भोलेनाथ का पार्थिव शिवलिंग स्थापित कर समस्त विद्यालय परिवार ने पूजा अर्चना की और नाग देवता को दूध ,चने ,दुर्वा ,मिष्ठान, सिवाई भेंट किया।''नाग पंचमी पर्व है आया,

सबके मन मे खुशियां लाया,
दूध चने और खील चढ़ाये,
मेहंदी लगाओ कजरी गाओ
मिल जुल के खुशियां मनाओ''
गले मे शिव शंभु के विराजे नाग,
अपने फन पर रखें है पृथ्वी को,
ऐसे है शक्ति शाली देवता हमारे नाग।
''शिव शंकर भोलेनाथ जी के चरणों में शत शत नमन एवं वंदन''



और सर्व मंगल की कामना की विद्यालय की प्रबन्धक पूनम सिंह जी द्वारा नाग पंचमी के महत्व को बताया गया। यह त्यौहार सावन माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी को मनाया जाता है। जिसे नाग पंचमी कहा जाता है। नाग पंचमी का पर्व हमें यह संदेश देता है की हमे जीव जंतुओं की पूजा व रक्षण का संकल्प संग आशीर्वाद लेना चाहिए। ये जीव हमे कभी भी निरर्थक हानि नहीं पहुंचते इस लिए कभी भी हमे जीवो को मरना नहीं चाहिए। इसके उपरांत विद्यालय परिसर मे समस्त स्टाफ द्वारा नीम,आम,अशोक और जामुन के पौधे लगाए गए। नाग पंचमी के अवसर पर विद्यालय मे मेहंदी प्रतियोगिता भी करवाई गई जिसमें समस्त विद्यार्थियों ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

# दहेज लोभी पति ने विवाहिता को घर से निकला, धमकी, मुकदमा दर्ज

निंदूरा बाराबंकी। दहेज के वसीभूत हो एक व्यक्ति ने पत्नी को घर से धक्का देकर बाहर कर दिया। और जान से मारने की धमकी दी। कुर्सी थाना क्षेत्र के ग्राम पड़री निवासी मनीषा रावत ने पुलिस को बताया है कि उसका विवाह बीते तीन मार्च को रामतीरथ के साथ हुआ था। विवाह में मायके वालों ने हैसियत के अनुसार से दान-दहेज दिया था,लेकिन बावजूद इसके ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। विवाह के कुछ दिनों बाद से ही पति व ससुराल वाले दहेज में सोने की चेन के लिए प्रताड़ित करने लगे। सोमवार को पति व ससुराल जनों ने उसे मारा-पीटा और घर से बाहर निकाल दिया।धमकी दी कि अगर बिना दहेज के वापस आई तो उसे जान से मार देंगे। महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर पर पति सहित दस लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# पाकिस्तान को आतंकवाद रोधी समिति का उपाध्यक्ष बनाया जाना क्रूर मजाक: राजनाथ

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आंतकवाद रोधी समिति का उपाध्यक्ष बनाए जाने की तुलना 'दूध की रखवाली बिल्ली को देने' से करते हुए इस विश्व संगठन को अड़े हाथों लिया है।

श्री सिंह ने पाकिस्तान को वैश्विक वित्तीय मदद के औचित्य पर भी यह कहते हुए सवाल उठाए और कहा है कि पाकिस्तान को बाहर से जो भी आर्थिक मदद मिलती है उसका एक बड़ा हिस्सा 'वहां आतंकवाद के कारखानों' में लगता है। श्री सिंह ने अप्रैल में पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारतीय सैन्य बलों द्वारा पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में पाकिस्तान परस्त आतंकवादी संगठनों के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के लिए चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर पर राज्य सभा में 16 घंटे की विस्तृत चर्चा की शुरूआत करते हुए यह बात कही। उन्होंने ओसामा बिन लादेन और दुनिया में कई देशों में सक्रिय आतंकवादी सरगनाओं के पाकिस्तान में पनाह दिए जाने और वहां से आतंकवादी कार्रवाईयों से उनकी गतिविधियों के चलन की ओर दुनिया का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि यह समिति 9/11 (न्यूयार्क आतंकवादी हमले) के बाद बनी थी ऐसे में 'इस समिति में पाकिस्तान जैसे देश को उपाध्यक्ष बनाया जाना क्रूर मजाक से कम है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद से मुक्ति मिलने पर ही दुनिया शांति और प्रगति की दिशा में बढ़ पाएगी जबकि 'पाकिस्तान में आतंकवाद एक धंधा बन गया है उसकी पीठ पर अनेक बैताल बैठ गए हैं जो उसे प्रगति की राह की ओर बढ़ने नहीं दे रहे हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि दुनिया में आतंकवाद को जड़ से मिटाना जरूरी है और इसके लिए पाकिस्तान से आतंकवाद का सफाया बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा, ल्लपाकिस्तान यदि आतंकवाद से नहीं लड़ सकता तो भारत उसको मदद दे सकता है।ङ्क उन्होंने साथ ही यह भी कहा कि भारत और पाकिस्तान ने आजादी के बाद साथ-साथ यात्रा शुरू की थी। भारत को आज 'मदर ऑफ डेमॉक्रेसी ' कहा जाता है जबकि पाकिस्तान 'फादर ऑफ टेरोरिज्म' (आतंकवाद का अब्बा) है। श्री सिंह ने आज साफ-साफ कहा कि आतंकवाद के जरिए भारत को 'हजार जख्म' देने की पाकिस्तान की रणनीति अब ज्यादा दिन नहीं चलेगी और उसका यह खेल उसके लिए महंगा साबित होगा। उन्होंने वैश्विक शांति और प्रगति के लिए आतंकवाद के सफाए को जरूरी बताते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' को आंतकवाद को रत्ती भर भी बर्दास्त न करने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया को भारत का एक स्पष्ट संदेश बताया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर खत्म नहीं हुआ है। गत 10 मई को इसे पाकिस्तान की सेना के सैन्य अभियान महानिदेशक (डीजीएमओ) के अनुरोध पर इस शर्त के साथ रोका गया है।

भारत अब आतंकवादी हमलों को बिल्कुल सहन नहीं करेगा। उन्होंने कहा , ल्लपाकिस्तान की सेना और उसकी सैन्य खुफिया एजेंसी आईएसआई छद्म युद्ध में आतंकवाद का इस्तेमाल कर भारत को 1000 जख्म देना का भ्रम पाले हुए हैं। उनका यह सपना किसी भी सूरत में पूरा नहीं होगा। रक्षा मंत्री ने आतंकवाद को मानवता के सामने एक 'महामारी' बताते हुए कहा कि महामारियां आती है और समाप्त हो जाती है पर आतंकवाद की महामारी को 'अपनी मौत मरने के लिए नहीं छोड़ा जा सकता है। विश्व के लिए इसका पक्का इलाज करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कहीं भी हो और किसी भी रूप में हो उसे जायज नहीं ठहराया जा सकता। 'कोई आतंकवादी किसी के लिए फ्रीडम फाइटर हो सकता है, हम यह सोच भी नहीं सकते। आतंकवाद की कोख से क्रांतियां पैदा नहीं होतीं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर केवल वर्तमान स्थिति हीं नहीं भविष्य के लिए भारत का एक संकेत है। पिछले 800 वर्षों की गुलामी के बाद मान लिया गया था कि भारत की जनता नरम है वह प्रतिक्रिया कर ही नहीं सकती। पश्चिमी साहित्य में भी भारत का इसी तरह का चरित्र चित्रण किया गया था। उन्होंने कहा कि दुर्गाजी, शिवजी, राम और कृष्ण जैसे हमारे आराध्य देवी देवताओं के अपने-अपने सस्त्र थे, उनका संदेश वीरता का संदेश है। हमारे आजादी के क्रांतिकारियों ने दिखाया कि हम स्वाभिमान के लिए कुछ भी न्यौछावर कर सकते हैं। रक्षा मंत्री ने इसी संदर्भ में कोई नाम लिए बिना प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की किताब 'डिस्कवरी ऑफ इंडिया' (भारत एक खोज) की ओर संकेत करते हुए कहा कि भारत ने अपने आप को 'री डिस्कवर' किया है।

# पहलगाम हमले की सरकार ले जिम्मेदारी : प्रियंका

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि पहलगाम में हुआ आतंकवादी हमला देश की अस्मिता पर आक्रमण है और हमारी खुफिया एजेंसियों की बहुत बड़ी विफलता का परिणाम है। इस चूक के लिए जिम्मेदार लोगों का इस्तीफा होना चाहिए था लेकिन इस्तीफा तो दूर, देश को चलाने वाले लोग इसकी जिम्मेदारी लेने को भी तैयार नहीं हैं।

श्रीमती वाड्रा ने मंगलवार को लोकसभा में आपरेशन सिंदूर पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि इस घटना के लिए देश की खुफिया एजेंसियां, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और देश के गृहमंत्री जिम्मेदार हैं। उन्हें नैतिक आधार पर हमले की जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देना चाहिए था लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि इस्तीफा तो दूर, गृहमंत्री अमित शाह इस घटना की जिम्मेदारी लेने को भी तैयार नहीं हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी हमला किया और उनका नाम लिए बना कहा कि देश के प्रमुख को सिर्फ सफलता का श्रेय नहीं लेने को उत्साहित नहीं चाहिए। देश में जो घटनाएं होती हैं उनकी जिम्मेदारी भी उनकी होती है और इसकी जिम्मेदारी लेने का उनमें साहस भी होना चाहिए। उनका कहना था कि पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने की बात अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प करते हैं और यह हमारे लिए अत्यंत चिंता का विषय है। सरकार को बताना चाहिए कि सैन्य कार्रवाई क्यों रुकी। इसका जवाब सरकार को देना चाहिए लेकिन सरकार इस बारे में चुप्पी साधे हुए है। कांग्रेस नेता ने कहा कि आपरेशन सिंदूर को सफलता नहीं कहा जा सकता है।

यदि आपरेशन सिंदूर का लक्ष्य आतंकवाद को खत्म करना था तो यह आपरेशन सफल नहीं है क्योंकि जो पाकिस्तान आतंकवाद को पनाह देता है उस पाकिस्तान को इसी बीच संयुक्त राष्ट्र में अहम जिम्मेदारी मिलती है तो क्या इस लक्ष्य का यही जवाब है। देशवासियों के प्रति जवाबदेही होनी चाहिए लेकिन सच यह है कि सरकार के लिए जनता की समस्या से ज्यादा खुद का प्रचार, पीआर महत्वपूर्ण है।

# आपरेशन सिंदूर में हुआ भारत की कमजोर राजनीतिक इच्छा शक्ति का प्रदर्शन : राहुल

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जब भारत ने पाकिस्तान को पहले हमले की सूचना दी तो इससे साफ हो गया था कि भारत में राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी है। श्री गांधी ने लोकसभा में मंगलवार को आपरेशन सिंदूर पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि जब देश पर पहलगाम आतंकवादी हमला हुआ तो पूरे देश ने एक स्वर में पाकिस्तान की भूमिका की निंदा की। इंडिया गठबंधन के नेताओं ने एकजुट होकर आपरेशन सिंदूर में सरकार का साथ दिया।

उन्होंने कहा कि राजनीतिक इच्छाशक्ति महत्वपूर्ण होती है और भारत के 1971 में इस राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिचय दिया था और जनरल मानिक शॉ ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से कहा कि गरमी में ऑपरेशन नहीं किया जा सकता और उन्होंने छह माह का समय मांगा तो तत्काल यह कहते हुए उन्हें इजाजत दी गई कि बंगलादेश को आजादी मिलनी चाहिए। इस आजादी का फायदा यह हुआ कि पाकिस्तान के सैनिकों ने आत्मसमर्पण किया और बंगलादेश का निर्माण हुआ। श्री गांधी ने कहा कि जिस तरह के खुलासे अब सेना के अधिकारी कर रहे हैं वे सब चौंकाने वाले हैं। एक तरह से पाकिस्तान को कहा गया है कि हम आपके सैन्य ठिकानों पर हमला कर रहे हैं तो आप भी करिए। मतलब कि हमने उनको



कह दिया कि हमारे पास राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं है। यह संदेश पहले ही पाकिस्तान को दे दिया गया था। श्री गांधी ने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई को रोकने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प बार बार घोषणा करते रहे हैं और इस बात को उन्होंने दर्जनों बार दोहराया है। उनका कहना था कि यदि यह सही नहीं है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कह देना चाहिए कि श्री ट्रम्प झूठ बोल रहे हैं। उनका यह भी कहना था कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख को अमेरिकी राष्ट्रपति भोज पर बुलाते हैं लेकिन भारत के प्रधानमंत्री को इसका विरोध कर कर कहना चाहिए था कि पाकिस्तान आतंकवाद का पोषक है और उसके सैन्य प्रमुख को इस तरह से भोज पर बुलाना औचित्यहीन है। उन्होंने कहा कि सेना का इस्तेमाल सिर्फ देश की सुरक्षा के लिए किया जाना चाहिए और उनके किसी भी कार्य का इस्तेमाल राजनीतिक लाभ के लिए नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी विदेश नीति इस समय एकदम चौपट हो चुकी है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण आपरेशन सिंदूर है जब किसी भी देश ने पाकिस्तान का विरोध नहीं किया। आतंकवादी को पनाह देने के लिए कहीं से भी उसके खिलाफ कोई आवाज नहीं आई और यह हमारे लक्ष्य के विपरीत था। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति की ओर से पाकिस्तीनी सेना प्रमुख को प्रोटोकाल की परवाह किये बिना लंच पर बुलाना आतंकवाद के खिलाफ भारत की मुहिम के प्रतिकूल है।

# भारत को पाकिस्तान से ज्यादा खतरा चीन से है : अखिलेश

एजेंसी

नयी दिल्ली। समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने सोमवार को कहा है कि देश को पाकिस्तान से ज्यादा खतरा चीन से है जो हमारी जमीन छीनने के साथ-साथ हमारा व्यापार भी छीन रहा है।

श्री यादव ने लोकसभा में ऑपरेशन सिन्दूर पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि अगर हमें सीमा पर शांति चाहिए तो इसके लिए चीन से निपटना जरुरी है। उससे अपनी जमीन वापस लेनी है और जिस तरह से वह पाकिस्तान की मदद कर रहा है और व्यापारिक मोर्चे पर भारत के खिलाफ युद्ध छेड़े हुए है उससे इन सभी मोर्चों पर निपटना जुरुरी है। उन्होंने सरकार से कहा कि हर बार आप चूक कहकर जिम्मेदारी से बच नहीं सकते हैं। पहले जो स्थिति थी वहां तक सरकार अभी नहीं पहुंच पायी है। पहले जहां सेना पेट्रोलिंग करती थी वहां अभी सेना नहीं जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए असली खतरा चीन है, पाकिस्तान नहीं। चीन हमारी जमीन छीनने के साथ ही हमारे व्यापार को भी छीन रहा है। हमारे आत्मनिर्भर के नारे की समीक्षा की जानी चाहिए और देखना होगा कि कहीं हम कुछ उद्योगपतियों को ही तो लाभ नहीं पहुंचा रहे हैं।

सपा नेता ने कहा कि अगर पाकिस्तान हमारे लिए खतरा है तो चीन तो उससे बड़ा खतरा है और उससे ज्यादा सावधान रहने की जरूरत है। उनका कहना था कि विदेश मंत्री कह रहे थे हम अच्छे पुल बना रहे हैं और सड़कें बहुत अच्छी बना रहे हैं और सीमा पर जितना विकास होगा उससे हमारी सीमाएं ज्यादा सुरक्षित होना चाहिए। रक्षा का बजट हमारे सकल घरेलू उत्पाद के तीन फीसदी के बराबर होना चाहिए। रक्षा के नाम पर दुनिया में निवेश करने की बात सरकार करती है, लेकिन निवेश के लिए उसे आयोजन करना चाहिए और देश में एक्सपो लगाए जाने चाहिए। सरकार को खुद देश की सुरक्षा के लिए और अधिक उत्साह से काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सेना ने जिस शौर्य का परिचय देश के लिए दिया है उसके लिए सेना बधाई की पात्र है। सेना की वीरता का पूरा देश सम्मान करता है, लेकिन सेना की बहादुरी का राजनीतिक लाभ नहीं लिया जाना चाहिए। हर बात पर राजनीतिक लाभ उठाने का प्रयास नहीं होना चाहिए। उनका कहना था कि आखिर एन्काउंटर कल ही क्यों हुआ है। पुलवामा में जो वाहन आया था उसे आज तक क्यों नहीं पकड़ा गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अगर आज भी चाहे तो पुलवामा में आये वाहन का पता लगा सकती है।

# पेज एक का शेष

## सैन्य कार्रवाई रोकने के...

समर्थन मिलता रहा लेकिन दुर्भाग्य है कि अपने देश के वीरों को अपनों का समर्थन नहीं मिला। उन्होंने कहा, आतंकवादी हमलों के बाद जो उछल रहे थे और पूछ रहे थे कि कहां गई 56 इंच की छाती, कहां गया मोदी, देश की विदेश नीति विफल हो गयी, सच यह है कि ऐसा करके वे राजनीति कर रहे थे और अपनी स्वार्थी राजनीति के लिए मुझ पर हमला कर रहे थे लेकिन उनका यह स्वार्थी बयान देशवासियों के दिलों में जगह नहीं बना सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ लोग अपनी राजनीति के लिए सेना के अधिकारियों के बयान को भी अपने हित में पेश करने का प्रयास कर रहे हैं। सेना के जवानों ने लक्ष्य तय कर आतंकवादियों के ठिकाने को ध्वस्त किया है। आतंकवादियों के प्रशिक्षण केंद्रों को नष्ट किया गया और इसके लिए पहले से ही लक्ष्य तय किये गये थे। ये लक्ष्य एक तरह से उनकी नाभी पर हमला था जिसके बाद आतंकवादी कुछ कर ही नहीं सके। जिन स्थानों पर आतंकवादियों को प्रशिक्षण दिया जाता था और उन्हें हमले का तरीका बताकर तैयार किया जाता था हमारी सेना ने आपरेशन सिंदूर के जरिए उन्हें ध्वस्त कर दिया। उन्होंने कहा कि छह मई की रात को आपरेशन सिंदूर शुरु किया गया था और अगली ही सुबह भारत ने स्पष्ट कर दिया था कि हमारा लक्ष्य आतंकवाद को नष्ट करना है। भारतीय सेना ने पाकिस्तान की सेना को चंद मिनट में बता दिया कि हमारा यह लक्ष्य है और हमने अपना लक्ष्य शत प्रतिशत हासिल कर लिया है। पीएम मोदी ने कहा- शास्त्रों में कहा गया, 'शस्त्रेण रक्षिते राष्ट्रे शास्त्र चिंता प्रवर्तते', जब राष्ट्र शस्त्र से सुरक्षित होते हैं तभी वहां शास्त्र की चर्चाएं हो पाती हैं। ऑपरेशन सिंदूर बीते दशक में सेना के सशक्तीकरण का प्रतीक है। कांग्रेस के शासन के दौरान सेनाओं को आत्मनिर्भर बनाने का सोचा भी नहीं गया। ये शब्द गांधी से आया है, लेकिन आज भी मजाक उड़ाया जाता है। छोटे छोटे उपकरण के लिए विदेशों पर निर्भर रहे, ये उनका कार्यकाल रहा। जीप, बोफोर्स हर चीज के साथ घोटाला किया। हमारी सेनाओं को हथियारों के लिए दशकों इंतजार करना पड़ा। आजादी के बाद एक मजबूत रक्षा उपकरणों का हमारा दायरा उसे सोच समझकर तबाह किया गया। दुर्बल किया गया। रिसर्च और मैनुफैक्चरिंग के रास्ते बंद कर दिए गए। इसी नीति पर हम चलते तो ऑपरेशन सिंदूर के विषय में सोच भी नहीं सकते थे। ये हाल कर दिया था। भारत को सोचना पड़ता था कि अगर युद्ध हुआ तो शस्त्र कहां से मिलेंगे। बीच में रुक तो नहीं जाएंगे। ये सोचना पड़ता था।

## कांग्रेस को पाकिस्तान...

दुर्भाग्य से कंाग्रेस मुद्दों को पाकिस्तान से आयात कर रही है। आख्यान गढ़ कर सेनाओं को कमजोर करने के खेल खेले जाते हैं। कांग्रेस और उसके सहयोगी पाकिस्तान के प्रपंच के प्रवक्ता बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवादी घटनाओं के बाद पाकिस्तान के खिलाफ की गयी देश की हर कार्रवाई के बाद सवाल उठाये जाते रहे हैं। पाकिस्तान के खिलाफ हुई सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगे गये। अब ऑपरेशन सिन्दूर को लेकर भी तरह-तरह की बातें करते रहे हैं। ऑपरेशन सिन्दूर को लेकर कंाग्रेस के एक नेता ने यहां तक कह दिया कि यह एक 'तमाशा' था। श्री मोदी ने कहा कि कंाग्रेस के शासनकाल में सेना को सोच-समझकर दुर्बल कर दिया गया। सैनिकों के लिए हथियारों का निर्माण बंद कर दिया गया। सेना को सैन्य साजोसामन के लिए पूरी तरह से विदेशों पर निर्भर रहना पड़ता था। उन्होंने कहा कि अब स्थितियां बदल रही हैं और सेना के लिए हथियार और अन्य उपकरण देश में ही निर्मित होने लगे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान सेना ने ऐसा पराक्रम दिखाया कि हर देशवासी गौरवान्वित है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की ओर से भारत की तरफ भेजे गये करीब एक हजार ड्रोन और मिसाइलों को हमारी सेना ने हवा में ही तिनके की तरह बिखेर दिया था। सेना के पराक्रम पर हर देशवासी को गर्व है।

## पहलगाम हमले को अंजाम...

परिजनों से कहना चाहते हैं कि पहलगाम आतंकवादी घटना को अंजाम देने वाले आतंकवादियों को सैन्य बलों ने सोमवार को मार गिराया है और पाकिस्तान में बैठे इनके आकाओं को ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान ही नेस्तनाबूद कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि पहली बार भारत ने 100 किलोमीटर पाकिस्तान के अंदर स्थित आतंकवादियों के ठिकानों पर हमला किया। इससे पहले पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में ही आतंकवादियों के ठिकानों पर हमला किया गया था। श्री शाह ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान स्थित नौ आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त करने के अलावा पाकिस्तान के 11 एयरबेस क्षतिग्रस्त किये गये इनमें नौ तो पूरी तरह नेस्तनाबूद कर दिया गया। पाकिस्तान के छह राडार सिस्टम ध्वस्त किये गये। इस तरह पाकिस्तान के सेना के कमर तोड़ दी गयी तो उसके पास युद्ध विराम करने की गुहार लगाने के अलावा कोई चारा नहीं था। श्री शाह ने कहा कि कंाग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व गृह मंत्री पी चिदंबरम ने पहलगाम हमले को अंजाम देने वाले आतंकवादियों के पाकिस्तानी होने पर सवाल उठाया है, उन्होंने कहा कि श्री चिंदबरम यह सवाल उठाकर पाकिस्तान को 'क्लीन चिट' दे रहे हैं। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि दिल्ली में बटाला हाउस मुठभेड़ के बाद कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद रोते हुए दिखाई दिये थे। उस मुठभेड़ में शहीद हुए पुलिस कर्मी मोहन लाल शर्मा की शहादत पर आंसू बहाये जाते तो कितना अच्छा होगा। उन्होंने कहा कि कंाग्रेस सरकार की पूर्व में की गयी गलतियों के कारण ही पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले आतंकवादी हमलों का पाकिस्तान को सटीक जवाब नहीं जाता था लेकिन अब मोदी सरकार हर आतंकवादी हमले का करारा जवाब देती है। उन्होंने कहा कि 1971 में बंगलादेश युद्ध के बाद 93 हजार पाकिस्तानी युद्ध बंदियों और 15 हजार वर्ग किलोमीटर कब्जा की गयी पाकिस्तान की जमीन के बदले में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को मांग लिया गया होता तो आज पाकिस्तान भारत के लिए आतंकवादी हमले जैसे संकट ही उत्पन्न न कर पाता। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 हटाये जाने के बाद कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं मे कमी आयी है। पथराव की घटनायें बंद हो गयी हैं। वहां आतंकवादी इकोसिस्टम को समाप्त कर दिया गया है। अब घाटी में बंद आहूत नहीं किये जाते। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में आतंकवादी हमलों का करारा जवाब दिया गया है और आगे भी आतंकवाद से कड़ाई से निपटा जायेगा।

## यूपी के मुख्य...

के प्रयास भी शामिल हैं। पत्र में इस साल के अंत में होने वाले आगामी वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन और भूमिपूजन समारोह का भी उल्लेख है। एक अधिकारी ने कहा, 2019 में, तत्कालीन मुख्य सचिव अनूप चंद्र पांडे को निवेशक शिखर सम्मेलन के कारण छह महीने का सेवा विस्तार दिया गया था। सिंह वर्तमान में कई प्रमुख पदों पर हैं, जिनमें बुनियादी ढाँचा और औद्योगिक विकास आयुक्त, पीआईसीयूपी के अध्यक्ष, यूपीईआईडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ), यूपीएसएचए के सीईओ और यूपी डीएएसपी के परियोजना निदेशक शामिल हैं। इससे पहले, वह शहरी विकास, ग्रामीण विकास, पंचायती राज और कृषि उत्पादन आयुक्त के रूप में कार्य कर चुके हैं। राज्य में शीर्ष स्तर पर नौकरशाही में अपेक्षित फ़ेरबदल उनके सेवा विस्तार पर केंद्र के निर्णय पर निर्भर करेगा।

## राज्य सभा में ...

माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा, ''मैं इस मामले को छोड़ने वाला नहीं। इसके बाद श्री नड्डा ने कहा '' विपक्ष के नेता आदरणीय हैं और मैं अपनी टिप्पणी के लिए क्षमा मांगता हूं।'' उन्होंने अपनी पहले की टिप्पणी को सुधारते हुए यह भी कहा, ''आप भावावेश में बह गये थे और प्रधानमंत्री की गरिमा का ख्याल नहीं रख पाये। इसका मुझे दुख है।''

## सीएम योगी का...

किया। उन्होंने योगी सरकार के इस सिस्टम को प्रभावी, तकनीकी रूप से उन्नत और नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए अत्यंत प्रभावी माना। वहीं दिल्ली सरकार के अधिकारियों ने योगी सरकार के दोनों मॉडल की सफलता को देखते हुए इसे दिल्ली में लागू करने का निर्णय लिया। दिल्ली सरकार सिस्टम को लागू करने के लिए सहायता प्रदान करने का किया आग्रह दिल्ली सरकार के अधिकारियों के दल के भ्रमण के कुछ दिन बाद दिल्ली सरकार ने राज्य सरकार से आग्रह किया है कि वह अपने यहां आईजीआरएस और सीएम डैशबोर्ड सिस्टम को प्रभावी, तकनीकी रूप से उन्नत और नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए अत्यंत प्रभावी माना। वहीं दिल्ली सरकार के अधिकारियों ने योगी सरकार के दोनों मॉडल की सफलता को देखते हुए इसे दिल्ली में लागू करने का निर्णय लिया। दिल्ली सरकार सिस्टम को लागू करने के लिए सहायता प्रदान करने का किया आग्रह दिल्ली सरकार के अधिकारियों के दल के भ्रमण के कुछ दिन बाद दिल्ली सरकार ने राज्य सरकार से आग्रह किया है कि वह अपने यहां आईजीआरएस और सीएम डैशबोर्ड सिस्टम को लागू करना चाहते हैं। ऐसे में योगी सरकार से दिल्ली में आईजीआरएस और सीएम डैशबोर्ड सिस्टम को लागू करने में सहायता प्रदान करने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए आईजीआरएस और विकास कार्यों की मॉनीटरिंग के लिए सीएम डैशबोर्ड सिस्टम की शुरुआत की थी। यह प्रणाली शिकायतों के निपटारे के लिए ट्रैकिंग, मॉनीटरिंग और फीडबैक का सरल और पारदर्शी तरीका प्रदान करती है। वहीं सीएम डैशबोर्ड विकास कार्यों की प्रगति और गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य की मॉनीटरिंग करती है।

## मतदाता सूची से बड़े पैमाने पर...

लिखित दलीलें दाखिल करने के लिए याचिकाकर्ताओं और निर्वाचन आयोग की ओर से नोडल अधिकारी नियुक्त किए। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को आधार और मतदाता पहचान पत्र के ''प्रामाणिक होने की धारणा'' पर जोर देते हुए बिहार में मतदाता सूची के मसौदे के प्रकाशन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था और कहा था कि वह निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार में कराए जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ दायर याचिकाओं पर हमेशा के लिये अंतिम निर्णय करेगा। उसने निर्वाचन आयोग से कहा कि वह उसके (शीर्ष अदालत के) पहले के आदेश का अनुपालन करते हुए बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के लिए आधार और मतदाता पहचान पत्र को स्वीकार करना जारी रखे। न्यायालय ने कहा कि दोनों दस्तावेजों के ''प्रामाणिक होने की धारणा है। एक गैर सरकारी संगठन 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' की ओर से उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि मतदाता सूची को अस्थायी तौर पर अंतिम रूप नहीं दिया जाना चाहिए और एक अगस्त को मसौदा मतदाता सूची के प्रकाशन पर अंतरिम रोक लगनी चाहिए। पीठ ने न्यायालय के पिछले आदेश पर गौर किया, जिसमें कहा गया था कि याचिकाकर्ता अंतरिम राहत के लिए अनुरोध नहीं कर रहे थे। पीठ ने कहा कि इसलिए अब ऐसा नहीं किया जा सकता तथा मामले का स्थायी निपटारा किया जाएगा। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की अध्यक्षता वाली एक पीठ ने 10 जुलाई को निर्वाचन आयोग को बिहार में एसआईआर की प्रक्रिया जारी रखने की अनुमति देते हुए उससे आधार, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड को वैध दस्तावेज के रूप में स्वीकार करने पर विचार करने को कहा था। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि निर्वाचन आयोग ने सुझाव दिया है कि एसआईआर के लिए 11 दस्तावेजों की सूची समावेशी नहीं, बल्कि अंतिम है, और वे पहचान के उद्देश्य से आधार और मतदाता पहचान पत्र दोनों का उपयोग कर रहे हैं। द्विवेदी ने कहा था कि आधार नागरिकता का प्रमाण नहीं है और मतदाता पहचान पत्र पर भरोसा नहीं किया जा सकता, क्योंकि यह एक संशोधन प्रक्रिया है, अन्यथा ऐसी कवायद का कोई मतलब नहीं था। न्यायमूर्ति सूर्यकंात ने तब टिप्पणी की, ''दुनिया का कोई भी दस्तावेज जाली हो सकता है। निर्वाचन आयोग जालसाजी के मामलों से एक-एक कर निपट सकता है। सामूहिक रूप से नाम हटाने के बजाय, सामूहिक रूप से नाम जोड़ने की दिशा में काम किया जाना चाहिए। द्विवेदी ने कहा कि निर्वाचन आयोग आधार और मतदाता पहचान पत्र, दोनों स्वीकार कर रहा है, लेकिन कुछ सहायक दस्तावेजों के साथ। निर्वाचन आयोग के हलफनामे में बिहार में मतदाता सूचियों की चल रही एसआईआर को उचित ठहराते हुए कहा गया है कि यह मतदाता सूची से 'अपात्र व्यक्तियों को हटाकर' चुनाव की शुद्धता को बढ़ाता है।

## राष्ट्रपति के संदर्भ की...

प्रस्तुत किया गया था, जो सर्वोच्च संवैधानिक प्रमुख को किसी भी कानूनी प्रश्न या सार्वजनिक महत्व के तथ्य पर उच्चतम न्यायालय की राय लेने की अनुमति देता है। राष्ट्रपति ने इस संदर्भ में 14 प्रश्नों पर शीर्ष अदालत की राय मांगी। इन सवालों में यह भी शामिल है कि क्या भारत के संविधान के अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति द्वारा संवैधानिक विवेकाधिकार का प्रयोग न्यायोचित है।संदर्भ में राय मांगी गई है कि क्या संविधान के अनुच्छेद 200 और अनुच्छेद 201 के अंतर्गत राज्यपाल और राष्ट्रपति के निर्णय, कानून के लागू होने से पहले के चरण में न्यायोचित हैं? क्या न्यायालयों के लिए किसी विधेयक के कानून बनने से पहले, किसी भी रूप में, उसकी विषय-वस्तु पर न्यायिक निर्णय लेना अनुमन्य है? इसमें यह भी पूछा गया है कि क्या संवैधानिक शक्तियों के प्रयोग और राष्ट्रपति/राज्यपाल के/द्वारा दिए गए आदेशों को भारत के संविधान के अनुच्छेद 142 के अंतर्गत किसी भी रूप में प्रतिस्थापित किया जा सकता है।राष्ट्रपति की ओर से यह भी राय मांगी गई है कि क्या राज्य विधानमंडल द्वारा बनाया गया कानून संविधान के अनुच्छेद 200 के अंतर्गत राज्यपाल की स्वीकृति के बिना भी लागू कानून है। इसमें आगे पूछा गया है, ''संविधान के अनुच्छेद 145(3) के प्रावधान के मद्देनजर, क्या शीर्ष न्यायालय की किसी भी पीठ के लिए यह अनिवार्य नहीं है कि वह पहले यह निर्णय करे कि क्या उसके समक्ष कार्यवाही में शामिल प्रश्न ऐसी प्रकृति का है जिसमें संविधान की व्याख्या से संबंधित विधि के महत्वपूर्ण प्रश्न शामिल हैं और इसे कम से कम पाँच न्यायाधीशों की पीठ को भेजा जाए।' राष्ट्रपति के संदर्भ में यह भी पूछा गया था कि क्या संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत सर्वोच्च न्यायालय की शक्तियाँ प्रक्रियात्मक कानून के मामलों तक सीमित हैं या भारतीय संविधान का अनुच्छेद 142 ऐसे निर्देश जारी करने/आदेश पारित करने तक विस्तारित है जो संविधान या लागू कानून के मौजूदा मूल या प्रक्रियात्मक प्रावधानों के विपरीत या असंगत हैं। इसमें यह भी राय देने को कहा गया है कि क्या संविधान, भारत के संविधान के अनुच्छेद 131 के तहत वाद के माध्यम से छोड़कर, केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के बीच विवादों को सुलझाने के लिए शीर्ष न्यायालय के किसी अन्य अधिकार क्षेत्र को रोकता है? राष्ट्रपति ने महसूस किया कि मौजूदा परिस्थितियों में जब राज्य सरकारें अक्सर संविधान के अनुच्छेद 32 और 131 का हवाला देते हुए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाती हैं, कानूनी प्रश्नों पर सर्वोच्च न्यायालय की राय लेना समय की मांग है।

## भारत ने मिसाइल...

और बिल्कुल सटीकता के साथ निर्धारित लक्ष्य पर पहुंचीं। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''सभी उपप्रणालियों ने अपेक्षा अनुरूप कार्य किया, जिन्हें एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) द्वारा तैनात विभिन्न 'ट्रैकिंग सेंसर' द्वारा संग्रहित किए गए परीक्षण आंकड़ों का उपयोग करके सत्यापित किया गया था, जिसमें निर्दिष्ट प्रभाव बिंदु के पास स्थित जहाज पर तैनात उपकरण शामिल थे। मंत्रालय ने कहा, ''प्रलय एक स्वदेशी रूप से विकसित ठोस प्रणोदक अर्ध-बैलिस्टिक मिसाइल है जो उच्च परिशुद्धता सुनिश्चित करने के लिए अत्याधुनिक मार्गदर्शन और नौवहन को नियोजित करती है। इस प्रणाली को अनुसंधान केंद्र इमरत द्वारा अन्य डीआरडीओ प्रयोगशालाओं - रक्षा अनुसंधान और विकास प्रयोगशाला, उन्नत प्रणाली प्रयोगशाला, आयुध अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान, उच्च ऊर्जा सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला, रक्षा धातुकर्म अनुसंधान प्रयोगशाला, टर्मिनल बैलिस्टिक अनुसंधान प्रयोगशाला, अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान (इंजीनियर) और आईटीआर आदि के सहयोग से विकसित किया गया है। इसके उद्योग भागीदार 'भारत डायनेमिक्स लिमिटेड' और 'भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड' और कई अन्य उद्योग और एमएसएमई हैं।

# नीतीश मंत्रिमंडल की बैठक में पत्रकार पेंशन योजना में बदलाव की स्वीकृति सहित 41 प्रस्तावों पर लगी मुहर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को संपन्न मंत्रिमंडल की बैठक में राजगीर खेल अकादमी के लिए 1100 (ग्यारह सौ ) करोड़ रुपये की मंजूरी और पत्रकार पेंशन योजना में बदलाव को स्वीकृति सहित कुल 41 प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई है।

नीतीश कुमार मंत्रिमंडल की मंगलवार को हुई बैठक में सबसे बड़ी घोषणा पत्रकारों की पेंशन योजना को लेकर रही। मुख्यमंत्री द्वारा कुछ दिनों पहले ही पात्र पत्रकारो की पेंशन को 6000 रुपये से बढ़ाकर 15,000 रुपये करने की घोषणा की गई थी, जिसे अब कैबिनेट ने औपचारिक मंजूरी दे दी है। सरकार की के इस फैसले से राज्य के वरिष्ठ पत्रकारों को बड़ी राहत मिलने वाली है। इसके साथ ही राजगीर में खेल अकादमी की स्थापना के लिए 1100 (ग्यारह सौ ) करोड़ रुपये की भारी-भरकम राशि स्वीकृत की गई है, जिससे राज्य के खेल क्षेत्र को नया आयाम मिलेगा। कैबिनेट की बैठक में पर्यटन विभाग की ओर से सीतामढ़ी जिला में पुनौरा धाम मंदिर के पास पर्यटकीय विकास एवं आधारभूत संरचनाओं के निर्माण के लिए 50.50 एकड़ भूमि अधिग्रहित करने के लिए 120 करोड़ 58 लाख 67,175 रुपये की राशि को संशोधित करते हुए, 50 एकड़ भूमि अधिग्रहित के नामित राशि 165 करोड़ 57 लाख 16 हजार 104 रुपये किया गया। पटना से एम्स एनएच-98 से दीघा रेल सह सड़क पुल से अशोक राजपथ के अतिरिक्त कनेक्टिविटी के लिए 1,368 करोड़ 46 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। बिहार राज्य युवा आयोग में 6 नए पदों को भी स्वीकृति दी गई है, जो युवाओं की आवाज को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मुंगेर के प्रसिद्ध सीताकुंड मेले को राष्ट्रीय मेले का दर्जा दिया गया है। इसके अलावा छह डॉक्टरों को उनके कार्य से मुक्त कर दिया गया है, जो स्वास्थ्य विभाग में बदलाव की ओर इशारा करता है। बैठक में कन्या उद्योग योजना से जुड़े प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में अहम कदम है। बच्चों और माताओं के पोषण को ध्यान में रखते हुए आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 योजना को भी हरी झंडी मिली है, जिसके लिए 115 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

# सरकारी योजना के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाले दो आरोपित गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने राष्ट्रीय ग्रामीण साक्षरता मिशन (आरजीएसएम) के नाम पर फर्जी टेंडर देकर व्यापारियों और विक्रेताओं से करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान करुणाकर उर्फ रत्नाकर उपाध्याय और अनिता उपाध्याय के रूप में हुई है। आरोपितों ने फर्जी संस्था आरजीएसएम के नाम पर सरकारी योजना का हवाला देकर स्कूल की वर्दी, बैग और मेडिकल किट की आपूर्ति के बहाने लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी की। आर्थिक अपराध शाखा की डीसीपी अमरूथा गुगुलोथ के अनुसार आर्थिक अपराध शाखा में कैप्टन शिवेंद्र सिंह बक्शी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज हुआ था। उन्होंने शिकायत में बताया कि आरोपित अनिता उपाध्याय और अन्य ने उन्हें आरजीएसएम के तहत वेंडर रजिस्ट्रेशन और सरकारी टेंडर मिलने का झांसा दिया। स्कूल ड्रेस की आपूर्ति करवाई गई, लेकिन भुगतान नहीं किया गया। उल्टे, टेंडर आवंटन के नाम पर शिकायतकर्ता से करीब दो करोड़ रुपये की राशि वसूल ली गई। आर्थिक अपराध शाखा को अब तक ऐसे तीन और व्यापारी मिले, जिन्होंने इसी प्रकार की ठगी की शिकायत की। डीसीपी के अनुसार मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की गई। छानबीन में सामने आया कि रत्नाकर उपाध्याय ने आरजीएसएमके नाम से फर्जी वेबसाइट बनाई और अनिता उपाध्याय ने एक बैंक खाता खोला। शिकायतकर्ता से पैसे इस खाते में ट्रांसफर कराए गए। बैंक रिकॉर्ड से पता चला है कि 3.5 करोड़ रुपये की राशि फर्जी ट्रस्ट के खाते से निकालकर व्यक्तिगत उपयोग में लाई गई। अनिता उपाध्याय, जो इस कथित ट्रस्ट की मुखिया थी। उसे भी बड़ी राशि खाते से लाभ के रूप में मिली है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दोनों आरोपितों को दो अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार किया गया। डीसीपी के अनुसार जांच में पता चला है कि पकड़ा गया रत्नाकर उपाध्याय (40) पहले से उप्र और छत्तीसगढ़ में कई आपराधिक मामलों में शामिल है। दिल्ली के पहाड़गंज थाने में बलात्कार के मामले में भी वह आरोपित है। वहीं अनिता उपाध्याय (35) फर्जी ट्रस्ट आरजीएसएम की मुखिया, छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा भी पूर्व में इसी तरह के मामले में गिरफ्तार हुई है। डीसीपी ने लोगों से अपील की है कि किसी भी सरकारी योजना, टेंडर या निवेश से पहले संबंधित विभाग की अधिकृत वेबसाइट या कार्यालय से पुष्टि करें। नकद भुगतान से बचें और बैंकिंग माध्यम से भुगतान करें। इसके साथ ही रसीद अवश्य लें। किसी योजना की सच्चाई जानने के लिए सरकारी कार्यालय जाकर जानकारी लें और किसी भी लालच में न आएं।

## संक्षिप्त समाचार

### अकाली नेता मजीठिया को पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत

**चंडीगढ़।** आय से अधिक संपत्ति के मामले में जेल में बंद अकाली नेता बिक्रमजीत सिंह मजीठिया को पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट से राहत नहीं मिल सकी है। मंगलवार को मजीठिया की याचिका पर सुनवाई के दौरान उनके वकीलों ने याचिका में संशोधन के लिए कोर्ट से चार हफ्ते का समय मांगा, जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया। अब इस मामले की अगली सुनवाई 26 अगस्त को होगी। मजीठिया को विजिलेंस ब्यूरो ने 25 जून को अमृतसर से गिरफ्तार किया था। उन पर आरोप है कि उन्होंने अपनी आय से अधिक संपत्ति जुटाई है। इससे पहले 2021 में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में मजीठिया पर एनडीपीएस एक्ट के तहत भी केस दर्ज हुआ था, जिसमें अब तक पूर्व डीजीपी सिद्धार्थ चटोपाध्याय और ईडी के पूर्व डिप्टी डायरेक्टर समेत छह लोगों के बयान दर्ज हो चुके हैं।

### दीवार गिरने से दो की मौत, दो घायल

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के सिविल लाइन इलाके में मंगलवार सुबह से हो रही बारिश के दौरान एक 15 फुट की दीवार गिर गयी। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गयी जबकि दो लोग घायल हो गए। स्थानीय पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान मीरा (40) और बेटा गनपत (17) के रूप में हुई है। वहीं घायलों की पहचान दशरथ (19) और नन्हे (35) के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस के अलावा दमकल विभाग, डीडीएमए और एनडीआरएफ का दस्ता मौके पर पहुंचा। क्राइम टीम और एफएसएल को भी मौके पर बुला लिया गया। फिलहाल सिविल लाइन पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।दमकल विभाग के अनुसार मंगलवार सुबह करीब 9.53 बजे सूचना मिली कि प्लॉट नंबर एक सिविल लाइन के पास एक दीवार गिर गयी है। खबर मिलते ही तीन दमकल की गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दमकल अधिकारी के अनुसार घटनास्थल पर पहुंचने पर पता चला कि एक 15फुट ऊंची दीवार गिरी है। घटना में चार लोग मलबे में दबे हैं। दमकल कर्मियों ने मलबे को हटाकर चारों को बाहर निकाल कर नजदीकी अस्पतालमें भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने मां-बेटों को मृत घोषित कर दिया।

### नवादा में दोस्त ने बुलाकर किया अपहरण, फिरौती की मांग

**नवादा।** जिले के नगर थाना क्षेत्र से एक चौंकाने वाली अपहरण की घटना सामने आई है। जिसने दोस्ती के रिश्ते को शर्मसार कर दिया है। मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव निवासी मो शोएब अंसारी ने मंगलवार को नगर थाना में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उनके दामाद मो चांद अंसारी का अपहरण उनके ही एक भरोसेमंद दोस्त दीपक कुमार ने कर लिया। आरोपी दीपक कुमार मूल रूप से मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के ओरैना गांव का रहने वाला है और प्रसाद बिगहा में खैनी की दुकान चलाता है। दीपक ने चांद को झांसे में लेकर समस्तीपुर बुलाया, जहां उसका अपहरण कर लिया गया।इसके बाद चांद के परिजनों से 2 लाख 70 हजार रुपये की फिरौती की मांग की गई। धमकी भी दी गई कि रकम नहीं मिलने पर चांद की रिहाई नहीं होगी। घटना से घबराए परिजनों ने नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस तकनीकी साक्ष्य और मोबाइल लोकेशन के आधार पर आरोपी की तलाश में छापेमारी कर रही है। यह मामला न सिर्फ नवादा बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए चेतावनी है कि लालच और अपराध का अंधकार अब रिश्तों की पवित्रता को भी निगल रहा है। फिलहाल पुलिस चांद अंसारी की सकुशल बरामदगी और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए जुटी हुई है।

### पटवन के दौरान करंट लगने से किसान की मौत

**नवादा।** जिले में रजौली प्रखंड के रजौली पूर्वी पंचायत अंतर्गत पचम्बा गांव में मंगलवार को खेत में पटवन के दौरान करंट लगने से 45 वर्षीय किसान देवचंद प्रसाद की मौत हो गई। अचानक हुई इस घटना से गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया और मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि देवचंद प्रसाद प्रतिदिन की तरह खेत में धान की रोपाई के लिए पटवन कर रहे थे। इसी दौरान अचानक बिजली के करंट की चपेट में आ गए। ग्रामीणों ने आनन-फानन में उन्हें रजौली अनुमंडल अस्पताल लाया, जहां डॉ. दिलीप कुमार ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि हादसा कैसे हुआ, यह स्पष्ट नहीं हो पाया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग बड़ी संख्या में अस्पताल और मृतक के घर पहुंच गए।घटना की सूचना पर रजौली पुलिस अनुमंडलीय अस्पताल पहुँची और आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया।

### संदिग्ध हालात में युवक का शव बरामद, छानबीन में जुटी पुलिस

**भागलपुर।** जिले के बबरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत हुसैनाबाद कोवाली मैदान में मंगलवार को उस समय अफरातफरी मच गई जब एक युवक का शव संदिग्ध हालत में बरामद हुआ। मृतक की पहचान छोटू कुरैशी के रूप में हुई है। युवक के शरीर पर कई जगह जख्म के निशान पाए गए हैं। जिससे घटना को लेकर हत्या की आशंका जताई जा रही है। उधर घटना की सूचना मिलते ही बबरगंज थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे इलाके को घेरते हुए फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया। शव मिलने की खबर से मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए और तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। सिटी डीएसपी टू राकेश कुमार ने बताया कि शव की पहचान हो चुकी है और हत्या अथवा अन्य कोणों से भी जांच की जा रही है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा। पुलिस द्वारा आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और परिजन से पूछताछ भी की जा रही है।

### भाई वीरेन्द्र के एससी-एसटी समाज के व्यक्ति को धमकी देने पर कार्रवाई करे राजद : तेज प्रताप यादव

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से निष्कासित पूर्व स्वास्थ्य मंत्री तेजप्रताप यादव ने राजद विधायक भाई वीरेंद्र की ओर से अनुसूचित जाति-जनजाति (एससी/एसटी) समाज के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी और धमकी को लेकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। तेजप्रताप यादव ने अपने एक्स अकाउंट पर मंगलवार सुबह एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा ''क्या राजद अपने विधायक भाई वीरेंद्र पर भी कार्रवाई करेगी, जिन्होंने बाबा साहेब आंबेडकर के आदर्शों के उलट एससी-एसटी समाज के खिलाफ शर्मनाक टिप्पणी की, जान से मारने की धमकी दी?

## ईश्वर चंद्र विद्यासागर की पुण्यतिथि पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अर्पित की श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को शिक्षाविद एवं चिंतक ईश्वर चंद्र विद्यासागर की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि उनके विचार आज भी हम सभी को बेहतर समाज निर्माण हेतु प्रेरित करते हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि महान समाज सुधारक, शिक्षाविद और चिंतक ईश्वर चंद्र विद्यासागर की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। रेखा गुप्ता ने कहा कि उनकी दूरदर्शिता, शिक्षा के प्रति समर्पण और सामाजिक सुधारों ने भारत को एक नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि विद्यासागर ने महिला शिक्षा को बढ़ावा देने और समाज में व्याप्त अंधविश्वास के खिलाफ सशक्त आवाज उठाई। उनका जीवन एक प्रेरणा है जो हमें यह सिखाता है कि परिवर्तन शिक्षा और सामाजिक जागरूकता से ही संभव है। उल्लेखनीय है कि ईश्वर चंद विद्यासागर का जन्म 26 सितंबर 1820 को बिरसिंघा गांव (वर्तमान में मेदिनीपुर जिला, पश्चिम बंगाल) में हुआ था।

# रेलवे की नोटिस के विरोध में सब्जी बाजार विक्रेता संघ ने बेमियादी हड़ताल किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सहरसा। शहर में विगत 70 वर्षों से रेलवे की जमीन पर सब्जी बाजार शंकर चौक से स्टेशन परिसर तक सभी व्यवसायी थोक एवं खुदरा सब्जी का क्रय विक्रय कर रहे है लेकिन विगत एक सप्ताह पूर्व रेलवे द्वारा सभी दुकानदारों को जगह खाली करने की नोटिस जारी किया गया है।इस तुगलकी फरमान के विरोध में सब्जी विक्रेता संघ ने मंगलवार से बेमियादी हड़ताल कर सभी दुकानें बंद रखी।साथ ही एकजुट होकर प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी व प्रदर्शन किया।साथ ही सब्जी को फेंककर विरोध जताया।जिसके कारण सब्जी मार्केट काफी सुनसान रहा।वही सब्जी उपभोक्ताओं को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सब्जी विक्रेता संघ के अनिल सिंह ने बताया कि विगत 70 वर्षों से हमारे बाप दादा सहित तीन पीढियों से हम लोग यहां व्यवसाय कर रहे हैं लेकिन 7 दिनों के अंदर खाली करने का अल्टीमेट देना हम लोगों के पेट पर लात मारने के बराबर है।ऐसे में हमलोग सड़क पर आ गये है।परिवार बाल बच्चें का भरण पोषण कैसे होगा। उन्होंने कहा कि बिहार के सभी जिले में जिला प्रशासन द्वारा सब्जी विक्रेताओं के लिए अच्छी जगह की व्यवस्था की गई है। जिसके कारण शहर व्यवस्थित एवं साफ सुथरा भी रहता है। लेकिन सहरसा सब्जी मंडी को बसाने के बदले इसे उजाड़ा जा रहा है।उन्होंने कहा कि हम लोगों का बिना वैकल्पिक व्यवस्था किए हुए जगह खाली करने का अल्टीमेटम देना तुगलकी फरमान है। उन्होंने कहा कि हम लोग जिला अधिकारी के पास भी इस समस्या को लेकर आवेदन दिया।लेकिन जिलाधिकारी द्वारा नगर निगम से इस मुद्दे

## पंजाब में 31 जुलाई को उधम सिंह के शहीदी दिवस पर अवकाश का ऐलान

चंडीगढ़। पंजाब सरकार ने 31 जुलाई को शहीद उधम सिंह के शहीदी दिवस पर प्रदेश में राजपत्रित अवकाश की घोषणा कर दी है। इस दिन पूरे राज्य में सरकारी दफ्तर, स्कूल और कॉलेज बंद रहेंगे। मंगलवार को सरकार ने इस संबंध में अधिकारिक अधिसूचना जारी की है। पंजाब के कैबिनेट मंत्री और आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने चंडीगढ़ में बताया कि गुरुवार को मुख्यमंत्री भगवंत मान और पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल मिलकर इस रोड का नामकरण करेंगे। साथ ही भवानीगढ़-सुनाम रोड का नाम अब शहीद उधम सिंह मार्ग रखा जाएगा। अमन अरोड़ा ने कहा कि शहीद उधम सिंह का देश की आजादी में अहम योगदान रहा है। उनकी इस कुर्बानी का पूरा देश ऋणी है, जिसे कभी चुकाया नहीं जा सकता। ऊधम सिंह का जन्म सुनाम में हुआ था। ऐसे में कंबोज समाज की यह लंबे समय से मांग थी कि उनके शहादत दिवस पर केवल सुनाम में नहीं, बल्कि पूरे पंजाब में अवकाश घोषित किया जाए, क्योंकि उस दिन पूरे राज्य में कई कैंप और समारोह आयोजित किए जाते हैं।

## अमृतसर में पांच अवैध पिस्तौल समेत हथियार तस्कर काबू




कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने सीमा पार से होने वाली हथियार तस्करी मॉडयूल का भंडाफोड़ करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार करके पांच पिस्तौल बरामद की हैं। डीजीपी गौरव यादव ने मंगलवार को बताया कि काउंटर इंटेलिजेंस अमृतसर की टीम ने एक इंटेलिजेंस आधारित ऑपरेशन के तहत इस क्रॉस-बॉर्डर आम्र्स स्मगलिंग मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। डीजीपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित ने भारत-पाक सीमा के पास से हथियारों की यह खेप उठाई थी और इन्हें आगे आपराधिक तत्वों को सौंपने के लिए रवाना हुआ था, लेकिन पुलिस ने समय रहते उसे धर दबोचा। वह पाकिस्तान में बैठे तस्कर के निर्देशों पर काम कर रहा था। पुलिस टीम ने आरोपी के कब्जे से कुल 5 पिस्टल बरामद किए हैं। उसके खिलाफ मामला दर्ज करके अगली कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# महज दो घंटे के प्रदर्शन के बाद कंपनी प्रबंधन झुका, मजदूरों की मांगें होंगी पूरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




हरिद्वार। अपनी मांगों को लेकर मजदूरों के धरना-प्रदर्शन के आगे रूड़की क्षेत्र स्थित एक निजी कंपनी प्रबंधन को झुकना पड़ा।कंपनी ने अपने 100 से अधिक मजदूरों के लिए न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के तहत वेतन देने के लिए मंगलवार को राजीनामा किया। रूड़की क्षेत्र स्थित एक निजी कंपनी के मजदूर अपनी मांगों को लेकर पीपल्स सोशल एक्शन के बैनर तले पीपल्स यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर ललित कुमार के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन कर रहे थे। इस संबंध में फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर ललित कुमार ने बताया कि प्रदर्शन के महज दो घंटे में ही कंपनी प्रबंधन को मजदूरों की मांगों के आगे झुकना पड़ा। कंपनी ने समझौता कर मजदूरों का मासिक 11500 रुपये हर माह की 7 तारीख को देने पर सहमति जताई। इसके अलावा विगत वर्षों में निर्धारित वेतन से नीचे वेतन कटौती की मोटी रकम मजदूरों को वापस करने और मजदूरों को ईपीएफ व ईएसआई की सुविधाएं देने की मांग स्वीकार कर ली है। इंजीनियर कुमार ने कहाकि यह मजदूरों की एकता और पीपल्स सोशल एक्शन की ताकत का परिणाम है। हम तब तक लड़ते रहेंगे, जब तक हर मजदूर को उसका पूरा हक नहीं मिल जाता। बहुजन समाज पार्टी के पूर्व जिला प्रभारी कपिल छाबड़ा के मार्गदर्शन में मजदूरों के हक की लड़ाई सफल हो गई है। धरने में मूलनिवासी विद्यार्थी संघ के राष्ट्रीय संगठन सचिव इंजीनियर अनुज गौतम, पीपल्स यूथ फ्रंट के राज्य महासचिव देवराज सिंह, किसान यूनियन के नेता अनिल कुमार, युवा नेता आकाश कुमार, शेखर, रवि कुमार सहित सैकड़ों मजदूर शामिल रहे। सभी ने एकजुट होकर मजदूरों के अधिकारों के लिए आवाज बुलंद की।

# बेटी के यौन शोषण में फंसी भाजपा नेत्री को पुलिस ने कस्टडी रिमांड पर लिया, कई सफ़ेदपोशों को उड़ी नींद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। अपनी ही नाबालिग बेटी का यौन शोषण कराने के आरोप में जेल में बंद पूर्व भाजपा नेत्री और उसके प्रेमी बताए जा रहे सुमित को पुलिस ने रोशनाबाद जिला जेल से कस्टडी में ले लिया है। एसआईटी की निगरानी में दोनों आरोपितों को मथुरा और आगरा ले जाकर पुलिस कुछ अहम साक्ष्य और दस्तावेज जुटा सकती है। भाजपा नेत्री के पुलिस कस्टडी में लेने से कई सफ़ेदपोशों की नींद उड़ गई। दरअसल, कोर्ट ने दोनों की तीन दिन की पुलिस कस्टडी की अनुमति दी थी। पुलिस ने जेल पहुंच कर दोनों को रिमांड पर अपनी कस्टडी में ले लिया है। कस्टडी में लेने के दौरान पुलिस ने आरोपितों को मीडिया से बात नहीं करने दी। एसआईटी की निगरानी में दोनों आरोपितों को मथुरा और आगरा ले जाकर पुलिस कुछ अहम साक्ष्य और दस्तावेज जुटा सकती है। पुलिस का दावा है कि इससे केस को और मजबूती मिलेगी। पड़ताल में सामने आया है कि घटना से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण प्रमाण आगरा और मथुरा में मौजूद हैं, जिनमें होटल में ठहरने के रिकॉर्ड, सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल लोकेशन डेटा शामिल हैं। इन्हीं तथ्यों की पुष्टि और दस्तावेजी साक्ष्य जुटाने के लिए पुलिस ने कोर्ट में रिमांड की अर्जी दाखिल की थी। उधर, अनामिका की पुलिस रिमांड मंजूर होने के बाद से कुछ नेताओं की नींद उड़ गयीं हैं। पूछताछ में यदि सच सामने आता है तो कई सफ़ेदपोश बेनकाब हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि अपनी नाबालिग बेटी को बहलाकर पूर्व भाजपा नेत्री अनामिका शर्मा और उसके प्रेमी सुमित पटवाल व एक अन्य मित्र के साथ शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर करने के आरोप में रानीपुर पुलिस ने केस दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस संबंध में अनामिका शर्मा ने अपने पति पर उन्हें फंसाने का आरोप लगाते हुए मामला प्रॉपर्टी से जुड़ा बताया।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय  कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान  स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063